
RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 4 अंक 288
फरीदाबाद, सोमवार, 29 नवंबर, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



अपने भविष्य को दें आकार
पेज - 11

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 26.01°C
न्यूनतम 14.02°C

## क्विक न्यूज

### प्रदेश में आज से शुरू होंगे अंत्योदय ग्राम उत्थान मेले

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि परिवार पहचान पत्र योजना के तहत एक लाख रुपये से कम आय वाले लगभग एक लाख 50 हजार परिवारों में उद्यमता की भावना बढ़ाने व स्वरोजगार से जोड़ने के साथ-साथ सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ देने के लिए खंड स्तर पर अंत्योदय ग्राम उत्थान मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसके प्रथम चरण में 29 नवंबर से 25 दिसंबर सुशासन दिवस तक 180 स्थानों पर मेलों में प्रदेश भर के युवाओं की इच्छानुसार व्यवसाय चयन करने का मौका दिया जायेगा। सीएम रविवार को चंडीगढ़ में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

● विस्तृत खबर पेज-08

### हर्षवंती बनीं आइएमएफ की पहली महिला अध्यक्ष

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड की जानी-मानी पर्वतारोही हर्षवंती बिष्ट देश के सबसे बड़े पर्वतारोहण संस्थान इंडियन माउंटेनियरिंग फाउंडेशन (आइएमएफ) की अध्यक्ष चुनी गई हैं। 63 साल पहले गठित आइएमएफ की अध्यक्ष बनने वाली हर्षवंती पहली महिला हैं जिन्हें 20 नवंबर को हुए चुनाव में 107 में से 60 मत मिले। 62 वर्षीय अर्जुन पुरस्कार विजेता नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि उनका प्रयास साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में अधिक से अधिक बेटियों को आगे लाने का होगा और इसके लिए योजना तैयार की जाएगी।

### पूर्व सहकारिता मंत्री के मुंशी से 11.70 लाख रुपये लूटे

**फरीदाबाद।** बीती रात अनंगपुर मोड़ के पास बाइक पर सवार होकर बैग में 11 लाख 70 हजार रुपये लेकर अनंगपुर गांव स्थित कार्यालय में आ रहे पूर्व सहकारिता मंत्री करतार भड़ाना के क्रैशर के मुंशी पर दो युवक ने झपटा मार दिया। बाइक से गिर जाने पर बदमाशों ने उनसे नकदी भरा बैग लूट लिया। जिसके बाद आरोपी अपने साथी की कार में सवार होकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

● विस्तृत खबर पेज-03

### नदिया में वाहन ट्रक से टकराया, 18 की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में शव ले जा रहा एक वाहन रविवार तड़के सड़क पर खड़े एक ट्रक से टकरा गया, जिससे शव यात्रा में शामिल 18 व्यक्तियों की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया, मृतकों में छह महिलाएं और एक बच्चा भी शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर शोक व्यक्त किया।

### मुंबई: सरकारी बस में दोनों डोज का प्रूफ दिखाना होगा

**मुंबई।** कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर आने के खतरे से जूझ रहे महाराष्ट्र ने नए वैरिएंट ओमिक्रॉन को लेकर सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। मुंबई में सोमवार से सरकारी बस सेवा में यात्रा करने के लिए कोरोना वैक्सीन की दोनों डोज लगी होने का सर्टिफिकेट पेश करना होगा। उधर, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने आम जनता को कोविड प्रतिबंधों का पालन नहीं करने पर फिर से लॉकडाउन का सामना करने के लिए तैयार रहने की चेतावनी दी है।

### जियो ने भी बढ़ाए प्लान्स के दाम, एक से होंगे लागू

नई दिल्ली। एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया के बाद देश की सबसे बड़ी टेलीकॉम कंपनी रिलायंस जियो ने भी अपने टैरिफ प्लान की कीमतें बढ़ाने का फैसला किया है। रविवार को जारी एक बयान में कंपनी ने बताया कि नई कीमतें एक दिसंबर से लागू हो जाएंगी। हालांकि, जियो ने दावा किया है कि इस बढ़ोतरी के बाद भी उसके प्लान्स की कीमतें इंडस्ट्री में सबसे कम रहेंगी।

# आजादी के 75 वर्ष बाद भी जातिवाद नहीं हुआ खत्म: सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**ऑनर** किलिंग पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त नाराजगी प्रकट करते हुए कहा है कि जातिवाद से प्रेरित यह हिंसा साबित करती है कि आजादी के 75 साल बाद भी देश से जातिवाद का खात्मा नहीं हुआ है। इस तल्ख टिप्पणी के साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने नागरिक समाज से कहा कि यह उचित समय है जब वह अपनी प्रतिक्रिया दे और जातिवाद के नाम पर होने वाली इस भयानक हिंसा को पूरी ताकत के साथ नामंजूर करे। शीर्ष कोर्ट ने यह टिप्पणी 1991 में यूपी में हुई ऑनर किलिंग की घटना के खिलाफ दायर कई याचिकाओं पर अपने फैसले में की। घटना में एक महिला समेत तीन लोग मारे गए थे।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, इससे पहले भी वह सरकारों को ऑनर किलिंग को रोकने के लिए कई दिशा निर्देश जारी कर चुकी है। इन दिशा-निर्देशों का पालन बगैर देरी के किया जाना चाहिए। जस्टिस एल नागेश्वर राव की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि ऐसे मामलों में मुकदमे को दागदार होने और सचाई को आहत होने से बचाना जरूरी है। इसमें गवाहों को सुरक्षा देने में सरकार की निश्चित ही अहम भूमिका है, खासकर उन संवेदनशील मामलों में, जिनमें सत्ता से जुड़े लोग शामिल हों और जिन्हें राजनीतिक संरक्षण प्राप्त हो। ये लोग बाहुबल व धनबल का इस्तेमाल गवाहों के खिलाफ कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जाति-आधारित प्रथाओं द्वारा कायम कट्टरता आज भी चलन में है। यह संविधान में सभी नागरिकों के लिए समानता के उद्देश्य को बाधित करती है। पीठ ने अपने फैसले में कहा कि जाति आधारित सामाजिक नियमों को तोड़ने पर दो युवकों और एक महिला के साथ 12 घंटे तक मारपीट की गई और बाद में उनकी मौत हो गई। देश में जाति आधारित हिंसा के ये मामले बताते हैं कि आजादी के 75 साल बाद भी जातिवाद का खात्मा नहीं हुआ है। पीठ में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस बीआर गवई भी शामिल थे।



### हाईकोर्ट का फैसला कायम, तीन को राहत

शीर्ष कोर्ट ने इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला कायम रखा। हालांकि जिन 23 लोगों को हाईकोर्ट ने दोषी मानते हुए सजा सुनाई थी, उनमें से तीन को दोषमुक्त करार दिया। इन तीनों की पहचान स्पष्ट नहीं थी, इसलिए उन्हें राहत दी गई। 1991 में उत्तर प्रदेश में ऑनर किलिंग की यह घटना हुई थी। मामले में निचली कोर्ट ने नवंबर 2011 में 35 आरोपियों को दोषी ठहराया था। बाद में हाईकोर्ट ने इनमें से दो को बरी कर दिया था, जबकि बाकी की सजा कायम रखी थी। हालांकि हाईकोर्ट ने आठ दोषियों को मृत्युदंड की सजा को अंतिम सांस तक उम्रकैद में बदल दी थी।

# त्रिपुरा निकाय चुनाव: भाजपा ने 334 में से 329 सीटें जीतीं

**एजेंसी।** अगरतला

भाजपा ने त्रिपुरा निकाय चुनाव में विपक्ष का सूपड़ा साफ कर दिया है। अगरतला म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन सहित 14 अर्बन बॉडीज में हुए चुनाव में भाजपा ने कुल 334 वार्ड्स में से 329 पर कब्जा जमा लिया।

अगरतला में तो सभी 51 सीटों पर भाजपा ने जीत हासिल की है। कुल 334 सीटों में से 222 पर 25 नवंबर को मतदान हुआ था, जिसमें 81.54 फीसदी मतदाताओं ने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। कुल 222 में से 217 सीटों पर बीजेपी ने जीत हासिल की, जबकि 112 पर उसके प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए। निकाय चुनाव के नतीजों से जहां भाजपा गदगद है, तो महज 1 सीट जीतने वाली तृणमूल कांग्रेस की भी खुशी कम नहीं है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद 'मिशन दिल्ली' के तहत ममता बनर्जी की पार्टी ने सबसे पहले त्रिपुरा में ही विस्तार का ऐलान किया था। टीएमसी को सीट महज 1 ही मिली हो, लेकिन वोट शेयर के मामले में इसने लेफ्ट को पीछे छोड़कर दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। पार्टी इसे 2023 विधानसभा चुनाव से पहले अपनी कामयाबी के तौर पर देख रही है।

### कोरोना के नए स्वरूप में 30 से ज्यादा म्यूटेशन

# ओमिक्रॉन टीकों से बचने में हो सकता है सक्षम : एम्स प्रमुख

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**कोरोना** संक्रमण के बदले हुए नए स्वरूप ओमिक्रॉन के 30 से अधिक म्यूटेशन है, जिसके चलते यह वैक्सीन को भी चकमा दे सकता है। ऐसे में इसके खिलाफ टीकों की प्रभावकारिता का गंभीर रूप से मूल्यांकन करने की आवश्यकता है। एम्स प्रमुख डॉ. रणदीप गुलेरिया ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भविष्य की कार्रवाई इस बात पर निर्भर करेगी कि इसकी संप्रेषणीयता, विषाणु और प्रतिरक्षण क्षमता पर अधिक डेटा क्या दिखाता है। इस पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। देश में इसकी उपस्थिति का अभी तक पता नहीं चला है। गुलेरिया ने अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वालों और उस क्षेत्र में जहां मामलों की संख्या में अचानक वृद्धि हुई है, दोनों के लिए बहुत सतर्क और आक्रामक निगरानी रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।

एम्स निदेशक ने एजेंसी को बताया, कोरोना वायरस के नए स्वरूप में स्पाइक प्रोटीन क्षेत्र में कथित तौर पर 30 से अधिक उत्परिवर्तन हुए हैं और इसलिए इसके प्रतिरक्षा तंत्र से बच निकलने की क्षमता विकसित करने की संभावना है। अधिकांश टीके स्पाइक प्रोटीन के खिलाफ एंटीबॉडी बनाकर काम करते हैं, इसलिए स्पाइक प्रोटीन क्षेत्र में इतने सारे परिवर्तन से कोविड-19 टीकों की प्रभावशीलता कम हो सकती है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में, भारत में प्रयुक्त होने सहित अन्य टीकों की प्रभावशीलता का गंभीर मूल्यांकन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, भविष्य की कार्रवाई इस बात पर निर्भर करेगी कि इसके प्रसार, तीव्रता और प्रतिरक्षण क्षमता से बच निकलने के सामर्थ्य पर अधिक जानकारी में क्या सामने आता है। अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सार्स-सीओवी-2 जीनोमिक कंसोर्टिया इनसाकोग कोरोना वायरस के नए स्वरूप बी.1.1.1.529 पर बारीकी से नजर रख रहा है और देश में इसकी उपस्थिति का अभी तक पता नहीं चला है।



### सभी कोविड-उपयुक्त व्यवहार का करें पालन

उन्होंने सभी से कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन करने की अपील की। साथ ही उन्होंने यात्रियों और उस क्षेत्र में जहां मामलों की संख्या में अचानक वृद्धि हुई है। दोनों के लिए बहुत सतर्क रहने और आक्रामक निगरानी रखने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि साथ ही सुनिश्चित करना होगा कि लोगों को टीके की दोनों डोज मिलें और जिन्होंने अभी तक टीका नहीं लिया है, उन्हें इसके लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इस म्यूटेंट को पहली बार 24 नवंबर को दक्षिण अफ्रीका से विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) को सूचित किया गया था। अभी तक इसे बोत्सवाना, बेल्जियम, हांगकांग और इजराइल समेत कई अन्य देशों में पाया गया है।

### अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को फिर से शुरू करने की होगी समीक्षा

दुनियाभर के लिए चिंता का कारण बन गए कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन को लेकर गृह सचिव की अध्यक्षता में रविवार को एक आपातकालीन बैठक हुई, जिसमें ओमिक्रॉन वैरिएंट से बचने के लिए सुरक्षा मानकों को बढ़ाने पर चर्चा की गई। बैठक के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक उड़ानों को फिर से शुरू करने की तारीख की समीक्षा की जाएगी। मंत्रालय ने बताया कि सरकार विदेशी से आने वाले यात्रियों की जांच और निगरानी की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) की समीक्षा भी करेगी। इसके साथ ही उन विदेशी यात्रियों पर खास तौर पर नजर रखी जाएगी जो खतरे की श्रेणी वाले देशों से आ रहे हैं। गृह मंत्रालय ने आगे कहा कि कोरोना के वैरिएंट के लिए जीनोमिक सर्विलांस को और मजबूत करने व बड़े स्तर पर आयोजित करने की जरूरत है।

### दो दिन के अंदर ही दोगुने देशों में पाया गया कोरोना का यह वैरिएंट

कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट ने वैज्ञानिकों के डर को बढ़ाना जारी भी रखा है। क्योंकि, जहां पहली बार दक्षिण अफ्रीका ने 24 नवंबर को इस वैरिएंट का खुलासा किया था, वहीं 26 नवंबर आते-आते ओमिक्रॉन 5 देशों तक फैल चुका था। अब 28 नवंबर तक ओमिक्रॉन के केस कम से कम 11 देशों में मिल चुके हैं। कुछ विशेषज्ञों का तो यहां तक मानना है कि ओमिक्रॉन वैरिएंट इन देशों के अलावा एक दर्जन और देशों में फैल चुका है और इसके केस धीरे-धीरे सामने आएंगे। यानी ओमिक्रॉन वैरिएंट का कहर जल्द ही और देशों में भी देखने को मिल सकता है।

**नीदरलैंड में 13 लोगों में मिला ओमिक्रॉन:** नीदरलैंड्स में शुक्रवार को 61 लोगों को पॉजिटिव पाया गया था। रविवार को पता लगा कि इनमें से 13 लोगों में ओमिक्रॉन वैरिएंट पाया गया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, खतरे की बात यह भी है कि ये सभी लोग साउथ अफ्रीका से एमस्टर्डम पहुंचे थे।

### इन देशों से आने वाले पर्यटकों का दिल्ली एयरपोर्ट पर होगा आरटी-पीसीआर

कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रॉन के डर से दिल्ली एयरपोर्ट पर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। ओमिक्रॉन के तीन हॉटस्पॉट क्षेत्रों दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और हांगकांग से आने वाले यात्रियों को दिल्ली एयरपोर्ट पर आरटी-पीसीआर टेस्ट कराना होगा और उसकी रिपोर्ट का इंतजार करना होगा। जिन पर्यटकों की रिपोर्ट निगेटिव आएगी सिर्फ उन्हें ही बाहर निकलने दिया जाएगा। कोविड पॉजिटिव रिपोर्ट वाले पर्यटकों को कोविड सेंटर भेजा जाएगा। खतरे वाले उन्य देशों से आने पर्यटकों का सैंपल लिया जाएगा और उन्हें मोबाइल या ईमेल पर रिजल्ट भेजा जाएगा।

### प्रदेश में कोरोना वायरस स्थिति पर नियमित रूप से निगरानी कर रहा हूं: खट्टर

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने रविवार को कहा कि वह राज्य में नियमित तौर पर कोविड-19 स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं और यहां संक्रमण के मामलों में ज्यादा वृद्धि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि कुछ देशों में कोविड-19 के नए स्वरूप ओमीक्रोन के सामने आने के मद्देनजर प्रशासन सतर्क है। ओमीक्रोन की पहचान के बाद नए दिशानिर्देश जारी करने के संबंध में पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि राज्य का महामारी अलर्ट-सुरक्षित हरियाणा पहले से ही लागू है, जिसके तहत कोविड-19 स्थिति के मद्देनजर या तो राहत दी जाती है या प्रतिबंध लगाए जाते हैं।

**कर्नाटक मेडिकल कॉलेज में संक्रमितों को आकड़ा 306 हुआ:** कर्नाटक के धारवाड़ मेडिकल कॉलेज में कोरोना पॉजिटिव स्टूडेंट्स और स्टाफ की संख्या 281 से बढ़कर 306 हो गई है। शनिवार को धारवाड़ के डीएम नितेश पाटिल ने कहा था कि अभी और सैंपल्स की रिपोर्ट आनी बाकी है। यह आंकड़ा बढ़ सकता है। उधर, ओडिशा के मयूरभंज जिले के सरकारी गर्ल्स हाई स्कूल की 25 छात्राएं कोरोना पॉजिटिव मिली हैं।

# घाटी में आतंकियों के खात्मे को विशेष रणनीति, नागरिकों के सभी हत्यारे ढेर

**एजेंसी।** नई दिल्ली/जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** में आतंकियों के खिलाफ सुरक्षाबल विशेष रणनीति के तहत ऑपरेशन चला रहे हैं। पिछले महीने आतंकी हमलों में मारे गए नागरिकों की हत्या में शामिल लगभग सभी आतंकियों का खात्मा किया जा चुका है। सुरक्षाबल खुफिया आधारित सर्जिकल ऑपरेशन के तहत काम कर रहे हैं, जिसमें आतंकी गतिविधियों से निपटने के लिए छोटी टीमें बनाई गई हैं।

सूत्रों का कहना है कि आतंकवाद से निपटने में पुलिस, खुफिया एजेंसियों और सेना के बीच बेहतर तालमेल के एक ढांचे का गठन किया गया है। इसका उद्देश्य आतंकियों के खात्मे के साथ अवाम को सुरक्षित रखना है। ऑपरेशन को सफल बनाने के लिए स्थानीय आबादी को भरोसे में रखना भी प्राथमिकता है।

पिछले तीन वर्षों में सुरक्षाबलों ने न्यूनतम क्षति सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय किए। इसी का परिणाम है कि 2018 की तुलना में तीन सालों में नागरिकों को कम क्षति पहुंची। डीजीपी दिलबाग सिंह ने गुरुवार को कहा कि हैदरपोरा मुठभेड़ की जांच से पता चलता है कि आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने में आतंकवादियों को एक नेटवर्क का समर्थन प्राप्त था।

उधर, सुरक्षाबलों को जम्मू-कश्मीर के कई हिस्सों में स्थानीय लोगों से कार्रवाई योग्य खुफिया जानकारी सहित समर्थन मिल रहा है क्योंकि उन्होंने पाकिस्तान द्वारा चलाए जा रहे झूठे प्रचार को खारिज कर दिया है। जम्मू-कश्मीर में स्थिति नियंत्रण में है। 2018 में आतंक से संबंधित 318 घटनाओं की तुलना में 2021 में केवल 121 घटनाएं दर्ज की गईं। 2019 में जहां 202 पथराव की घटनाएं हुईं, वहीं 2021 में केवल 39 मामले दर्ज किए गए।



**आतंकियों से निपटने को बनाई गई हैं छोटी टीमें**

**स्थानीय आबादी को भरोसे में रखना प्रभामिकता**

### सेना को मिले बेल्जियन मैलिनोइस नस्ल के कुत्ते

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना को शिकारी कुत्ते बेल्जियन मैलिनोइस मिल गए हैं। कुत्तों की यह नस्ल शहरी इलाकों में चलाए जा रहे ऑपरेशन के दौरान अपनी आक्रामकता और जासूसी कौशल के लिए जाने जाते हैं। सेना ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक भी वीडियो पोस्ट किया, जिसमें एक ट्रेन्ड बेल्जियन मैलिनोइस को सैनिक के आदेश पर तेजी से एक तालाब को पार करते देखा जा सकता है। सेना ने अपने ट्विवटर हैंडल पर लिखा, 'इस नस्ल को तेजी, फुर्ती, सहशीलता, काटने की क्षमता, बुद्धिमता और ट्रेनिंग ग्रहण करने की काबिलियत के लिए जाना जाता है।' रिपोर्ट्स की मानें तो सेना को बेल्जियन मैलिनोइस ट्रेनिंग के लिए पहले ही मिल गए थे। हालांकि, अभी कितनी संख्या में इस नस्ल के कुत्ते मिले हैं, इस पर जानकारी साफ नहीं की गई है।

### एनडीए की सहयोगी पार्टी ने उठाई सीएए रद्द की मांग

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र से एक दिन पहले रविवार को नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस यानी (एनडीए) के नेताओं ने संसद में बैठक की। बैठक में मेघालय की सहयोगी पार्टी नेशनल पीपुल्स पार्टी ने नागरिकता (संशोधन) कानून, 2019 (सीएए) को रद्द करने की मांग की। सीएए का शुरुआत से ही देश के कई हिस्सों में विरोध हो रहा है। यह पहली बार है कि गठबंधन की किसी पार्टी ने इसे रद्द करने की मांग की हो। नेशनल पीपुल्स पार्टी की सांसद अगाथा संगमा ने बैठक के बाद कहा कि मैंने लोगों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार से सीएए को निरस्त करने की मांग की है। भाजपा की एक और सहयोगी अन्नाद्रमुक ने केंद्र सरकार के बिल पारित करने में पार्टी का समर्थन करने का भरोसा दिया। भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार सोमवार से शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र में 26 नए बिल लाने वाली है।

# विवादित डील: ईडी ने भेजा अमेजन-फ्यूचर ग्रुप को नोटिस

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**किशोर बियानी और अमित अग्रवाल से पूछे जाएंगे सवाल**

**अमेजन** इंडिया और फ्यूचर ग्रुप के बीच हुई डील एक बार फिर संकट में पड़ गई है। सूत्रों ने रविवार को बताया कि इस विवादित डील को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अमेजन इंडिया के कंट्री हेड अमित अग्रवाल और फ्यूचर ग्रुप के हेड किशोर बियानी को नोटिस भेजा है। सूत्रों का कहना है कि ईडी की जांच फ्यूचर काउपोंस प्राइवेट लिमिटेड (एफसीपीएल) और अमेजन इंडिया के बीच हुई विवादित डील में फॉरेन एक्सचेंज मैनेजमेंट एक्ट (एफईएमए) के नियमों के उल्लंघन से जुड़ी है।

ईडी की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि दोनों ग्रुप्स के अधिकारियों को ईडी ने 6 दिसंबर को दिल्ली में पेश होने के लिए कहा है। एजेंसी के हेडक्वार्टर में होने वाली इस पेशी में दोनों कंपनियों को डील से जुड़े सभी दस्तावेज लाने का आदेश भी दिया गया है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि ईडी इस बात की जांच करेगी कि अमेजन ने 2019 में एफसीपीएल में 1431 करोड़ रुपए का निवेश कर 49 फीसद हिस्सेदारी खरीदने में एफईएमए का उल्लंघन तो नहीं किया है। सूत्रों के मुताबिक, अमेजन इंडिया ने जिस एफसीपीएल में 49 फीसद हिस्सा खरीदा है, उसकी फ्यूचर रिटेल लिमिटेड (एफआरएल) में करीब 10फीसद हिस्सेदारी है। एफआरएल ही बिग बाजार, फूड बाजार और ईजीडे जैसी बड़ी रिटेल चेन का संचालन करती है।

# यूपी टीईटी पेपर लीक होने के बाद रद्द, 26 गिरफ्तार

**एजेंसी।** लखनऊ/प्रयागराज

**यूपी** में रविवार को होने वाली टीईटी (अध्यापक पात्रता परीक्षा)-2021 का प्रश्न पत्र लीक होने की वजह से परीक्षा स्थगित कर दी गई है और पुलिस ने इस मामले में प्रश्न पत्र लीक करने वाले गिरोह के 26 सदस्यों को राज्य के विभिन्न जिलों से गिरफ्तार किया है। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पेपर लीक कराने वाले खिलाफ रासुका लगाई जाएगी।

लोकभवन में अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा दीपक कुमार और अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने रविवार को पत्रकारों को पेपर लीक होने की जानकारी दी। उन्होंने बताया, गिरफ्तार आरोपियों के पास से बरामद प्रश्न पत्र की प्रति को शासन के साथ साझा किया गया, जिसमें लीक हुई सामग्री अध्यापक पात्रता परीक्षा के वास्तविक प्रश्न पत्र से मेल खाती थी। उन्होंने बताया कि इसी कारण परीक्षा स्थगित करने और अगले एक माह में दोबारा परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसमें होने वाले खर्च का वहन राज्य सरकार करेगी। अभ्यर्थी को दोबारा फॉर्म नहीं भरना पड़ेगा।

# 'विश्वविद्यालयों को आत्मनिर्भर बनाने में पूर्व छात्रों का अहम योगदान'

## राज्यपाल दत्तात्रेय ने सीडीएलयू के पूर्व छात्र मिलन कार्यक्रम को किया संबोधित

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के राज्यपाल और चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों को आत्मनिर्भर बनाने में पूर्व छात्रों से योगदान देने के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पूर्व छात्र अपने मातृ संस्थानों को अपनाये और विश्वविद्यालय के सरकारी अनुदान को शून्य तक ले जाने का लक्ष्य निर्धारित करें।

राज्यपाल दत्तात्रेय रविवार को चौधरी देवीलाल विवि सिरसा के ऑनलाइन 'पूर्व छात्र मिलन समारोह' को संबोधित कर रहे थे। पूर्व छात्रों को शिक्षण संस्थान की पूंजी बताते हुए राज्यपाल ने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों को एक अलग एलुमनाई सेल बनाना चाहिए और पहले बैच से लेकर अब तक का डेटाबेस बनाना चाहिए।

विवि एवं पूर्व छात्रों के बीच संवाद को बढ़ावा दिया जाना समय की मांग है, ताकि पूर्व छात्रों में संस्थान के विकास में योगदान देने का भाव उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि कौशल एवं व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भर भारत का निर्माण किया जा सकता है और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति मूल्य आधारित होने के साथ-साथ विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास पर केंद्रित है। इसलिए विश्वविद्यालयों के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी विभिन्न जन कल्याणकारी कार्यों से जुडक़र राष्ट्र निर्माण सुनिश्चित कर सकते हैं।



**शिक्षण संस्थानों की पूंजी होते है पूर्व छात्र: राज्यपाल**

### छात्रों को स्थानीय मांग के आधार पर शैक्षणिक ढांचा तैयार करने में करनी होगी मदद

उन्होंने कहा कि पूर्व छात्रों को स्थानीय मांग के आधार पर शैक्षणिक ढांचा तैयार करवाने में मदद करनी होगी, ताकि सुनहरे भारत का निर्माण किया जा सके। इस अवसर पर दीनबंधु छोटू राम यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी मुरथल के कुलपति प्रोफेसर राजेंद्र कुमार अनायत ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। अपने संबोधन में कहा कि पूर्व छात्र किसी भी विवि की रीढ की हड्डी होते हैं और उनके दिखाए गए मार्ग पर चलकर उनके कनिष्ठ आगे बढ़ते हैं। इसके उपरांत विद्यार्थियों से रूबरू होते हुए विवि के कुलपति प्रोफेसर अजमेर सिंह मलिक ने विवि की अकादमिक एवं ढांचागत विकास परियोजनाओं का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

Good Morning!

# फरीदाबाद पायनियर

हरियाणा, सोमवार, 29 नवंबर, 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव • पलवल | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

**शहर का तापमान**

- अधिकतम 26.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 13.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**

- सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला आयोजित: सुबह 10 बजे
- बीके अस्पताल की ओपीडी शुरू: सुबह 9 बजे
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेश कैम्प: सुबह 10 बजे
- कोरोना जांच प्रयोगशाला में जांच शुरू: सुबह 9 बजे

## निवेश गुरु

**अजीत** मेनन कहते हैं, मेक्सिको का ही मामला लें। गरीबी के स्तर से निपटते हुए, मैक्सिकन राज्य कोआहुइला के गवर्नर ने देखा कि गंदे फर्श वाले घरों में रहने से बच्चों को डायरिया होने का खतरा अधिक होता था और मृत्यु दर अधिक होती थी। वर्ष 2000 में, उन्होंने गंदगी के फर्श को सीमेंट वाले फर्श से बदलने के लिए पीसो फिरमे ( मजबूत फर्श ) नामक कार्यक्रम लॉन्च किया। इस कार्यक्रम के तहत वर्ष 2005 तक 34,000 घरों को सीमेंट फ्लोरिंग वाले घरों में अपग्रेड किया किया गया। कोआहुइला में प्राप्त सफलता के देखते हुए मेक्सिको में 'गंदे फर्श को खत्म करो' विषय के लिए एक राष्ट्रीय नीति बनाई गई। 2012 तक, स्थापित सीमेंट फर्श की कुल संख्या 2.7 मिलियन तक पहुंच गई थी। एक स्वतंत्र सर्वेक्षण से पता चला है कि इस कार्यक्रम से पिसो फिरमे में भाग लेने वाले परिवारों के छह साल से कम उम्र के बच्चों में डायरिया में 13 फीसदी और एनीमिया में 20 फीसदी की गिरावट आई है।

## यूटीलिटी न्यूज

### शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन



**फरीदाबाद।** सेक्टर-81 स्थित मिलेनियम वर्ल्ड विद्यालय में जिलास्तर शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंडर-17 आयुवर्ग एवं अंडर-19 आयुवर्ग में लड़कियों व लड़कों के वर्ग में खिलाड़ियों का चयन किया गया। लड़कियों में अंडर-17 आयुवर्ग में राधिका, रिजक कौर, नव्या अरोडा, इशी का चयन हुआ। वहीं लड़कों में अंडर 17 आयुवर्ग में गर्व गौड, सात्विक, प्रियांश, उत्कर्ष का चयन हुआ। लड़कियों में अंडर-19 आयुवर्ग में देवयांशी, लावण्या, जान्या कौर, खुशी का चयन हुआ। वहीं लड़कों के अंडर-19 आयुवर्ग में आयुष, जलाली, कृष्णा, राजवीर सिंह, कार्तिक का चयन हुआ।

## क्विक न्यूज

### चुनाव सम्पन्न, अरविंद को मिली जिम्मेदारी

**फरीदाबाद।** सेक्टर-3 के श्री रघुनाथ मंदिर में छत्रपति शिवाजी वेलफेयर सोसायटी सेक्टर-3 के अध्यक्ष और महासचिव पद के चुनाव संपन्न हुए। समिति में निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए श्याम सुंदर अग्रवाल और निरंजन सिंह पर्यवेक्षक चुने गए। इस चुनाव प्रक्रिया में कुल 10 सदस्य उपस्थित रहे। अरविंद सिंह को अध्यक्ष चुना गया, जबकि रघुराज सिंह को महासचिव की जिम्मेदारी दी गई। समिति सदस्यों ने सर्वसम्मति से दोनों अधिकारियों के चुने जाने का प्रस्ताव पास किया। नवनियुक्त अध्यक्ष अरविंद सिंह ने कहा कि समिति के द्वारा निर्धारित सभी मापदंडों को ध्यान में रखते हुए समाज की सेवा करेंगे।

# भ्रष्टाचार : पानी के लाखों अवैध कनेक्शनों का जिम्मेदार कौन?

## निगम के संसाधनों से पानी पहुंचा रहे एफएमडी ने भेजा 11 करोड़ का बिल

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**शहर** के विकास के लिए सरकार ने हाल ही में एक नए विभाग एफएमडीए का गठन किया किया है। इस विभाग के पास अभी तक स्टाफ भी सिर्फ नाममात्र के लिए ही मौजूद हैं। एफएमडीए को रेनीवैल कुओं से पानी की सप्लाई शहर में नगर निगम के बूस्टरों पर पहुंचाने की सौंपी गई है। एफएमडीए नगर निगम के संसाधनों के सहारे ही अभी तक अपना काम कर रहा है। लेकिन इसके बावजूद एफएमडीए ने करीब छह महीने का पानी का बिल नगर निगम के पास 11 करोड़ रुपये का भेजा है। जबकि नगर निगम के पास पानी की सप्लाई के नाम पर रिकवरी नाम मात्र की है। शहर में लाखों की संख्या में पानी और सीवर के अवैध कनेक्शन चल रहे हैं। एनआईटी इलाके में सैंकड़ों की संख्या में अवैध फ्लैट बन चुके हैं। एक ही कनेक्शन से सभी मंजिला में पानी की अवैध सप्लाई की जा रही है। यहीं स्थिति शहर की वैध और अवैध कालोनियों में हैं। निगम द्वारा अवैध कनेक्शन काटने का अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में लोग कनेक्शन वैध करवाना भी चाहे तो कोई स्पष्ट नीति निर्धारित नहीं है। जिसका फायदा उठाते हुए निगम कर्मचारी तो चांदी कूट रहे हैं। लेकिन सरकार को नाम मात्र का राजस्व मिल रहा है।



पर्वतीय कालोनी स्थित नगर निगम का बूस्टर और ओवरहैड टैंक।



आईएमटी स्थित एचएसडीआइसी के भवन में मौजूद एफएमडीए कार्यालय।

### स्पष्ट नीति का अभाव

**मकानों** में पानी अथवा सीवर का कनेक्शन लेने के लिए नगर निगम के पास को स्पष्ट नीति नहीं है। नियमों के मुताबिक मकान का नक्शा पास होने के बाद पानी का कनेक्शन दिया जाता है। वहीं निर्माण के बाद मकान का कम्पलीशन सर्टीफिकेट जारी होने के बाद सीवर का कनेक्शन दिया जाता है। लेकिन निगम की विभिन्न रिहायशी कालोनियों में यह दोनों ही तरह के कनेक्शन देने के लिए किसी नियम का पालन करते हुए नहीं देखा जाता है। इसी वजह से शहर में लाखों की संख्या में पानी और सीवर के अवैध कनेक्शन चल रहे हैं। अब एफएमडीए का 11 करोड़ रुपये का बिल भरने का दबाव आने पर नगर निगम ने अवैध कनेक्शनों को काटने का अभियान चलाने की घोषणा की है। जिसके बाद लोग अपने अवैध कनेक्शनों को वैध करवाने के लिए दर दर की ठोकरें खा रहे हैं। जिसका फायदा निगम के कुछ कर्मचारी बाखूबी उठा रहे हैं। अपने फायदे के लिए यह लोग सरकार के राजस्व को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जबकि ऐसी स्थिति में नगर निगम को कनेक्शन वैध करने के लिए जगह जगह शिविर लगाने चाहिए।

### बिना संसाधनों के सेवा शुल्क

**शहर** के समुचित विकास के लिए सरकार ने नगर निगम और एचएसवीपी की मौजूदगी के बावजूद पहले स्मार्ट सिटी लिमिटेड और करीब एक साल पहले एफएमडीए के गठन किया है। जीएमडीए और स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को ही एफएमडीए की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है। एफएमडीए में काम करने के लिए कर्मचारियों की भर्ती तो अभी तक हुई नहीं है। वहीं नगर निगम और एचएसवीपी के कुछ सेवानिवृत अधिकारियों को इसमें तैनाती दी गई। एफएमडीए को करीब छह महीने पहले यमुना किनारे लगे रेनीवैल कुओं से नगर निगम के बूस्टरों में पानी पहुंचाने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। रेनीवैल और अन्य सभी संसाधन नगर निगम के ही अभी तक इस्तेमाल हो रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद एफएमडीए के अधिकारियों की पिछले दिनों नगर निगम को पानी की आपूर्ति करने के बदले में 11 करोड़ रुपये का बिल भेज दिया। जबकि नगर निगम के पास पानी की रिकवरी नाम मात्र की भी नहीं है। वहीं पूरे शहर में लगातार पानी की किल्लत भी बनी रही है। जिसे लेकर कई विवाद हो चुके हैं। ऐसे में कंगाली का रोना रोना वाला नगर निगम आखिर किस तरह से एफएमडीए का भुगतान करेगा।



ददसिया गांव में स्थित रैनीवेल का कुआं।

### जिम्मेदार पर कार्रवाई होनी चाहिए



विष्णु गोयल

**समाजसेवी** विष्णु गोयल का कहना है कि शहर में लाखों की संख्या में पानी और सीवर के अवैध कनेक्शन चल रहे हैं। जिससे सरकार को लगातार भारी राजस्व का नुकसान हो रहा है। हर रोज कहीं न कहीं अवैध कनेक्शन जोड़ते हुए आम देखा जा सकता है। अवैध कनेक्शनों को काटने के साथ उन अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए, जिनके कार्यकाल में यह कनेक्शन जोड़े गए थे। वहीं अवैध कनेक्शनों को वैध करने के लिए स्पष्ट नीति बनाने की जरूरत है।

### अवैध कनेक्शनों की भरमार

शहर में ऐसा कोई इलाका नहीं है, जहां मकानों अथवा व्यवसायिक संस्थानों में पानी और सीवर के अवैध कनेक्शन न हो। इसके लिए लोगों के साथ साथ नगर निगम के कर्मचारी भी जिम्मेदार हैं। निगम कर्मचारी अपने निजी स्वार्थ के लोगों को अवैध कनेक्शन करने की छूट दे देते हैं। शहर में प्राइवेट प्लम्बरों को कहीं भी सरकारी पाइप लाइन को काट कर अवैध कनेक्शन करते हुए आसानी से देखा जा सकता है। इस दौरान स्थानीय लोगों द्वारा पूछताछ करने पर प्लम्बर निगम के अधिकारियों से ही बात करवा देते हैं। एनआईटी इलाकों में चारों तरफ तेजी के साथ चार से छह मंजिला फ्लैट नियमों को ताक रख कर बनाए जा रहे हैं। इन मकानों में पानी के अवैध कनेक्शन ही दिये जा रहे हैं। इसी तरह शहर की वैध कालोनियों में वैध कनेक्शन से कई गुणा ज्यादा पानी के अवैध कनेक्शन चल रहे हैं। जिले भर में कृषि भूमि अथवा अन्य जमीनों पर कालोनियां काटी जा रही है। जहां निगम कर्मचारियों की शह पर पानी के अवैध कनेक्शन भी सरेआम जोड़े जा रहे हैं। ऐसे में निगम के लिए एफएमडीए का बिल भरना चुनौती से कम नहीं है।

# साईधाम में रोटरी क्लब के सदस्यों का सम्मान

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**फरीदाबाद** एवं पलवल क्षेत्र में सेवारत सभी रोटरी क्लबों के रोटरी वर्ष 2022-23 के चुने हुए प्रधानों एवं समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित डिस्ट्रिक्ट गवर्नर इलेक्ट रोटेरियन अशोक कंटूर के नेतृत्व वाली टीम के सदस्यों का सम्मान समारोह सेक्टर 86 स्थित साई धाम में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन साई धाम के संस्थापक डॉ. मोतीलाल गुप्ता द्वारा आयोजित किया गया था। पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विनय भाटिया ने बतौर सम्माननीय अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की। डिस्ट्रिक्ट की आगामी वर्ष की प्रथम महिला अलका कंटूर ने भी कार्यक्रम की शोभा बधाई। वर्ष 2022-23 में क्षेत्र की सभी जोनों के असिस्टेन्ट गवर्नर एवं प्रधानों का विधिवत सम्मान किया गया। इस अवसर पर शिरडी साई बाबा स्कूल के बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य एवं भाषण आदि की बेहतरीन प्रस्तुति भी दी गयी। सभी अतिथियों को साई धाम द्वारा चलाये जा रहे नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करने वाले स्कूल, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र, कम्प्यूटर शिक्षा, सेनेटरी नेपकिन संयंत्र तथा सामूहिक विवाह आदि के प्रकल्पों को दर्शाता वीडियो भी दिखाया गया जिसकी सभी ने प्रशंसा की। डॉ मोतीलाल गुप्ता ने रोटरी संगठन की प्रशंसा करते हुए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अशोक कंटूर के माध्यम से सभी प्रधानों से आह्वाहन किया कि वे साई धाम में मानव सेवा कार्यों में सहभागी बनें। अशोक कंटूर द्वारा डॉ.मोतीलाल गुप्ता के कार्यों की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए स्वयं और अपनी टीम की तरफ से सम्मानित किए जाने पर आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम का संचालन रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद संस्कृति में ट्रेनर एवं पूर्व प्रधान रोटेरियन संदीप सिंघल ने किया। सम्मानित होने वालों में अमित व कनिका जुनेजा, जेपी मल्होत्रा, प्रेम पसरीचा, कुलदीप सिंह, अमरजीत नारंग, प्रियंका मदान आदि थे।



तिगांव रोड सिथत साई धाम मंदिर में रोटरी क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम का दीप जला कर शुभारंभ करते अथिति।

# एकोर्ड-11 ने जीता तीन विकेट से मैच

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**स्लेजहैमर** क्रिकेट अकादमी के ग्राउंड में चौथा स्लेजहैमर मिक्स कारपोरेट टूर्नामेंट 2021 (लीग मैच) खेला गया। जिसमें 20-20 ओवर का मैच सर्वो 11 और एकोर्ड हॉस्पीटल डीवाई 11 के बीच मैच हुआ।

सर्वो 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जिसमें 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 103 रन बनाए। जिसमें विक्रांत कुमार ने 37 गेंदों पर 27 रन, निमित अग्रवाल ने 18 गेंदों में 21 रन, प्रमोद मीणा ने 10 गेंदों पर 13 रन और पंकज वर्मा ने 24 गेंदों पर 13 रन बनाए। एकोर्ड हॉस्पीटल डीआई 11 के गेंदबाज अश्वनी कन्नौजिया और अरुण कनौज ने दो-दो विकेट लिए। आकाश और जितेश शर्मा ने एक-एक विकेट लिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए एकोर्ड हॉस्पीटल डीवाई 11 ने 17.2 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 104 रन बनाते हुए तीन विकेट से यह मैच जीत लिया। जिसमें विवेक कौशिक ने 10 गेंदों पर 19 रन, अरूनेश ने 18 गेंदों पर 16 रन, यशपाल यादव आईएएस ने 13 गेंदों पर 12 रन, डॉ. युवराज ने 36 गेंदों पर 10 रन बनाए। सर्वो 11 की टीम के गेंदबाज पंकज वर्मा ने 3 विकेट लिए। वहीं विक्रांत, डॉ. वाईएस रेड्डी और अशोक कुमार ने एक-एक विकेट लिया। प्लेयर आफ द मैच का खिताब अश्वनी कनौजिया को दिया गया और बेस्ट बेट्समैन का खिताब विक्रांत कुमार को दिया गया। वहीं बेस्ट गेंदबाज का खिताब पंकज वर्मा को दिया गया।




मैन आफ द मैच का खिताब खिलाड़ी अश्वनी को देते विजय यादव और डॉ. युवराज।

# पुलिसकर्मियों ने वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सड़क** दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा द्वारा की गई नई पहल के तहत आज एसीपी ट्रैफिक पृथ्वी सिंह के नेतृत्व में करीब 200 वाहनों के रिफ्लेक्टर लगाए गए।

पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने शनिवार को ही एक बैठक आयोजित करके सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नई रूपरेखा तैयार की थी जिसके तहत डीसीपी वे एसीपी सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए दुर्घटना के कारणों की रिपोर्ट तैयार करके दुर्घटनाक्षेत्र में टकराव के कारणों को दूर करेंगे। धुंध के समय में दृश्यता कम हो जाती है इसलिए वाहन चालक को अपने आगे या पीछे चलने वाली गाड़ियां कम दिखाई पड़ती हैं। अचानक ब्रेक लगाने की वजह से टकराव के स्थिति उत्पन्न हो जाती है जिसे ध्यान में रखते हुए आज एसीपी, एसएचओ व एडिशनल एसएचओ ट्रैफिक द्वारा सेक्टर 58 ऑटो मार्केट व बाटा चौक पर करीब 200 वाहनों के रिफ्लेक्टर लगाए गए। यह रिफ्लेक्टर काफी चमकीले होते हैं और धुंध के अंदर भी यह दूर से दिखाई दे जाते हैं जिससे वाहन चालकों को अपने आगे पीछे चलने वाली गाड़ियों की दूरी का अंदाजा हो जाता है और किसी आकस्मिक स्थिति में ब्रेक लगाने पर वाहन चालक रिफ्लेक्टर की वजह से गाड़ी को दूर से ही देखकर संभल सकता है। इसकी वजह से दुर्घटना से बचाव करने में सहायता मिलती है। फरीदाबाद पुलिस द्वारा समय-समय पर नागरिकों को दुर्घटनाओं से बचाने के लिए जागरूक किया जाता रहा है और भविष्य में भी नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जाएगा।



ट्रक पर रिफ्लेक्टर लगाते पुलिसकर्मी।

# कामगार ई- श्रम पोर्टल पर पंजीकरण करवाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**केंद्रीय** उर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि असंगठित मजदूर कामगारों के लिए ई श्रम कार्ड बनाने का अभियान सरकार द्वारा चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी श्रमिक व कामगार ई शर्म कार्ड बनवाने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करवाएं।

केंद्रीय राज्य मंत्री श्रमिकों के पंजीकरण के लिए शेतपुर पल्ला फरीदाबाद में लगाए गए शिविर में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उप श्रम आयुक्त दिनेश कुमार, सहायक श्रम आयुक्त राजवीर सिंह व श्रम निरक्षक कपिल सहित जिला के विभिन्न स्थानों पर श्रमिकों का पंजीकरण किया गया। इस मौके पर वार्ड नंबर 23 के पार्षद ओमप्रकाश रैक्सवाल मौजूद रहे। इस शिविर में लगभग 315 श्रमिकों का पंजीकरण किया गया।

उन्होंने कहा कि सभी मजदूर और कामगार सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए पंजीकरण जरूर करवाएं। किसी भी सीएससी सेंटर में फ्री श्रम कार्ड बनाए जा रहे हैं। कोई भी 16 से 59 वर्ष के बीच का कामगार आधार कार्ड, बैंक पास बुक और मोबाइल नम्बर से अपना पंजीकरण करा सकता है। श्रम निरक्षक कपिल ने बताया कि ई श्रम कार्डधारक को दुर्घटना बीमा करवरेज, सामाजिक सुरक्षा लाभ सहित महामारी के दौरान सरकारी मदद मिल सकेगी। दुर्घटना से मौत होने व विकलांग होने पर दो लाख रूपए, आंशिक रूप से विकलांग होने पर एक लाख रुपये की अनुदान राशि भी श्रमकार्डधारक को प्राप्त होगी। रेहड़ी वाले, खेतीहर मजदूर, चिनाई, मजदूर, बेलदार, बढई, आशा वर्कर, दूधिया, बिजली मिस्त्री, घरेलू कामगार, ऑटो चालक और मनरेगा वर्कर आदि योजना का लाभ लें।



शेतपुर पल्ला में आयोजित शिविर में ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण कर के श्रमिक को कार्ड सौंपते केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर।

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट बल्लभगढ़ 9811477204
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

## नज़रिया



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

**रहे सब पर कृपा सँसार में हर पल विधाता की**
**रहे हर पेट को हाँसिल उपज अब धरती-माता की**
**अँधेरा दूर हो मज़दूर के झोपड़ से आख़िर अब**
**सवेरा हो नया तकदीर में हर अन्नदाता की**

# जटिल हृदय सर्जरी कर बच्ची को दिया नया जीवन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**क्यूआरजी** सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में आगरा की दो वर्षीय बच्ची योगिता की जन्मजात हृदय संरचना विकार की सफल सर्जरी की गई। क्यूआरजी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के कार्डियो थोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग के डायरेक्टर डॉ. नीरव बंसल ने बताया कि बच्ची को जन्मजात हृदय संरचना विकार था, साथ में दोनों पम्पिंग चैम्बर के बीच में छेद भी था।

मेडिकल भाषा में इसे टोटल एनोमलस पल्मोनरी वीनस कनेक्शन (टीएपीवीसी एवं वीएसडी) कहा जाता है। इस बीमारी की वजह से बच्ची का शरीर नीला पड़ गया था। लेकिन इस बच्चे में फेफड़े से शुद्ध रक्त लाने वाली धमनियां अशुद्ध रक्त के चैम्बर में जा रही थीं और फिर शुद्ध और अशुद्ध रक्त मिक्स होकर हृदय के बाएं हिस्से में जा रहा था और फिर पूरे शरीर में जा रहा था। साथ ही हृदय के अन्दर दो बड़े छेद भी थे जिसमें एक छेद आवश्यक था वहीं दूसरा छेद फालतू था जिसकी वजह से फेफड़ों के इतने ज्यादा प्रेशर इतनी जल्दी हो गए।

एक साल पहले परिजन ने बच्चे को कई अस्पताल में दिखाया लेकिन उन्होंने हाई रिस्क ऑपरेशन करने से मना कर दिया। आमतौर पर इस समस्या से ग्रस्त बच्चे का ऑपरेशन पैदा होने के 2-3 महीने के अंदर हो जाना चाहिए। निरंतर निराशाजनक जवाब मिलने पर परिजन की उम्मीद भी लगभग खत्म हो गई थी। अपनी पहली और एकलौती संतान को गंभीर हालत में देख मां के आंसू सूख नहीं पा रहे थे।

फिर बच्ची को क्यूआरजी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल लाया गया जहां सबसे पहले उसका बाल हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा इको टेस्ट किया गया। जांच में बच्ची के बचने की छोटी सी आशा की किरण नजर आई। परिजन की सहमति के बाद कुछ दिन दवाई देने के बाद बच्चे का ऑपरेशन किया गया जो सफल रहा। ऑपरेशन के बाद शुरु के 5-10 दिन काफी मुश्किल भरे रहे क्योंकि ऐसे मरीजों में ऑपरेशन के बाद ही फेफड़े अपना रंग दिखाना शुरू करते हैं। उसके बाद बच्ची की हालत में लगातार सुधार होता गया। आखिरकार ऑपरेशन के 13 दिन बाद स्वस्थ होने पर बच्चे को डिस्चार्ज कर दिया। हार्ट की सारी कमियां ठीक कर दी गई हैं इसलिए उम्मीद है कि बच्चा अपनी पूरी जिन्दगी सामान्य तरीके से जिएगा।

क्यूआरजी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के कार्डियो थोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग के एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. बीजू शिवम् पिल्लै ने कहा कि सर्जरी बहुत जोखिम भरी थी जिसमें तकरीबन साढ़े 5 घंटे का समय लगा। इसमें सबसे बड़ी सर्जिकल चुनौती यह थी कि कॉमन चैम्बर हृदय से सीधी तरफ जुड़ रहा था।



मरीज योगिता अपनी मां सीमा के साथ और क्यूआरजी अस्पताल के डॉ. नीरव बंसल और डॉ. बीजू शिवम् पिल्लै।

# एमएसबी ने 88 रन से जीता मैच

**फरीदाबाद।** 21वें रविंद्र फागना शनिवार क्रिकेट लीग मैच में एमएसबी स्पोर्ट्स गैलरी और फिरेस्टेशन इलेवन के बीच खेला गया। यह मुकाबला पाली रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया।

इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया की यह मैच 20-20 ओवर का था और यह मैच एमएसबी स्पोर्ट्स गैलरी ने फिरेस्टेशन इलेवन को 88 रन से हराया। एमएसबी स्पोर्ट्स गैलरी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्यण लिया। एमएसबी स्पोर्ट्स गैलरी टीम की ओर बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 20 ओवर में 10 विकेट पर 176 रन बनाए। टीम की ओर बल्लेबाजी करते हुए आरिफ खान ने 68 रन, दिनेश कबीरा ने 32 रन, शैलेंदर ने 23 रन, करमवीर डागर ने 22 रन बनाए। फिरेस्टेशन इलेवन की ओर से गेंदबाजी करते हुए रोहित चौहान और आश्विन पंडिता ने 2-2 विकेट ली। लक्की, गगन और परषोत्तम ने 1-1 विकेट ली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए फिरेस्टेशन इलेवन ने 14.4 ओवर में 10 विकेट में 88 रन ही बना सकी। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए सुनील ने 22 रन, पंकज ने 12 रन, इशांत ने 9 रन बनाए। एमएसबी स्पोर्ट्स गैलरी टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए शिवेश कौशिक ने 4 विकेट ली। मनन दत्ता और कैलाश बघेल ने 2-2 विकेट ली। शैलेंदर और नरेंदर ने एक-एक विकेट ली। इस मैच में मैन ऑफ द मैच पुरस्कार ने मोनू शैलेंद्र कौशिक को दिया गया।



शैलेंद्र कौशक को मैन आफ द मैच का पुरस्कार देते आयोजक।

# ऑटो चालकों के कब्जे में शहर, सरेआम तोड़ रहे नियम

## कमीशन के लिए बीके से निजी अस्पतालों में ले जाते हैं मरीज

**कविता।** फरीदाबाद

**जिले** में ऑटो चालक मरीजों से लेकर सवारियों की जान जोखिम में डालने तक यह बाज नहीं आ रहे हैं। चालक सवारियों को इस कदर भर लेते हैं कि यात्रियों को ऑटो पर लटकर कर यात्रा करनी पड़ती है।

दूसरी तरफ सूचना मिली है कि कुछ ऑटो चालक निजी अस्पतालों से सैटिंग कर बीके अस्पताल में परेशान हो रहे मरीजों को बहला-फुसलाकर निजी अस्पतालों में ले-जाकर मोटा कमीशन कमा रहे हैं। अस्पताल परिसर में दिनभर ऑटो चालकों का कब्जा देखने को मिलता है। ऑटो चालक सुरक्षा कर्मियों के हटाने से भी नहीं हटते।




सेक्टर-23 के निकट ऑटो में लटक कर यात्रा करता व्यक्ति। बीके अस्पताल के अपातकालीन कक्ष के बाहर एम्बुलेंस के आगे खड़ा ऑटो।

### बीके से मोटी कमाई

**जिले** के सिविल अस्पताल परिसर में दिनभर ऑटो चालक खड़े होकर सवारियां भरते हैं। सूत्रों से पता चला है कि मरीजों को ऑटो चालक यहां परेशान होते हुए देखकर उन्हें बहला-फुसला कर 250 से 300 रुपये लेकर निजी अस्पतालों में छोड़ रहे हैं। इतना ही नहीं उन्हें वहां भर्ती करवाने के बाद वह निजी अस्पतालों से भी कमिशन ले रहे हैं। कमीशनखोर ऑटो चालक सवारियों की बजाए केवल मरीजों को ही ले जाते हैं।

**नहीं होते टस से मस :** ऐसा नहीं है कि अस्पताल प्रबंधन ने इन पर लगाम न कसी हो। अस्पताल प्रबंधन द्वारा कई बार सुरक्षाकर्मियों को निर्देश देकर इन्हें बाहर का रास्ता दिखाया गया है। लेकिन सुरक्षा कर्मियों की बात को अनसुना कर ऑटो चालक अस्पताल परिसर के भीतर ही दिनभर खड़े रहते हैं। सुरक्षाकर्मियों के लाख मना करने के बाद भी यह अस्पताल से बाहर नहीं जाते हैं। जिससे एम्बुलेंस को निकलने में दिक्कत आती है। लापरवाही से खड़े ऑटो के कारण जाम लगने से एम्बुलेंस में मरीजों की जान जोखिम में पड़ जाती है।

### कायदे कानून ताक पर

**शहर** की सड़कों पर भी ऑटो चालक लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। सड़कों पर लापरवाही से दौड़ते ऑटो बीच सड़क पर ही रोक देते हैं। जिससे पीछे से आ रहे वाहन चालकों की जान खतरे में पड़ जाती है। कई बार यात्रियों को यह आवश्यकता से अधिक संख्या में भर लेते हैं। उन्हें एक सवारी आगे उतरने वाली है, कहकर लटकर यात्रा करने को मजबूर कर देते हैं। जिससे लोगों की जान खतरे में पड़ती है और नियमों का उल्लंघन करते हैं।

## रोजगार दिलाने को आज लगेगा मेला

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला जरूरतमंदों को रोजगार देने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। ऐसे में मेले की व्यवस्थाओं और रजिस्ट्रेशन को लेकर सभी विभाग बेहद गंभीरता के साथ कार्य करें। पाइप जितेंद्र यादव रविवार को सेक्टर-12 खेल परिसर में मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उपरांत अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को रोजगार देना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से 29 व 30 नवंबर को सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार कल्याण मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले का उद्घाटन प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### हाई-राइस हाईड्रोलिक प्लेटफार्म के लिए करेंगे धरने-प्रदर्शन



सेक्टर 86 स्थित ओजोनपार्क सोसाइटी में आयोजित बैठक में अपने विचर रखते एडवोकेट सतेंद्र दुग्गल।

**फरीदाबाद।** ग्रेटर फरीदाबाद की बतीस मंजिल तक की हाई-राइस सोसायटीज में पिछले दिनों हुई आग की घटनाओं में उनके परिवारों और सोसायटीज को हुए भारी नुकसान को लेकर ग्रेफा कोनफेडरेशन और नहर पार विकास मोर्चा की रविवार को हुई बैठक में आग की घटनाओं से निपटने के लिए प्रशासन के पास संसाधनों की कमी और उपलब्ध संसाधनों के रख-रखाव में भारी कमी पर चिंता जताते हुए विचार-विमर्श हुआ। अरुण भारतीय और दिनेश चन्दीला ने आग की घटनाओं से निपटने के लिए हाई-राइस हाईड्रोलिक प्लेटफोर्म के उपलब्ध न होने और उपलब्ध फायर-ब्रिगेड के पास आठवीं मंजिल से ऊपर आग बुझाने के लिए पानी न पहुंचा पाने की क्षमता, फायर ब्रिगड की मोटर साइकलों के खराब होने व आम जनता के पास निकटतम फायर स्टेशन के चालु फोन नम्बर उपलब्ध न होने के मुद्दे को उठाया। बैठक में ग्रेफा कोनफेडरेशन के अध्यक्ष निर्मल कुलश्रेष्ठ ने तिगांव विधायक राजेश नागर द्वारा विधान सभा में इस मुद्दे को उठाने बाबत जानकारी दी। ग्रेफा कोनफेडरेशन की ट्रस्टी रेणु खट्टर ने प्रशासन व राजनेताओं द्वारा जान माल से जुड़े इस अत्यंत गम्भीर मुद्दे को गम्भीरता से ना लेने व असंवेदनशील रवैए का आरोप लगाया। सेव फरीदाबाद के पारस भारद्वाज ने हाई-राइस हाईड्रोलिक प्लेटफार्म के पूरे फरीदाबाद में उपलब्ध न होने को अत्यंत दुरभाग्य पूर्ण बताया। बैठक में केएलजे सोसायटी, बीटीपीटी इलीट, पार्क ग्रांडउरा, एसआरएस रोयल हिल्लस, पुरी प्रथम, ब्लॉक एम, साई पार्क, जेओत्र, पार्क वन, ओजोन पार्क, डिसकवरी पार्क, पाम सोसायटी, लोर्डसोसायटी, बुढेना, बुंडेली, भतौला, ओमकस, प्रिंसेस पार्क, आरपीएस, पीयूष हाईट, अडोरे सोसायटी के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में हाईडरौलिक प्लेटफार्म को प्राथमिकता पर उपलब्ध कराने के लिए क्रमबद्ध योजना बनायी गई। जिसके अंतर्गत सम्बंधित अधिकारियों से लगातार सम्पर्क बनाने, मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री से सम्पर्क साधने व धरना प्रदर्शन करने की योजना पर विचार किया गया। यह भी निर्धारित किया गया। ज्ञापन देने के साथ साथ पहला धरना प्रदर्शन 20 दिसम्बर को किया जाएगा।

### शरीर स्वस्थ है तो सब कुछ है : प्रवीन शर्मा



सेक्टर 70 स्थित आगमन सोसायटी में हेल्थ चेकअप शिविर में रोगी से बातचीत करती डॉक्टर।

**फरीदाबाद।** न्यायाधीश मंगलेश कुमार चौबे सीजेएम कम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश अनुसार एवं पैनल अधिवक्ता संजय गुप्ता और अर्चना गोयल के मार्गदर्शन में हरमन बद्री फाउंडेशन एवं रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन (रजि.) एवं मेट्रो हॉस्पिटल फरीदाबाद के सहयोग से रविवार को आगमन सोसायटी सेक्टर-70 आईएमटी फरीदाबाद में फ्री हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन किया। जिसमें ब्लड, सुगर, ईसीजी, आर्थो, स्त्री रोग की जांच हुई 130 लोगों से ज्यादा लोगों ने भाग लिया। हरमन बद्री फाउंडेशन से स्वाति शर्मा, नरेश शर्मा, रामेश्वर दयाल शर्मा, हरमन शर्मा ने भाग लिया। आगमन सोसाइटी से वहां के निवासियों ने भाग लिया। रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन (रजि.) से देवेंद्र सिंह, बलजीत सिंह, प्रवीन शर्मा, सुरजीत सिंह, विजेंद्र सिंह, मेट्रो हॉस्पिटल से डॉक्टर शैली, डॉक्टर अमित, डॉक्टर नदीम अहमद, आशुतोष ने सहयोग दिया। यहां पर सूखा कूड़ा और गीला कूड़ा के बारे में सभी लोगों को जागरूक किया गया। रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन के द्वारा नए मोटर व्हीकल एक्ट 2019 के कानून के बारे मे बताया गया।

### भूकम्प और आग से बचाव के उपाय बताए



एएनएच तीन के सरकारी स्कूल में छात्राओं द्वारा बनाए पोस्टरों से लोगों को प्राकृतिक आपदा से बचाव का संदेश देते।

**फरीदाबाद।** एनएच-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड, जूनियर रेडक्रॉस और गाइड्स ने आपदा प्रबंधन के अंतर्गत बालिकाओं को भूकम्प और आग से बचाव के लिए जागरूक किया। ब्रिगेड एवं जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि उत्तर भारत में प्राकृतिक आपदा में आग, भूकंप, बाढ़ व सूखा अधिक संभावित क्षेत्र हैं। प्राकृतिक आपदा मानवनिर्मित आपदाओं जैसे आग आदि की पुनरावृति से मिलकर और बढ़ जाती हैं। आपदा दो प्रकार की होती हैं- प्राकृतिक व मानव निर्मित आपदा जैसे आग, दुर्घटनाएं सड़क, रेल या वायु, औद्योगिक दुर्घटनाएं या महामारी मानव निर्मित आपदा हैं प्राकृतिक और मानवनिर्मित दोनों ही आपदा भयानक विनाश करती हैं। मानव जीवन की क्षति, जीविका उपार्जन के साधनों, सम्पत्ति और पर्यावरण का अवक्रमण आदि। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि घर से बाहर हैं तो बिजली के तारों, दीवारों और पेड़ों से दूर रहें। भवन के पास न खड़े हों क्योंकि वह गिर सकता है। यदि आप किसी चलती गाड़ी में हैं तो भी भवन, दीवार और पेड़ से दूर ठहर जाएं। इसी प्रकार आग लगने पर अपने मुंह को भीगे तौलिये से ढकें ताकि धुआं असर न करे। भागते समय रेंग कर निकलें क्योंकि ऊपर जहरीली गैसें, धुआं हो सकता है। यदि कपड़ों में आग लग जाए तो भागें नहीं। आग बुझाने के लिए जमीन पर लुढ़कें। जले भाग को ठंडक पहुंचाएं और विशेष प्राथमिक चिकित्सा का लाभ उठाएं। इन उपायों का ज्ञान होने से आपदा में भी सुरक्षित रहा जा सकता है। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा और कोआर्डिनेटर डॉक्टर जसनीत कौर ने बलिकाओं का पोस्टर के माध्यम से प्री प्रिपेयरडनेस और पोस्ट प्रिपेयर्डनेस का संदेश देने के लिए बहुत प्रशंसा की। इस अवसर पर शिवम, संजय मिश्रा, अंशुल, पूनम एवम अन्य अध्यापकों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# विदेशी महिला बन दोस्ती गांठ कर ठगने वाला गिरोह गिरफ्तार

## मैट्रीमोनियल साइट के जरिये दोस्ती गिफ्ट का लालच देकर ठगते थे रुपये

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**आजकल** के आधुनिक दौर में मैट्रीमोनियल साइट पर अपना जीवन साथी तलाशना बहुत से लोगों का एक माध्यम है। इस तरीके से जीवन साथी को ढूंढना सुगम भी है लेकिन अधूरी जानकारी से मैट्रीमोनियल साइट पर जीवन साथी की तलाश लोगों के लिए विपत्ती भी बन जाती है। कुछ लोग मैट्रीमोनियल साइट पर झूठे प्रोफाइल बनाकर लोगों को शादी का झांसा देकर इसकी एवज में अलग-अलग बहाने बनाकर लोगों से पैंसे ऐंठते हैं। ऐसे ही लोगो से ठगी करने वाले एक गिरोह के चार सदस्यों को साइबर अपराध थाना फरीदाबाद ने गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपी में चिनोंतो रॉय अकाता, अजय, आतिफ अली और एक महिला आरोपी शामिल है। आरोपी चिनोंतो रॉय अकाता नाइजीरियन है। सभी आरोपी फिलहाल दिल्ली में रह रहे थे।



शादी का झांसा देकर ठगने के आरोप में गिरफ्तार बदमाशों के साथ पुलिस के जवान।

इसी तरह आरोपियों ने मैट्रीमोनियल साइट पर शादी का झांसा देकर फरीदाबाद के निवासी अमरीक से 5 लाख 78 हजार रुपये धोखाधड़ी से हड़प लिये। पीड़ित अमरीक की मुलाकात आरोपित लड़की से संगम नामक मेट्रोमोनियल साइट पर हुई थी जहां पर लड़की ने अपने आपको नीदरलैंड देश के ऐम्स्टर्डैम शहर का बताकर उसे दोस्ती कर ली और उसे अपने प्यार के जाल में फंसा लिया। इसके पश्चात आरोपित लड़की ने मिलने के लिए भारत आने के बाद कही। कुछ समय पश्चात आरोपित लड़की ने अमरीक को फोन करके बताया कि वह लगभग 88 लाख का सामान अपने साथ लेकर आ रहे थे और एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों ने उसे पकड़ लिया। इसके पश्चात उसने अमरीक की अपने आरोपी साथी से बात कराई जिसने कस्टम अधिकारी बनकर अमरीक से बात की और बताया कि कस्टम की कागजी कार्रवाई के लिए उन्हें 5 लाख 78 हजार रुपये भरने पड़ेंगे। लड़की ने अमरीक को कहा कि उसके पास अभी इतने पैसे नहीं है और मदद के नाम पर उसे पैसे भेजने के लिए कहा। अमरीक ने लड़की की बातों में आकर उनके खाते में पैसे ट्रांसफर कर दिए।

जब अमरीक को फर्जीवाड़े का पता चला तो उसने इसकी शिकायत थाना साइबर अपराध में लिखित दरखास्त दी जिस पर आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और षडयंत्र की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। पुलिस आयुक्त विकास अरोडा ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपियों को जल्द पकड़ने के निर्देश दिये। आरोपियों के कब्जे से 50 हजार 900 रुपये नकद और वारदात में प्रयोग चार मोबाइल फोन बरामद किए गए।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपियों के फर्जी बैंक खाते में पिछले छह माह में करीब 60 लाख रुपये का लेन देन पाया गया। रिकार्ड के अनुसार आरोपियों द्वारा गाजियाबाद, नोयडा, अहमदाबाद और गुरुग्राम में वारदातों का किया जाना पाया गया जो सभी थानों को सूचित किया जा रहा है। फर्जी अकाउंट (जिसमें पैसे ट्रांसफर कराए गए थे) प्रोवाइड करवाने वाला आतिफ अली सात दिन के पुलिस रिमांड पर, बाकी अन्य 3, दोस्त बनी महिला सहित सिम उपलब्ध कराने वाला अजय व महिला के भाई बने नाइजीरियन को जेल भेज दिया है।

# कोरोना : आठ पॉजिटिव से एक्टिव केस हुए 25



कोरोना की जांच करवाता सुरजीत।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिले** में कोरोना के मरीजों की संख्या का आंकड़ा एक बार फिर तेजी से बढ़ रहा है। जिले में रविवार को एक बार फिर कोरोना के मरीजों की संख्या का आंकड़ा बढ़ गया। रविवार को आठ नए मामले सामने आने से जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 25 पर पहुंच गया।

वहीं जिले का रिकवरी रेट 99.28 से घटकर 99.26 पर पहुंच गया है। जिले में लगातार बढ़ती कोरोना के मरीजों की संख्या से अंदेशा लगाया जा रहा है कि कही यह तीसरी लहर का संकेत तो नहीं है। जिसे देखते हुए अस्पताल पहुंच रहे मरीजों और वैक्सीन लगवाने आ रहे लोगों की कोरोना जांच की जा रही है। वहीं जिले में एहतियात के तौर पर कोरोना जांच शिविर लगाने के लिए भी निर्देश जारी किए जा चुके हैं। ताकि मरीजों की संख्या का तुरंत पता लगाकर, उन्हें अलग किया जा सके।

जानकारी के मुताबिक रविवार को जिले में कोरोना के 8 पॉजिटिव केस सामने आए हैं। जिससे जिले में एक्टिव केसों का आंकड़ा 25 पर है। वहीं जिले में अब तक 99944 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आ चुकी है। पिछले 24 घंटे में जिले में 1029 सैम्पल जांच किए गए। जिसमें फिलहाल सरकारी और निजी अस्पतालों के 1294 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है। वहीं जिले में अब तक 122731 सैम्पल लिए जा चुके हैं। जिसमें से 1126083 की रिपोर्ट नेगेटिव थी। इनमें से 717 की मौत हो चुकी है और 99202 लोग ठीक होकर घर जा चुके हैं।

# शव रखकर जाम लगाने वाले 40 लोगों पर केस दर्ज

**फरीदाबाद।** ससुराल वालों द्वारा एक युवक की जलाकर की गई हत्या के विरोध में परिजनों ने शनिवार को मोहना रोड पर शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया था। पुलिस ने इस मामले में आश्वासन देकर जाम तो खुलवा दिया था। लेकिन कानून व्यवस्था में बाधा पहुंचाने के आरोप में बाद में जाम लगाने वालों पर केस दर्ज कर लिया।

मृतक बबलू ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि 18 नवंबर को करीब 5 बजे सायं वह अपने साथी सोनू के साथ अपनी पत्नी ज्योति के घर गया। वहां पर उसके साले मनीष ने बबलू के ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। 26 नवंबर को शाम को बबलू की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक बबलू के साले आरोपी मनीष के खिलाफ मुकदमे में हत्या की धारा 302 लगा दी गई। 27 नवंबर को बबलू का पोस्टमार्टम सफदरजंग अस्पताल से करवा कर उनके परिवार वाले दाह संस्कार के लिए ऊंचा गांव में लेकर आ रहे थे तो मोहना रोड 5 नंबर चुंगी ऊंचा गांव के पास डेड बॉडी को सड़क पर रखकर 20-25 व्यक्ति व 8-10 महिलाएं ने आरोपी मनीष व उसके परिवार के सभी सदस्यों को गिरफ्तार करने के नाम जाम लगाकर सड़क को अवरूध कर आमजन का रास्ता रोक कानून को हाथ में लिया।

पुलिस द्वारा समझाने पर भी जाम नहीं हटाया जिस पर सोनू, शक्ति उर्फ भीमा पप्पू प्रधान सुरेश कर्मवीर बिरजू कंजा सहित 20 -25 अन्य व्यक्तियों और 8-10 महिलाओं ने सड़क जाम कर आने जाने वाले व्यक्तियों का रास्ता रोक, पुलिस की ड्यूटी में बाधा डालकर उपरोक्त भीड़ ने उग्र होकर करीब 2 घंटे तक सड़क जाम करने के अंतर्गत आरोपियों के खिलाफ थाना आदर्श नगर में मुकदमा दर्ज किया।

# पूर्व मंत्री करतार भड़ाना के मुंशी से बदमाशों ने लूटे 11.70 लाख रुपये

## पीड़ित व्यक्ति नगदी लेकर बाइक से भड़ाना के कार्यालय आ रहा था

## करीब 30 साल से करतार भड़ाना के पाली जोन में स्थित क्रेशर में मुंशी का काम करता पीड़ित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बीती** रात अनंगपुर मोड़ के पास बाइक पर सवार होकर पिट्ठू बैग में 11 लाख 70 हजार रुपये लेकर अनंगपुर गांव स्थित कार्यालय में आ रहे करतार भड़ाना के क्रेशर के मुंशी पर दो युवक ने झपटा मार दिया। बाइक से गिर जाने पर बदमाशों ने उनसे नकदी भरा बैग लूट लिया। जिसके बाद आरोपी अपने साथी की कार पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।



थाना सूरजकुंड में दर्ज मामले के मुताबिक गौतमबुद्ध नगर के रहने वाले ज्ञानेंद्र ने अपनी शिकायत में कहा है कि वह पिछले करीब 30 साल से करतार भड़ाना के पाली जोन में स्थित क्रेशर में मुंशी का काम करता है। क्रेशर में दिन भर होने वाली बिक्री की रकम को वह शाम अनंगपुर गांव स्थित करतार भड़ाना के कार्यालय में आकर जमा करवा देता था। अन्य दिनों की तरफ बीती रात भी ज्ञानेंद्र ने अपने बैग में 11 लाख 70 हजार रुपये रख लिये और बाइक पर सवार होकर अनंगपुर गांव के लिए चल पड़ा। अनंगपुर मोड़ पर मुड़ने के लिए जैसे ही उसने बाइक की गति कम की। तभी वहां पहले से खड़े युवक ने बैग पर झपटा मार दिया। जिससे बाइक डगमगा कर गिर गई। तभी एक युवक और वहां पहुंच गया। दोनों ने ज्ञानेंद्र से नकदी भरा बैग लूट लिया और थोड़ी दूर खड़ी अपने साथियों की कार पर सवार होकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद मामला दर्ज कर लिया है।

# पत्नी के जाने के गम में बना नशेड़ी

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर सेंट्रल की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम शेखर है जो फरीदाबाद के गढ़खेड़ा गांव का रहने वाला है।

क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सहायता से आरोपी को थाना सदर बल्लभगढ़ एरिया से अवैध हथियार सहित गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्टल और एक कारतूस बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ थाना सदर बल्लभगढ़ में मुकदमा दर्ज है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि 3 वर्ष पहले उसकी पड़ोस के गांव दयालपुर की एक लड़की से शादी हुई थी परंतु एक वर्ष पहले उसका अपनी पत्नी के साथ झगड़ा हो गया और उसकी पत्नी उसे छोड़कर मायके चली गई। पत्नी के जाने के बाद आरोपी ने नशा पता करना शुरू कर दिया और अपने नशेड़ी दोस्तों के साथ आवारागर्दी करने लगा। वह यूपी से अपने किसी साथी से देसी कट्टा खरीद कर लाया था।

# डेल्टा वायरस से निपटने में कोविशिल्ड है कारगर

## फरीदाबाद स्थित टीएचएसटीआई की रिसर्च में हुआ स्पष्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**डब्ल्यूएचओ** के आंकड़ों के अनुसार दुनिया भर में सार्स-कोव -2 से 200 मिलियन से अधिक लोगों पर प्रभाव हुआ है, जिससे पांच मिलियन से अधिक मौतें हुई हैं। सार्स-कोव -2 वायरस के उत्परिवर्ती रूपों में वृद्धि होने से टीके की प्रभावशीलता के बारे में चिंताएं पैदा हुई हैं। डेल्टा (बी.1.617.2) संस्करण भारत में प्रमुख रूप से मिलने वाला विभेद है। भारत में टीकाकरण कार्यक्रम मुख्य रूप से कोविशील्ड टीका (ChAdO&v nCoV-v~) द्वारा संचालित किया गया है।

ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान के नेतृत्व में



गुरुग्राम रोड पर स्थित ट्रांसलेशनल स्वास्थ्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान।

भारतीय अनुसंधानकर्ताओं की एक बहु-संस्थागत टीम ने भारत में अप्रैल और मई, 2021 के बीच सार्स-कोव -2 संक्रमण के दौरान कोविशील्ड टीके की वास्तविक दुनिया में प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया। उन्होंने सुरक्षा के तंत्र को समझने के लिए स्वस्थ टीकाकरण वाले व्यक्तियों में इस वेरिएंट के खिलाफ उदासीन गतिविधि और सेलुलर प्रतिरक्षा प्रतिक्रियाओं का भी आकलन किया।

जर्नल 'द लैंसेट इंफेक्शियस डिजीज' में प्रकाशित अध्ययन में पूरी तरह से टीकाकरण वाले व्यक्तियों में सार्स-कोव -2 संक्रमण के खिलाफ टीके की प्रभावशीलता 63 प्रतिशत पाई गई जिसमें पुष्टि किए गए सार्स-कोव -2 संक्रमण के 1981 और नियंत्रण के 2379 मामलों की तुलना शामिल थी। मध्यम से गंभीर बीमारी के खिलाफ पूर्ण टीकाकरण की टीके प्रभावशीलता 81 प्रतिशत के साथ बहुत अधिक थी। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वैज्ञानिकों ने यह भी देखा कि डेल्टा प्रकार और वन्य प्रकार के सार्स-कोव-2 दोनों के खिलाफ स्पाइक-विशिष्ट टी-कोशिका प्रतिक्रियाओं को संरक्षित किया गया था। इस तरह की सेलुलर प्रतिरक्षा से वायरस के रूपों के खिलाफ ह्यूमोरल प्रतिरक्षा को कम करने और मध्यम से गंभीर बीमारी और अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता को रोकने में सुविधा मिल सकती है। इस अध्ययन में वास्तविक दुनिया के टीके की प्रभावशीलता और टीकाकरण के प्रति प्रतिरक्षात्मक प्रतिक्रिया पर व्यापक डेटा मिलता है जिससे नीति को निर्देशित करने में मदद मिलनी चाहिए।

# 'बनेगा स्वच्छ फरीदाबाद' अभियान में आयी तेजी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**बनेगा** स्वच्छ फरीदाबाद मुहिम के तहत ग्रेटर फरीदाबाद के मॉडर्न डीपीएस स्कूल में कचरा मुक्त फरीदाबाद अभियान को लेकर बड़े स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और गैर सरकारी संगठन के सदस्यों के साथ नगर निगम आयुक्त यषपाल यादव की अध्यक्षता में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में मॉडर्न डीपीएस के डायरेक्टर राजीव गिरधर का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एडिशनल कमिश्नर इंद्रजीत कुलड़िया, जॉइंट कमिश्नर प्रशांत अटकान, पार्षद नरेश नम्बरदार एवं उमेश अरोरा उपस्थित रहे। मंच संचालन मास्टर ट्रेनर एकता रमन ने किया व मास्टर ट्रेनर मोनिका शर्मा ने कूड़ा निस्तारण विधि को प्रेजेंटेशन के माध्यम से समझाया।

कार्यक्रम का उद्देश्य था कि - ग्रेटर फरीदाबाद जोन के समस्त क्षेत्र को कूड़ा मुक्त बनाना। इस जोन को इसीलिए चिह्नित किया गया है क्यूंकि इस क्षेत्र में सबसे ज्यादा गेटेड सोसाइटीज हैं और सभी सोसाइटीज में रेजिडेंट वेलफेर एसोसिएशन बनी हुई हैं। नगर निगम की योजना के अनुसार एसोसिएशन के माध्यम से जन भागीदारी को बढ़ावा दिया जा सकेगा ताकि आमजन तक कूड़ा निस्तारण विधि के प्रति जागरुकता पहुंचे। बनेगा स्वच्छ फरीदाबाद अभियान के अंतर्गत ग्रेटर फरीदाबाद जोन को एक मॉडल के रूप में तैयार किया जा रहा है, ताकि यहाँ की सफल उपलब्धियों को अन्य जोन में भी कार्यान्वित किया जा सके। आज के इस विशेष कार्यक्रम में निगम आयुक्त यशपाल यादव ने मौके पर ही उपस्थित लोगों की समस्याओं को भी सुना। वहीं मॉडर्न डीपीएस स्कूल के डायरेक्टर राजीव गिरधर ने अपने स्कूल के सामने वाली रोड पर ग्रीन बेल्ट को मेन्टेन करने का जिम्मा अपने ऊपर लिया।

# सिटी बस सेवा सुरक्षित यातायात का साधन

## एफएमडीए द्वारा बसंतपुर से दो शुभगमन बसों को हरी झंडी दिखाने के उपरांत किया संबोधित



बंसतपुर में बसा को झंडी दिखा कर रवाना करते केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**शुभगमन** सिटी बस सेवा सस्ता सुंदर और सुरक्षित यातायात का साधन है। उन्होंने कहा कि है बस सेवा शहर के लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। केंद्रीय राज्यमंत्री बुधवार को फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) द्वारा बसंतपुर से 2 बसों को हरी झंडी दिखाने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस नई सेवा में दो बसों की शुरुआत की गई।

यह बस सेवा गांव बसंतपुर में फरीदाबाद के लिए सिटी बस सेवा के रूट नंबर 913 के अंतर्गत बदरपुर बॉर्डर से मंझावली वाया केआर मंगलम स्कूल, एशियन हॉस्पिटल, खेड़ी कलां फरीदाबाद, भूपानी मोड़, सिडोला विलेज, जेबी कॉलेज व रूट नंबर 914 के अंतर्गत बदरपुर बॉर्डर से भड़ाना मार्केट बसंतपुर बाया सेहतपुर गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अंबेडकर चौक आगवानपुर, रविवार बाजार के लिए अपनी सेवा देगी।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि स्मार्ट सिटी के अंतर्गत एफएमडीए के द्वारा सभी मूलभूत सुविधाओं को अंतिम रूप दिए जाने की कड़ी में ही आज बसंतपुर व मंझावली की ओर से तीन बसों की सिटी बस सेवा की शुरुआत की गई है। उन्होंने बस सुविधा के शुरू हो जाने पर आमजन से अपील करते हुए कहा कि सिटी बस सेवा सुगम यातायात के लिये सस्ता, सुंदर और सुरक्षित संसाधन है। जिसका आमजन अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए। इस सेवा की टिकट मात्र 10 हैं। जिसमें यात्रा के दौरान आमजन को एसी सुविधा का लाभ भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल निर्देशानुसार हरियाणा प्रदेश सुरक्षित हाथों में रह कर दिनोदिन प्रगति के रास्ते पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि इसके अंतर्गत हर वर्ग के चौमुखी विकास हेतु अनेकों विकास योजनाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# जिले के 3.61 लाख नागरिकों को मार्च 2022 तक मुफ्त गेहूं




### प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत वितरित किया जा रहा मुफ्त गेहूं

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम

**प्रधानमंत्री** गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत पिछले वर्ष अप्रैल माह से दिए जा रहे 5 किलो मुफ्त गेहूं योजना का विस्तार केंद्र सरकार की ओर से किया गया है। अब इस योजना को मार्च 2022 तक बढ़ा दिया है।

योजना का विस्तार होने से जिला गुरुग्राम के 82 हजार 563 राशन कार्ड के 3 लाख 61 हजार 221 पात्र सदस्यों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े व गरीब तबके को ध्यान में रखकर शुरू की गई यह योजना अप्रैल 2020 में केवल तीन माह के लिए शुरू की गई थी। परिस्थितियों का आंकलन करते हुए इसे मौजूदा नवंबर 2021 तक बढ़ाया गया था। जिसे अब फिर से विस्तार देते हुए अगले वर्ष मार्च महीने तक बढ़ा दिया गया है।

इस योजना के तहत वर्णित राशन कार्ड धारक राज्य सरकार द्वारा नियमित रूप से वितरित किये जा रहे राशन के साथ-साथ इस योजना के तहत पात्र हैं। जिसके तहत राशन कार्ड में दर्ज प्रत्येक व्यक्ति को 5 किलोग्राम गेहूं मुफ्त दिया जा रहा है।

### 60989 कार्डधारकों को मुफ्त अनाज: मोनिका मलिक

**जिला** खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी मोनिका मालिक के मुताबिक जिला प्रशासन की ओर से नवंबर माह में अब तक 7122 एएवाई (गुलाबी) राशन कार्ड धारकों को 1 लाख 44 हजार 971 किलोग्राम, केंद्रीय बीपीएल सूची के 9168 कार्ड धारकों को 2 लाख 46 हजार 484 किलोग्राम, राज्य बीपीएल सूची के 11639 कार्ड धारकों को 2 लाख 78 हजार 202 किलोग्राम तथा ओपीएच (खाकी) के 33060 कार्ड धारकों को 7 लाख 72 हजार 768 किलोग्राम गेहूं आवंटित किया जा चुका है। इस प्रकार जिला में अब तक लगभग 60989 कार्डधारकों को इस योजना के तहत राशन के रूप में 5 किलो गेहूं मुफ्त आवंटित करने का कार्य किया जा चुका है। आगे भी यह प्रक्रिया निरंतर जारी है।

### 361221 सदस्यों को मिलता है लाभ : डॉ. गर्ग

**जिला** उपायुक्त डॉ. यश गर्ग के मुताबिक गुरुग्राम जिला में बीपीएल सूची के (पीले) 11572, राज्य बीपीएल के 14384, अंत्योदय अन्न योजना (गुलाबी) के 8955 तथा अन्य प्राथमिक वाले ओपीएच (खाकी) 47652 कुल 82563 राशन कार्ड धारक हैं। जिनके कुल 361221 सदस्य पात्र हैं, जिन्हें इस योजना का लाभ दिया जा रहा है।

## विश्व हिंदू परिषद द्वारा संत सम्मेलन पांच दिसम्बर को

**गुरुग्राम।** धार्मिक संस्था विश्व हिंदू परिषद की बैठक का आयोजन सैक्टर 23 स्थित श्री शक्ति मंदिर परिसर में प्रांत धर्माचार्य सह प्रमुख थानमल शर्मा की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें संस्था से जुड़े सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।

परिषद के जिला सह मंत्री यशवंत शेखावत ने बताया कि बैठक में संत सम्मेलन के आयोजन पर चर्चा की गई और निर्णय लिया कि आगामी 5 दिसम्बर को सैक्टर 23 स्थित श्री शक्ति मंदिर में प्रथम संत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की रुपरेखा भी तैयार की गई और संस्था के सदस्यों को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां भी दी गई। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में गुड़गांव व मानेसर के सभी साधु-संतों को आमंत्रित किया जाएगा और सनातन धर्म की उन्नत व प्रगति तथा समाज के अन्य मुद्दों पर भी सम्मेलन में विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे सम्मेलन की तैयारियों में जुट जाएं। बैठक में संस्था के डा. इंदुराव, अजीत सिंह, देवेंद्र यादव, सुरेंद्र सिंह तंवर, अनुराग कुलश्रेष्ठ, सतबीर यादव, मोहित अग्रवाल, राजेश यादव आदि भी शामिल रहे।

# शहर की सड़कों पर बने गड्ढों को भरने का कार्य शुरू



सड़क पर बने गड्ढे भरते सोहना नगर परिषद के कर्मचारी।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**नगर** परिषद ने बारिश के मौसम में शहर की सड़कों पर हुए गड्ढों को भरने की कवायद शुरू कर दी है। सड़कों पर बने गड्ढों को 10 से 15 दिन में भरा जाएगा।

बारिश के मौसम में शहर की मुख्य सड़कों पर पानी के बहाव से गड्ढे बन गए थे। गड्ढों से दो पहिया वाहन चालकों को बहुत परेशानियां हो रही थीं। इतना ही नहीं ई रिक्सा और ऑटो चालकों को भी वजन भरकर चलने से नुकसान हो रहा था। गड्ढों से दो पहिया चालक गिरने से चोटिल हो रहे थे। परिषद ने गड्ढों को भरे जाने के लिए ठेका छोड़ा है। शुरुआत में बाजारी क्षेत्र की सड़क और रास्तों में हो रहे गड्ढों को भरने की कवायद ठेकेदार द्वारा शुरू कर दी गई है। उसके बाद शहर से बाहर जाने वाली सड़कों के गड्ढों को भरा जाएगा। नगर परिषद के एमई सुशील ठाकरान ने बताया कि ये गड्ढे 10 से 15 दिन में भर दिए जाएंगे। जिनकी शुरुआत कर दी गई है। इसके अलावा वार्डों में भी खराब फर्श व कंकरीट वाली सड़कों की सर्वे की जा रही है। नगर परिषद के ईओ अतर सिंह खनलवाल ने बताया कि पांच वर्ष पहले बनाई गई सड़कों के खराब होने पर ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी। ठेकेदार को नोटिस देकर कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। पांच वर्ष पुरानी सड़कों को फिर से बनाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### महात्मा ज्योतिबा फुले को 131वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**गुरुग्राम।** शिक्षा क्रांति के अग्रदूत एवं महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की 131वीं पुण्यतिथि पर सामाजिक संस्थाओं द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। भारतीय सामाजिक क्रांति के जनक कहे जाने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले एक महान विचारक, कार्यकर्ता, समाज सुधारक, लेखक, दार्शिनक, संपादक और क्रांतिकारी थे। ताउम्र उन्होंने नीची जाति, महिलाओं और दलितों के उद्धार के लिए कार्य किया। उनकी धर्मपत्नी सावित्रीबाई फुले ने भी उनके इस काम में पूरा साथ दिया। छुआछूत मिटाने, जाति व्यवस्था का विरोध, महिलाओं की मुक्ति जैसे कई क्षेत्रों में सुधार के लिए काम किया। उन्होंने कहा कि ज्योतिबा फुले ने महिलाओं की शिक्षा के लिए बहुत कार्य किया था। उन्होंने जहां बाल विवाह का विरोध किया था तो विधवा विवाह के समर्थक भी रहे। उन्हें ऐसी महिलाओं से बहुत सहानुभूति थी, जो शोषण का शिकार हुई हो। ऐसी महिलाओं के लिए उनके द्वार सदैव खुले थे। उन्होंने कहा कि ज्योतिबा फुले को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चला जाए, ताकि देश उन्नति व विकास के मार्ग पर अग्रसर हो सके।

### किसान मोर्चा ने सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात



**गुरुग्राम।** रविवार को भाजपा जिला किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव चेयरमैन के नेतृत्व में ग्रामीण अंचल में रेडियो पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनी। जिले के 15 मण्डलों में करीब 400 बूथों पर बड़ी संख्या में लोगों न प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम को सुना। वीरेंद्र यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री ने देश की सेवा व किसानों के हित की बात की और किसानों के उत्थान पर बल दिया। भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान मोर्चा ने निर्णय लिया था कि मोर्चा के कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर कम से कम 10 से 15 लोगों के साथ मन की बात सुनेंगे। उन्होंने बताया कि उन्होंने जिले के गांव खेड़ा खुर्रमपुर स्थित बूथ नंबर 9 पर किसानों के साथ मन की बात सुनी और केन्द्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं आयुष्मान योजना, किसान फसल बीमा, जन धन, किसान क्रेडिट कार्ड , पशु धन क्रेडिट कार्ड आदि योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सुरेश यादव, ओमप्रकाश, सतेन्द्र यादव, सहीराम, राजेश, लक्ष्मण, प्रमेन्द्र, सुभाष, जितेन्द्र आदि शामिल रहे।

### सोहना की सड़कों पर लगने वाला जाम बना नासूर



**सोहना।** शहर की सड़कों पर लगने वाला जाम नासूर बन गया है। दुकानदारों से लेकर ग्राहकों द्वारा सड़कों पर बेतरतीब तरीके से खड़े किए जाने वाले वाहन जाम का कारण बन रहे हैं। बाजारों में बड़े वाहनों पर रोक लगाने की मांग दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। नगर परिषद और पुलिस प्रशासन द्वारा सयुक्त रूप से शुरू की गई शहर को जाम मुक्त बनाने की कवायद कारगर साबित नहीं हो पा रही है। शहर की सड़कों पर बेतरतीब तरीके से खड़े होने वाले वाहनों के आगे पीछे से अन्य वाहनों के निकलने का सही से रास्ता तक नहीं मिलता है। नगर परिषद कार्यालय के सामने वाले मार्ग को भले की वन-वे कर दिया है। इसके बावजूद शहरवासियों से लेकर दुकानदार और ग्राहकों की द्वारा लाई जाने वाली कारें सड़क किनारे पूरे दिन खड़ी रहती हैं। इसके अलावा नागरिक अस्पताल मार्ग पर दुकानदार अपने वाहनों को अपनी दुकान के सामने खड़ा कर देते हैं। इस मार्ग से सुबह और दोपहर के समय में स्कूल बसें आने व जाने से जाम लगाती हैं। इसके अलावा इस मार्ग पर बैठे दुकानदारों ने अपना सामान दुकान से बाहर रखकर अतिक्रमण किया हुआ है। शहर में आने वाली स्कूल बसों को अस्पताल मार्ग पर पूर्णरूप से रोक लगानी चाहिए। शंकर का कहना है कि चुंगी नंबर एक से शहर में आने वाली स्कूल बसों को गुरुद्वारा से वापस कर देना चाहिए। नागरिक अस्पताल मार्ग को भी वन-वे करना चाहिए। अमरदीप का कहना है कि सुबह सब्जी मंडी लगने के दौरान भी अस्पताल मार्ग पूरा जाम रहता है। सब्जी मंडी को में आने वाले वाहनों को मंडी के अंदर ही खड़ा करना चाहिए। शहर की सड़कों पर खड़े होने वाले वाहनों के चालान काटने चाहिए। रवि का कहना है कि चुंगी नंबर दो पर वाहनों के प्रवेश पर रोक होनी चाहिए। दुकान के बाहर खड़े होने वाले वाहनों को जब्त करने के साथ-साथ उनका चालान काटना चाहिए। जब तक पुलिस सख्त नहीं होगी। तब तक जाम से मुक्ती नहीं मिल सकती।

### युवक के साथ मारपीट, मामला दर्ज

**होडल।** होडल थाना पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मारपीट कर जाति सूचक शब्द कहने का मामला दर्ज किया है। मामले में खबर लिखे जाने तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार देशल मौहल्ला निवासी रमेश चंद ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसका लडका लखबिंद्र चौपरल पर किसी कार्य से गया था। उसने बताया कि वहां पंखिया मौहल्ला निवासी लाला व उसके एक अन्य साथी ने उसका रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट की।

# लक्ष्मी देवी ने निशानेबाजी में होडल का नाम रोशन किया

**कैलाश मंगला।** होडल



शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेती लक्ष्मीदेवी।

**प्रसिद्ध** लोक गायक एवं गीतकार स्वर्गीय डॉ. मलुआ सौरोत की पुत्रवधू लक्ष्मी देवी ने 64 वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी प्रतियोगिता (10 मीटर पिस्टल) के लिए क्वालीफाई किया है। यह प्रतियोगिता 30 नवंबर 2021 से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित होगी।

गौरतलब है कि लक्ष्मी देवी अन्दुआ पट्टी होड़ल निवासी पुष्पेंद्र सौरोत की धर्मपत्नी हैं जो कि भारतीय सेना में नायक पद पर कार्यरत हैं तथा वर्तमान समय में उनकी पोस्टिंग सैनिक अस्पताल पुणे महाराष्ट्र में है। पुष्पेंद्र सौरोत ने फोन पर जानकारी देते हुए बताया कि लक्ष्मी देवी ने 20 फरवरी 2021 को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 400 में से 374 अंक अर्जित कर संपूर्ण महाराष्ट्र राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया था। इसके पश्चात 27 मार्च 2021 को मुंबई में आठवीं वेस्ट जोन शूटिंग चैंपियनशिप प्री नेशनल प्रतियोगिता में 400 में से 370 अंक प्राप्त कर पांचवा स्थान प्राप्त करते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। इसके पश्चात लक्ष्मी देवी ने 10 से 30 अक्टूबर 2021 के बीच अहमदाबाद गुजरात में आयोजित ऑल इंडिया जी.वी. मावलंकर प्रतियोगिता को भी उत्तीर्ण कर लिया है। अब वह दिल्ली में आयोजित 64वीं राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अपने क्षेत्र होड़ल का नाम रोशन करेंगीं। उनके पति पुष्पेंद्र सौरोत ने अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी की सफलता का श्रेय अपने माता पिता के आशीर्वाद कमांडेंट ब्रिगेडियर एस.के. वर्मा के सहयोग तथा कोच अशोक सिंह, आनंद बोराडे तथा उज्जवला वराडे के उचित मार्गदर्शन को दिया।

# लक्ष्मण विहार में सुविधाएं दिलाने के होंगे सकारात्मक प्रयास : नवीन गोयल

### लक्ष्मण विहार में पहुंचे नवीन गोयल का हुआ भव्य स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**शहर** के लक्ष्मण विहार में लोगों के निमंत्रण पर पहुंचे पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के समक्ष क्षेत्रवासियों ने तीन सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग रखी। जिनका समर्थन करते हुए नवीन गोयल ने इन सुविधाओं के लिए सकारात्मक प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भाजपा दयानंद मंडल के पूर्व मंत्री एवं क्षत्रिय राजपूत सभा के अध्यक्ष एवं राजपूत महासभा के संगठन सचिव ठाकुर संतोष कुमार छोकर समेत अन्य लोगों ने नवीन गोयल और उनके साथ भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल का राजपुताना पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।



गुरुग्राम के लक्ष्मण विहार में पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल का स्वागत करते लोग।

अपने संबोधन में नवीन गोयल के समक्ष क्षेत्र के लोगों ने मांग रखी कि लक्ष्मण विहार में कोई कम्युनिटी सेंटर नहीं है। गरीब लोगों को अपने बच्चों की शादियां व अन्य कार्यक्रम करने में बहुत परेशानी होती है। इसलिए यहां पर कम्युनिटी सेंटर बनवाया जाएगा। इसके अलावा यहां की डिस्पेंसरी छोटी है, उसका विस्तार कराया जाए। साथ ही क्षेत्र में सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए जाएं। इन तीनों मांगों का समर्थन करते हुए नवीन गोयल ने इनके लिए जल्द ही नगर निगम के अधिकारियों से मिलकर काम करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जनता को हर सुविधाएं देना सरकार का कर्तव्य है। सरकार अपने कर्तव्य पर खरा उतर रही है। गुरुग्राम पर सीधे मुख्यमंत्री मनोहर लाल नजर रखते हैं। यहां पर हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनके एजेंडे में है। नवीन गोयल ने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह द्वारा अपने कोर्ट से कराए जा रहे कार्यों को भी सांझा किया। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम का बड़े स्तर पर विकास हो रहा है। हम सबको मजबूती के साथ सरकार और भारतीय जनता पार्टी का साथ देना है, ताकि भविष्य में भी यहां विकास के कार्यों का पहिया घूमता रहे। इस अवसर पर ठाकुर संतोष कुमार छोकर के अलावा ईश्वर सिंह तंवर, मुकेश छोकर, प्रदीप चौहान, सूबेदार रमेश कुमार राघव, बबीता गुप्ता, कमला छोकर, निशा देवी, सरिता देवी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# धोबी घाट सेक्टर-9 में बिजली कनेक्शन की मांग

### धोबी समाज के राजीव नगर में हुए कार्यक्रम में पहुंचे नवीन गोयल

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम के राजीव नगर में धोबी समाज के लोगों के बीच पहुंचे पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल।

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल रविवार को राजीव नगर में धोबी समाज की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान उनका स्वागत करते हुए धोबी समाज की ओर से सेक्टर-9 धोबी घाट पर बिजली कनेक्शन लगवाने की मांग रखी गई। जिसे जल्द ही पूरा करवाने का आश्वासन नवीन गोयल ने दिया।

नवीन गोयल के साथ समाजसेवी बाली पंडित, ग्रीवेंस कमेटी सदस्य प्रवीण अग्रवाल, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, शमीम खान, ओपी शर्मा, भाजपा युवा नेता सुधीर कलसन, राजू उर्फ खड्डू ने शिरकत की। अपने संबोधन में नवीन गोयल ने कहा कि धोबी समाज को सुविधाएं देने के लिए किसी भी स्तर पर कमी नहीं छोड़ी जाएगी। धोबी समाज एक तरह से स्वच्छता के प्रहरी हैं। समाज में स्वच्छता का संदेश यह समाज देता है। शहर में इनके नाम से अभी कोई घाट नहीं बचा था। सरकार ने इस पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए सेक्टर-9 में घाट दिया है। अब वहां बिजली कनेक्शन लगवाया जाएगा। यह आश्वासन देते हुए नवीन गोयल ने कहा कि सर्व समाज के लिए जरूरतों के हिसाब से सुविधाएं दिलवाने के वे पक्षधर हैं। इसलिए हर क्षेत्र में जाकर वे वहां की जरूरतों का आंकलन करते हैं। सरकार तक बात पहुंचाकर उनका निराकरण भी कराया जाता है। नवीन गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की तरफ से गुरुग्राम समेत हर जिले में समान विकास कराया जा रहा है। गुरुग्राम प्रदेश का अग्रणी शहर है। इसलिए यहां की जरूरतें अन्य शहरों की अपेक्षा अधिक हैं। उन पर मुख्यमंत्री का पूरा ध्यान रहता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ संगठन और सरकार के बीच बेहतर सामंजय से कार्य करते हुए कार्यकर्ताओं को भी पूरा मान-सम्मान दे रहे हैं।

इस अवसर पर राजीव नगर में राजेंद्र प्रधान समेत समाज के अग्रणी लोगों ने नवीन गोयल का स्वागत किया। इस दौरान मांगेराम, सुंदर चौहान, बीरबल मेहरा, कपूरचंद, पूरन सिंह गोपी, मुकेश, मोहन चौहान, विक्की, जगत सिंह, गणेश सिंह, अरुण सिंह, रामकुमार, चेतराम, सुधीर कुमार, छोटू, पवन कुमार, शमीम खान, आनंद कुमार, संतोष कुमार, राम कुमार शर्मा, भीम सिंह सैनी, फूल सिंह सैनी, चंद्रप्रकाश, केसी वर्मा, ललित, संदीप, जगदीश, वेद प्रकाश, संतोष चौधरी, प्रमोद कुमार, कृष्ण कुमार, अमर सिंह, धर्मवीर, दलीप आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## तीन दिसम्बर को दिव्यांग दिवस पर लगेगा शिविर

**गुरुग्राम।** हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ रेडक्रॉस सोसायटी के महासचिव डीआर शर्मा एवं उपायुक्त डॉ. यश गर्ग के दिशा-निर्देशन में तीन दिसम्बर को दिव्यांग दिवस के अवसर पर चंदन नगर स्थित जिला रेडक्रॉस सोसायटी परिसर में दिव्यांगों के लिए शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में उनकी जांच के साथ कृत्रिम उपकरण भी वितरित किए जाएंगे। शिविर का शुभारंभ उपायुक्त एवं रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष डा. यश गर्ग करेंगे।

जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने बताया कि इस शिविर में किसी भी श्रेणी के दिव्यांग हिस्सा ले सकते हैं। सभी की जांच के साथ उन्हें कृत्रिम उपकरण दिए जाएंगे। व्हील चेयर, कान की मशीन, तिपहिया साइकिल, बैसाखी आदि उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे

# सुलभ न्याय का सर्वोच्च माध्यम है लोक अदालत : ललिता पटवर्धन

### 11 दिसंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

### लोक अदालत के फैसलों की दायर नहीं की जा सकती अपील

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



गुरुग्राम जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम ललिता पटवर्धन।

**गुरुग्राम** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम ललिता पटवर्धन ने कहा कि लोक अदालत में सस्ता और सुलभ न्याय मिलता है। राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से लोगों का बिना समय व पैसा गवाएं केसों का समाधान किया जाता है। इन अदालतों में ना तो किसी पक्ष की हार होती है और ना ही जीत, बल्कि दोनों पक्षों की आपसी सहमति से विवादों का समाधान करवाया जाता है।

आगामी 11 दिसम्बर 2021 को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 11 दिसंबर को जिला गुरुग्राम में राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी देते हुए सीजेएम ललिता पटवर्धन ने कहा कि वादकारी उपरोक्त अदालत में सुलह समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते हैं। न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से मामले लोक अदालत में निपटाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में सभी तरह के सुलहनीय मामलों का समझौता के आधार पर निष्पादन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआईएक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा। श्रीमती पटवर्धन ने बताया कि आपसी सहमति से हल हो सकने वाले मामलों में लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं। लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की भी उतनी ही अहमियत है, जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले की होती है। उन्होंने यह भी बताया कि लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती।

# कार ने स्कूटी में मारी टक्कर गड्ढे में पलटी, चालक गंभीर

**पायनियर समाचार सेवा।** होडल



**नेशनल** हाइवे गांव बंचारी के निकट आगरा की ओर से स्पीड में आ रही एक अल्टो कार ने स्कूटी सवार में टक्कर मार दी। स्कूटी में टक्कर मारने के बाद कार अनियंत्रित होकर सडक किनारे गड्ढों में पलट गई। इस दुर्घटना में स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि कार चालकों को मामुली चोटें आई। आसपास के लोगों ने घायल स्कूटी सवार व गाडी चालकों को पास के निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया है। खबर लिखे जाने तक पुलिस को घायलों के नाम पते मालुम नहीं हो सके हैं।

रविवार दोपहर नेशनल हाइवे बंचारी के निकट आगरा की ओर से स्पीड में आ रही एक अल्टो कार ने पीछे से स्कूटी में टक्कर मार दी। स्कूटी चालक स्कूटी सहित निकट सडक किनारे गडढों में गिर गया उसके पीछे कार भी अनियंत्रि होकर गडढों गड्ढों में पलट गई। दुर्घटना को देख हाइवे पर जा रहे अन्य वाहन चालकों ने गड्ढे में पलटी कार को सीधा किया और घायल स्कूटी चालक व गाडी चालक को अन्य वाहन में उपचार के लिए पलवल के अस्पताल में भेज दिया। लोगों ने मामले की सूचना मुंडकटी थाना पुलिस को दी, लेकिन सूचना मिलने के कई घंटो बार भी थाना पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। इस मामले में मुंडकटी थाना प्रभारी प्रीतम ड्क्षसह का कहना है कि उन्हें दुर्घटना की सूचना नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि वह घटनास्थल पर पुलिस को भेजकर घायलों की जानकारी लेंगे। खबर लिखे जाने तक पुलिस घायलों के नाम पते नहीं मालुम कर सकी है।

# नेपाल में महिला सशक्तिकरण का गवाह बनेगा बीबीपुर मॉडल

### महिला सशक्तिकरण पर नेपाल में पेश करेंगे अपना मॉडल

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम



**हरियाणा** के सुनील जागलान का बीबीपुर मॉडल ऑफ विमेन एम्पॉवरमेंट के तहत नेपाल में महिला सशक्तिकरण पर कार्य करने का न्यौता मिला है। ऐसे कार्यक्रमों से दो देशों के रिश्तों में भी मधुरता आती है। आपसी सामंजस्य होता है।

29 दिसम्बर से 6 दिसम्बर तक सुनील जागलान एक सप्ताह के दौरे पर नेपाल के 3 गांव उतरगया, कानपुर कालापानी और नुवाकोट में महिला सशक्तिकरण के द्वारा ग्रामीण विकास के मॉडल पर काम करेंगे। मई 2021 में नेपाल में सेल्फी विद डॉटर अभियान शुरू करवाया, जो टिक टॉक पर 17 करोड़ से ज्यादा बार हैश टैग के साथ पॉपुलर है। इस कार्यक्रम में भारत सरकार की तरफ से केन्द्रीय मंत्री राव इंद्रजीत व नेपाल सरकार की तरफ से जुली महत्तो ने भागेदारी कर आगे बढ़ाया।

### नेपाल में महिलाओं की है अनेक समस्याएं

**सुनील** जागलान ने बताया कि नेपाल की लड़कियों ने बताया कि नेपाल में घरेलू हिंसा, माहवारी को लेकर कुप्रथाएं, प्रॉपर्टी राईट्स की समस्या बहुत ज्यादा हैं। सुनील जागलान ने बताया कि नेपाल में सेल्फी विद डॉटर अभियान की विजेताओं को सम्मानित कार्यक्रम के अलावा पिरियड चार्ट अभियान, बेटियों के नाम नेम प्लेट अभियान, लाडो पंचायत अभियान शुरू किए जाएंगे। सुनील जागलान ने बताया कि सेल्फी विद डॉटर फाऊंडेशन के अलावा इस कार्यक्रम में सहयोगी भारत की तरफ से माईगाव, नेपाल के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, काठमांडू विवि, नेपाल इंटरनेंट फाऊंडेशन व भारत नेपाल फ्रेंडशिप क्लब, जेसीआई नेपाल सहयोग करेगी। सुनील जागलान के बीबीपुर मॉडल ऑफ विमेन एम्पॉवरमेंट एंड विलेज डेवेलपमेंट को तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने काफी पंसद किया। गौरतलब है कि सुनील जागलान के ग्रामीण विकास व महिला सशक्तिकरण के मॉडल के मुरीद भारत के प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति के अलावा विदेशी मिडिया भी रही है।

Good Morning!

मेवात पायनियर पलवल



# प्रो कबड्डी लीग: तावडू, घासेड़ा, सालाहेड़ी और सराय की टीमें विजयी

## हसनपुर के सरकारी स्कूल में रविवार को हुए कई मुकाबले

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**जिले** में खेली जा रही पांचवी प्रो कबड्डी लीग प्रतियोगिता में रविवार को तावडू उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हसनपुर में सुपर-8 टीमो के बीच में मुकाबले हुए। जिसमें तावडू, घासेड़ा, सालाहेडी और सराय की टीम ने जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के कार्यक्रम निदेशक नवीन लाठर ने बताया कि रविवार को हसनपुर सरकारी स्कूल प्रांगण में सालाहेडी, घासेड़ा तावडू, सराय , लुहिंगा, हसनपुर, टपकन और मेवात राइडर की टीमों के बीच सुपर-8 के मुकाबले हुए। रविवार के दिन प्रतियोगिता में पहला मुकाबला लुहिंगा और तावडू के बीच में हुआ जिसमें तावडू ने जीत दर्ज की, वहीं दूसरा टपकन और घासेड़ा के बीच हुआ जिसमें घासेड़ा , तीसरा मुकाबला सालाहेडी और मेवात राइडर के मध्य हुआ जिसमें सालेहेड़ी ने जीत दर्ज की तो वहीं चौथा मुकाबला हसनपुर और सराय के बीच में हुआ। जिसमें सराय ने जीत हासिल की। उन्होंने बताया कि पांचवी प्रो कबड्डी लीग प्रतियोगिता के सभी मुकाबले जिले के अलग-अलग उप मंडलों के अंतर्गत प्रत्येक रविवार को खेले जा रहे हैं। रविवार को प्रतियोगिता के कार्यक्रम में तेजपाल थानेदार ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी खेलते खिलाड़ी।

## जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक आज: उपायुक्त


**नूंह।** जिला उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि 29 नवंबर को दोपहर बाद 3 बजे जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक जिला सचिवालय के सभागार में आयोजित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल करेंगें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित शिकायत का जवाब अपने साथ लेकर आएं। उपायुक्त ने कहा है कि सभी अधिकारी समय पर बैठक में पहुंचना सुनिश्चित करें।

# सीएम की घोषणा पर अमल शुरू बदलेगा नूंह पुलिस का खाका

## डीजीपी पीके अग्रवाल ने पुलिस कप्तान वरुण सिंगला नूंह से रिपोर्ट मांगी

### मुख्यमंत्री ने पुलिस में तबादलों की कल जनसभा में की थी घोषणा

रिजवान कासिम। मेवात



**हरियाणा** प्रगति रैली महू चोपड़ा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा 5 साल से जमे पुलिस अधिकारियों के तबादले की घोषणा पर अमल शुरू हो गया है। जिले के पुलिस कप्तान वरुण सिंगला ने ऐसे पुलिस अधिकारियों की सूची तैयार करनी शुरू कर दी है, जो पिछले पांच वर्षों से मेवात जिले में ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं। रविवार को छुट्टी का दिन होते हुए भी हरियाणा के डीजीपी पीके अग्रवाल ने पुलिस कप्तान वरुण सिंगला नूंह से रिपोर्ट मांगी है। जिस पर संबंधित कर्मचारियों ने पूरा लेखा-जोखा एसपी नूंह के सामने रख दिया है।

जानकारी के मुताबिक मेवात जिले में तकरीबन 1500 पद अधिकारियों व कर्मचारियों के स्वीकृत हैं, इनमें से लगभग 1000 कर्मचारी व अधिकारी तैनात हैं। जिनमें लगभग 300 -400 होमगार्ड के जवानों के अलावा आईआरबी के जवान हैं, बाकि हरियाणा पुलिस के कर्मचारी हैं। आशंका जताई जा रही है कि 5 साल से नूंह में जमे एएसआई, सब इंस्पेक्टर, इंस्पेक्टर की संख्या 200 से अधिक हो सकती है। कुल मिलाकर मेवात पुलिस के 200-250 कर्मचारी इस तबादले के दायरे में आ सकते हैं, जो हवलदार से एएसआई व एसआई तक इसी जिले में प्रमोट हुए हैं।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल की इस घोषणा से मेवात पुलिस के उन अधिकारियों के चेहरे लटके हुए हैं, जो इस बारे में आते हैं। जिले में इस घोषणा को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है तो पुलिस महकमे ने इस पर अमल शुरू कर दिया है। आपको बता दें की हरियाणा प्रगति रैली के आयोजक पूर्व विधायक में अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नसीम अहमद ने शनिवार को महुं चोपड़ा में रैली के दौरान मंच से प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सामने मेवात पुलिस में फैले भ्रष्टाचार को उजागर किया था। जिसके बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि चंडीगढ़ जाते ही उन पुलिस अधिकारियों का तबादला कर दिया जाएगा, जो पिछले 5 साल से अधिक समय से यहां पर जमे हुए हैं।

कुल मिलाकर जिले के विकास के लिए मिली करोड़ों रुपए की सौगात की इतनी चर्चा जिले में नहीं हो रही है, जितनी चर्चा पुलिस विभाग के अधिकारियों के तबादले को लेकर की जा रही है। खास बात यह है कि मेवात पुलिस भ्रष्टाचार को लेकर पूरी तरह से बदनाम है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने यह कोई पहली बार नहीं कहा है विधानसभा चुनाव के दौरान बडकली चौक पर आयोजित एक जनसभा में भी प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मेवात की आवाम को भरोसा दिलाया था कि यहां जो पुलिस अधिकारियों की लूट है, उसे बंद किया जाएगा और जल्द ही ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनका तबादला किया जाएगा। मुख्यमंत्री की चुनावी घोषणा का इतना असर नहीं हो पाया था, लेकिन इस समय की गई घोषणा चुनावी नहीं है।

### अब बदलेगा पुलिस का चेहरा

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल की घोषणा के बाद 200-250 पुलिस अधिकारियों का तबादला होने के बाद मेवात पुलिस का चेहरा यानी कि स्वरूप पूरी तरह से बदल जाएगा। लंबे समय से मेवात में जमे पुलिस अधिकारियों के तबादले के बाद जिले में दलालों व रिश्वतखोरी का जाल भी कम होने से इनकार नहीं किया जा सकता। अब सवाल लाख टके का यह है कि अगर इतनी बड़ी संख्या में नूंह जिले से एएसआई/सब इंस्पेक्टर के तबादले होते हैं तो दूसरे जिलों से यहां कब तक और कितनी संख्या में पुलिस अधिकारियों की तैनाती की जाती है। अगर इसमें देरी होती है तो मेवात जिले में अपराधिक घटनाओं के बढ़ने से भी इनकार नहीं किया जा सकता, जो इलाके के लिए एक चिंता का सबब बन सकता है।

# किसानों की सभी लंबित मांगों को पूरा करे सरकार: दीपेन्द्र हुड्डा



पायनियर समाचार सेवा। मेवात

### किसानों का संघर्ष सदैव अमर रहेगा, उनका बलिदान पुश्तें याद रखेंगी

**सांसद** दीपेन्द्र हुड्डा ने शनिवार को पुन्हाना हलके के विधायक मोहम्मद इलियास के गांव कठपुरी पहुंचकर उनके पौत्र के असामयिक निधन पर शोक संवेदनाएं प्रकट कीं और परिवारजनों को ढांढस बंधाया। दीपेन्द्र हुड्डा ने हरियाणा के मुख्यमंत्री द्वारा देश के प्रधानमंत्री से मिलने के बाद दिए गए बयान पर स्पष्टीकरण मांगते हुए कहा कि उन्होंने बयान दिया है कि एमएसपी पर कानून बनाना संभव नहीं वो स्पष्ट करें कि ये उनके खुद के विचार हैं या प्रधानमंत्री जी के हैं।

हरियाणा की गठबंधन सरकार तो पहले भी तीन कृषि कानूनों की वापसी न होने की बात कहती रही है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार किसानों की सभी लंबित मांगों को पूरा करे और किसान आन्दोलन के दौरान जिन 700 से अधिक किसानों की जान गई देश की सरकार उनके परिवारों से माफ़ी मांगे और सदन किसानों को श्रद्धांजलि देकर सत्र की शुरुआत करे। वे स्वयं भी संसद के शीतकालीन सत्र में किसानों की सभी लंबित मांगों को पूरा करने का मुद्दा पहले की तरह पुरजोर तरीके से उठाएंगे।

दीपेन्द्र हुड्डा ने बताया कि आज किसान जिस एमएसपी गारंटी के कानून की लड़ाई लड़ रहा हैं। उसकी मांग सर्वप्रथम 23 नवम्बर, 1948 को संविधान सभा में चौ. रणबीर सिंह जी ने उठाई थी। किसान के हक में दिए गए उनके ऐतिहासिक प्रस्ताव के बाद एमएसपी प्रणाली का जन्म हुआ। उन्होंने कहा कि आगामी शीतकालीन सत्र में किसानों की मांगों के अनुरूप एमएसपी गारंटी कानून बनाने सहित अन्य लंबित मांगों को पूरा किया जाए।

# अवैध खनन और विस्फोटक सामग्री अधिनियम में चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

### पुलिस ने दो ट्रैक्टर, ड्रिल व कंप्रेसर और विस्फोटक सामग्री बरामद की

**उपमंडल** के अंतर्गत सहसोला पट्टी पहाड़ से सदर थाना पुलिस ने अवैध खनन करने के उद्देश्य से पहाड में लाए गए दो ट्रैक्टर, ड्रिल व कंप्रेशर मशीन सहित विस्फोटक सामग्री को बरामद किया है। मामले में चार नामजद आरोपियों के खिलाफ विस्फोटक सामग्री अधिनियम और अवैध खनन सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

सदर थाना प्रभारी रतन सिंह के मुताबिक शनिवार शाम पुलिस को सूचना मिली कि इरशाद अरशद व मुस्तफा निवासी किरूरी ठेकेदार जहीर निवासी पाटूका की शह पर सहसोला पट्टी में वेयर हाउस के पीछे पहाड़ में अपने ट्रैक्टरों ,कंप्रेसर व ड्रिल मशीनों के साथ-साथ विस्फोटक सामग्री को प्रयोग कर अवैध खनन कर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना कर रहे हैं। यदि मौके पर दबिश दी जाए तो आरोपियों को अवैध खनन के प्रयोग में लाई गई सामग्री सहित काबू किया जा सकता है। सूचना के मुताबिक पुलिस पहाड़ में पहुंची जहां पर तीन व्यक्ति अपने ट्रैक्टर ,ड्रिल कम्प्रेसर मशीनों और आदि सामान से पहाड़ में अवैध खनन कर रहे थे, तीनों व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर फरार हो गए।

# नूंह के लोगों को वैक्सीनेशन अवश्य करवाना चाहिए: सीएम

## मुख्यमंत्री की नूंह वासियों से कोरोना वैक्सीन को लेकर अपील की

### मुख्यमंत्री ने नूंह में वैक्सीनेशन में आई तेजी को लेकर उपायुक्त को सराहा

पायनियर समाचार सेवा। नूंह



**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नूह के निवासियों से अपील करते हुए कहा कि कोविड बहुत ही खतरनाक बीमारी है, इससे बचने का एकमात्र उपाय वैक्सीनेशन ही है इसलिए हमारे नूंह के लोगों को वैक्सीनेशन अवश्य करवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि यह संक्रमण किसी एक व्यक्ति को होता है तो धीरे-धीरे करके यह सारे इलाके को अपनी चपेट में ले लेता है इसलिए वैक्सीनेशन अवश्य लगाएं और किसी के बहकावे में और अफवाहों पर ध्यान ना दें।

मुख्यमंत्री ने नूंह के जिला उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह से वैक्सीन को लेकर जब पूछा तो जिला उपायुक्त ने बताया कि जिले के 47 गांव ऐसे हैं जो 100 फीसदी वेक्सीनेट हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि जिले में टीकाकरण काम तेजी से किया जा रहा है। पिछले 15 दिनों में टीकाकरण की रफ्तार तेज हुई है जल्द ही समुचित जिले को वेक्सीनेट कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इसके लिये उपायुक्त की कार्यशैली की सराहना भी की। मनोहर लाल ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार कोविड-19 को लेकर पूरी तरह से सचेत है और नागरिकों का स्वास्थ्य सरकार के लिए सर्वोपरि प्राथमिकता है। श्री मनोहर लाल ने कहा कि यह बीमारी बड़ी घातक है और हम सबको मिलकर इस बीमारी को भगाना है। इस बीमारी के रोजाना नए नए वेरिएंट आ रहे हैं इसलिए हमें अपने आप को बचाने के साथ-साथ लोगों को बचाए रखने के लिए भी वैक्सीन लगवानी होगी ताकि हम स्वयं तो बचें और अन्य लोग भी संक्रमण से बचाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना का नया वैरीअंट जोकि साउथ अफ्रीका में पाया गया है उससे निपटने के लिए हम पूरी तैयारी कर रहे हैं और इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे कोरोना की टेस्टिंग बढ़ाने का कार्य आरंभ कर दें। इसके साथ ही उन्होंने अपील करते हुए कहा कि कोरोना के नियमों जैसे कि सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क इत्यादि का प्रयोग अवश्य जारी रखें ताकि करोना से बचाव किया जा सके।

# पुन्हाना-पिनगवां में नहीं बन सका बाईपास रोड

## मुख्यमंत्री की घोषणा को हुए छह साल

### हररोज वाहन फंसे रहते हैं जाम के झाम में

### गर्भवती महिलाओं की रास्ते में ही हो चुकी है डिलीवरी

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



बाईपास ना होने से पुनहाना में लगा जाम।

**यूपी**-राजस्थान की सीमा से सटे नूंह जिले के पुन्हाना - पिनगवां शहर में सीएम की घोषणा के कई वर्ष बाद भी बाईपास नहीं बन सका है। बाईपास के निर्माण को लेकर दो सफेदपोश नेताओं में भी तलवारें खींच गई थीं। दोनों शहरों में सर्वे भी हुआ, लेकिन किसान भूमि अधिग्रहण की एवज में जो मुआवजा चाहते थे। उसे जिला प्रशासन और सरकार देने के मूड में नहीं दिखी। यहीं वजह रही कि सीएम मनोहर लाल खट्टर की इस घोषणा पर कोई अमल नहीं हुआ।

पुन्हाना-पिनगवां दोनों शहर पुन्हाना विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। पूर्व विधायक रहीस खान द्वारा अनाज मंडी पुन्हाना में आयोजित रैली में सीएम हरियाणा ने दोनों शहरों में बाईपास बनाने की मांग को मंजूर किया था। पुन्हाना शहर के मुख्य मार्ग पर वाहनों की संख्या अधिक होने के साथ-साथ अतिक्रमण, लड़की मंडी, क्रेशर-रोड़ी मार्केट, रेहड़ी , ट्रक मिस्त्री इत्यादि की मार्केट होने की वजह से रोजाना जाम जैसे हालात रहते हैं। नपा या जिला प्रशासन ने कई बार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया, लेकिन समस्या सुलझने की बजाय विकराल रूप धारण करती जा रही है। कई बार जाम में फंसकर महिलाओं की डिलीवरी तक रास्ते में हो चुकी है। पिनगवां कस्बे में सब्जी मंडी मुख्य मार्ग पर होने , अतिक्रमण, रेहड़ी इत्यादि होने की वजह से जाम लगा रहता है। जाम की समस्या इन दोनों शहरों की सबसे बड़ी समस्या बनती जा रही है। कई सालों से यह मामला अधर में लटका हुआ था, लेकिन मौजूदा सरकार में बाईपास की समस्या हल होती दिखाई दी। दो भाजपा नेताओं के एक दूसरे के विरोध में उतरने की वजह से मामला ठंडे बस्ते में चला गया। पुन्हाना-पिनगवां शहर में जिस तरफ से पूर्व विधायक रहीस खान बाईपास बनवाना चाहते थे, हज कमेटी चैयरमेन औरंगजेब दूसरी तरफ से बाईपास बनवाने की मांग करने लगे। दोनों नेताओं की खबरें मीडिया में भी प्रकाशित हुई। दो भाजपा नेताओं की टसल बाईपास का निर्माण कार्य शुरू होने में सबसे बड़ा रोड़ा साबित हो गया। लगता है मनोहर लाल सरकार में यह घोषणा सिर्फ कागजों में सिमट कर रह गई।

### छह साल से अधर में लटकी है मुख्यमंत्री की घोषणा

**सरकार** ने शहर की मुख्य सड़कों पर वाहनों के बढ़ते दवाब को देखते हुए पुन्हाना अनाज मंडी में 3 अप्रैल 2015 को हुई रैली में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पुन्हाना के साथ ही पिनगवां में भी बाईपास बनाने की घोषणा की थी। जिसके बाद इसका सर्वे भी लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया गया था, लेकिन इसके बाद बाईपास निर्माण योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया और नतीजन यह कि अब 6 साल से बाईपास निर्माण कार्य अधर में लटक है।

## मलेरिया, डेंगू की रोकथाम को सावधानियां बरतें

**फरीदाबाद।** मलेरिया व डेंगू के खात्मे को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूर्ण रूप से गंभीर एवं प्रयासरत है। कोविड-19 जैसी जानलेवा बीमारी के साथ-साथ मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग पैनी नजर बनाए हुए है।

इस बारे जानकारी देते हुए उपायुक्त जितेंद्र यादव ने नागरिकों से आग्रह करते हुए कहा कि वे स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें। एक जगह पर पानी को इक्ट्ठा न होने दें। उन्होंने बताया कि मच्छर ठहरे (एकत्रित) हुए पानी मे अंडे देते हैं, जिससे मलेरिया व डेंगू की बीमारी फैलाने वाले मच्छरों की बढ़ोतरी तेजी से होती है, इसलिए तुरंत प्रभाव से मलेरिया उन्मूलन की सभी टीम ठहरे हुए पानी मे काला तेल व टेमिफोस की दवाई का छिड़काव कर रहे हैं, ताकि मच्छर का लारवा खत्म हो सके और जानलेवा बीमारी फैलाने वाले मच्छरों की उत्पत्ति पर पूर्ण रूप से रोक लग सके।

# संक्षिप्त समाचार

## दिल्ली से आने वाले हर आह्वान को लागू करेगा संकिमा



बैठक में भाग लेते हुए संयुक्त किसान मोर्चे के पदाधिकारी।

**कैथल।** संयुक्त किसान मोर्चा कैथल दिल्ली से आने वाले हर आहवान को जिले में लागू करेगा। चार दिसंबर की राष्ट्रीय मोर्चा की बैठक में वर्तमान आंदोलन पर जो भी आंदोलन की रूपरेखा घोषित होगी उसे कामयाबी तक ले जाने के लिए तत्पर रहेगा। आज संयुक्त किसान मोर्चा कैथल की एक बैठक भगत सिंह भवन कैथल में यह निर्णय लिया गया। जिसकी अध्यक्षता किसान नेता सुरजीत सिंह बैनीवाल ने की। बैठक में किसान आंदोलन की समीक्षा करते हुए भरत सिंह बैनीवाल, महेन्द्र सिंह किसान सभा ने बताया कि, किसान आंदोलन ऐतिहासिक रहा है। सरकार के हर प्रकार के षडयंत्रों व साजिशों का शांती व अनुशासन के साथ एकता के बल पर मुकाबला करते हुए कामयाबी की ओर बढाया गया है। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री व अन्य सरकार के नेताओं के इस ब्यान कि एमएसपी है, थी व रहेगी व अब कह रहे हैं कि यह एमएसपी देना असंभव है, की कड़ी आलोचना बैठक में की गई। मजदूर नेता नरेश रोहेडा व अमृत लाल ने सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं, भवन निर्माण व कल्याण बोर्ड, मनरेगा आदि को सरकार समाप्त कर रही है व अनका बजट घटाया जा रहा है तथा सरकार केवन उन पर सूखी वाहवाही लूट रही है व गुमराह कर रही है। संयुक्त किसान मोर्चा मजदूरों व कर्मचारियों के मुद्दों पर उनका सहयोग व समर्थन करेगा। संयुक्त किसान मोर्चा खेती व मजदूरों की मांगों व समस्याओं के समाधान बारे लगातार जनता के बीच रहेगा। आज की बैठक में जय प्रकाश शास्त्री, राधा कृष्ण शर्मा, सतपाल आनंद, रामपाल चहल, रामफल नौच, नामकला बालू, आजाद नीम वाला, सुखपाल खुराना आदि भी उपस्थित रहे।

## मोटरसाइकिल चोरी में आरोपी पर मुकदमा दर्ज

**तावडू।** उपमंडल के गांव खोरी कलां के समीप भिवाड़ी सीमा से एक साइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले में मोटरसाइकिल मालिक के बयान पर एक आरोपी के खिलाफ सदर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।राम कॉलोनी खोरी कला निवासी श्रवण शर्मा ने बताया कि गत 26 नवंबर को वह अपनी हीरो स्पलेंडर मोटरसाइकिल पर सवार होकर भिवाड़ी बॉर्डर पर गया था, शाम 7:30 बजे के करीब उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल को वहां पर एक दुकान के पीछे खड़ा किया था। इसके बाद वह सामान लेने दुकान में अंदर चला गया। श्रवण का कहना है कि जब थोड़ी देर बाद वह दुकान से बाहर आया तो उनकी मोटरसाइकिल वहां से गायब थी। जिसकी उन्होंने अपने स्तर पर छानबीन शुरू कर दी। आरोप है कि छानबीन में उन्हें पता चला कि उनकी मोटरसाइकिल को फैशल निवासी खोरी कला ने चुराया है। सदर थाना प्रभारी रतन सिंह ने बताया कि आरोपी फैशल को गिरफ्तार कर मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है।

## गुम हुए डेबिट कार्ड से 40 हजार रुपये निकाले, मुकदमा दर्ज

**तावडू।** उपमंडल के गांव शिकारपुर में गुम हुए एक डेबिट कार्ड से 40 हजार रूपये निकालकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। घटना के लगभग तीन हफ्ता बीत जाने के बाद सदर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।शिकारपुर निवासी आसिफ ने बताया कि गत एक नवंबर को उनका एचडीएफसी बैंक खाते का एटीएम गांव में गिरकर गुम हो गया था। आसिफ के मुताबिक अगले दिन उनके खाते से 40 हजार रुपये निकालने का संदेश उन्हें मोबाइल पर मिला। आरोप है कि उनके साथ किसी ने धोखाधड़ी की है। गत 15 नवंबर को उन्होंने तावडू सदर थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई। जांच अधिकारी हेड सुनील कुमार ने बताया कि साइबर सेल से जांच के कराने के बाद पीड़ित आसिफ की शिकायत पर गत शनिवार को मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

## युवा वोट बनवाने के लिए कल तक करें आवेदन: डीसी

**नूंह।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह ने जिला के युवाओं का आह्वान किया कि ऐसे युवा जिनकी आयु एक जनवरी 2022 को 18 वर्ष या इससे अधिक हो गई है वे अपना वोट अवश्य बनवाएं। ऐसे युवा अपना नाम मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने के लिए निर्धारित फार्म भरकर संबंधित बीएलओज के पास जमा करवा सकते हैं। डीसी ने बताया कि चुनाव आयोग की ओर से नूह जिला में मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान 30 नवंबर तक दावें व आपतियां प्राप्त की जा रही हैं। डीसी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी की गई वोटर हेल्पलाइन एप अब गूगल प्ले स्टोर पर भी उपलब्ध है। अब आमजन मतदाताओं से संबंधित विभिन्न सेवाओं व सुविधा के लिए वोटर हेल्पलाइन एप को डाउनलोड कर प्रयोग कर सकते हैं। इसके माध्यम से मतदाता एक टच पर मतदाता पहचान पत्र डाउनलोड करने के साथ-साथ मतदाता सूची में नाम ढूंढ़ सकते हैं। मतदाता सूची खोज सकते हैं। शिकायत कर सकते हैं और फॉर्म भी भर सकते हैं। इस एप के माध्यम से वोटर कार्ड व अन्य परेशानियों का समाधान किया जा सकता है।

## 24 साहित्यकारों को किया गया सम्मानित

**कैथल।** साहित्य सभा कैथल द्वारा आज स्थानीय आरकेएसडी कालेज में हरियाणा साहित्य अकादमी पंचकूला के सहयोग से वार्षिक कवि-सम्मेलन, पुस्तक-लोकार्पण एवं सम्मान-समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर माधव कौशिक उपाध्यक्ष केंद्रीय साहित्य अकादमी नई दिल्ली ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। सम्पूर्ण समारोह की अध्यक्षता डॉ चंद्र त्रिखा निर्देशक हरियाणा साहित्य अकादमी एवं उर्दू अकादमी पंचकूला ने की। इनके साथ मंच पर साहित्य सभा के संरक्षक एवं प्राचार्य आरकेएसडी कालेज डॉ संजय गोयल विराजमान रहे। मंच संचालन डॉ प्रद्युम्न भल्ला ने किया। अतिथिगणों का स्वागत और अभिनंदन करते हुए डा. संजय गोयल ने कहा कि साहित्य विज्ञान से कहीं अधिक सशक्त होता है। अपने उद्बोधन में प्रोफेसर अमृत लाल मदान ने कहा कि हम हाडमांस के साये हैं। भू-नभ के संगम पर जाये हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि माधव कौशिक ने कहा कि हमें आज उपलब्ध तकनीकी साधनों को साधना से जोड़ लेना चाहिए। नेट पर साहित्य का विशाल भंडार उपलब्ध है। आपकी पुस्तकें पत्र-पत्रिकाओं ,पाठकों और विद्वानों तक पहुँचनी चाहिएं। हरियाणा साहित्य अकादमी की पूर्व निर्देशक डॉ0 मुक्ता ने कहा कि हमें समसामयिकता की ओर ध्यान देना चाहिए और अपनी शक्ति को पहचानना चाहिए। हरियाणा साहित्य अकादमी के निदेशक डा चंद्र त्रिखा ने कहा कि हमें आप रहे बदलावों को स्वीकार कर लेना चाहिए। संस्कारों से समझौता नहीं करना चाहिए। लिखते समय ध्यान रखें कि आपकी रचनायें सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचने हैं। ईमानदारी से काम करें। गुणवत्ता से समझौता न करें। माधव कौशिक ने कवि के रूप में एक गजल के शेर में कहा, दिल में हर दम चुभने वाला कांटा सही सलामत दे।

मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

कासिम खान

ब्यूरो प्रमुख ( साउथ हरियाणा )

9050976800

9416103259

ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मत्री मार्केट पिनगवां, मेवात।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद ( हरियाणा ) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : ( 0129 ) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# दुग्ध उत्पादक भारत

## भारी घरेलू मांग

शुक्रवार को भारत के 'मिल्क मैन' वर्गीज़ कुरियन की जन्म शताब्दी थी। वे 'आपरेशन फ्लड' के जनक थे और उन्होंने डेरी फार्मिंग को भारत के सबसे बड़े टिकाऊ, आत्मनिर्भर तथा ग्रामीण क्षेत्र में सबसे अधिक रोजगार देने वाले उद्योग में बदल दिया है। लगभग 200 मिलियन टन वार्षिक उत्पादन के साथ भारत दुनिया के दुग्ध उत्पादन का पांचवां हिस्सा पैदा करता है। हमारी प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता 400 ग्राम है, जबकि दुनिया में यह प्रतिदिन लगभग 300 ग्राम है। इस क्षेत्र के सम्मानित ब्रांड आनन्द मिल्क यूनियन लिमिटेड का अमूल है जिसका प्रबंधन गुजरात सहकारी दुग्ध मार्केटिंग फेडरेशन करता है। इसने 'श्वेत क्रांति' में केंद्रीय भूमिका निभाई है। मिल्क मैन ने अपने पीछे गौरवपूर्ण विरासत छोड़ी है, पर वे एक व्यक्ति के रूप में बहुत दूरदर्शी थे। ऐसे में भारतीय डेरी क्षेत्र के समक्ष मौजूद अनेक चुनौतियों और विवादों पर गौर किया जाना चाहिए। भारत अभी दुनिया के सर्वोच्च दुग्ध-निर्यातक देशों में शामिल होने से बहुत दूर है क्योंकि हमारी घरेलू मांग बहुत है और अधिकांश उत्पादन उसे पूरा करने में लग जाता है। भारत भले ही दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर हो, पर केवल 10 राज्य कुल उत्पादन का दो-तिहाई से अधिक पैदा करते हैं। दूध की प्रति व्यक्ति उपलब्धता के मामले में केवल नौ राज्य राष्ट्रीय औसत से प्रतियोगिता करते हैं। अधिकांश राज्यों में स्वस्थ सहकारी डेरी नेटवर्क का अभाव है। इन राज्यों के अधिकांश किसानों को उचित मूल्य नहीं मिलता है। यहां निवेश पर लाभ बढ़ाने के लिए कदम



उठाने की जरूरत है। इनमें गायों की गुणवत्ता भी शामिल है। देशी गायों से उत्पादन विशिष्ट क्रासब्रीड गायों की तुलना में बहुत कम है। इसका जवाब क्रासब्रीडिंग है, लेकिन देश ने केवल 2019 में राष्ट्रव्यापी कृत्रिम इन्सीमिनेशन कार्यक्रम द्वारा इस दिशा में कदम उठाए हैं। लेकिन गायों के प्रति भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक क्षेत्र में बढ़ती संवेदनशीलता तथा इनके व डेरी उत्पादों के प्रति राष्ट्रवादी जुड़ाव को देखते हुए हमें क्रासब्रीडिंग पर गंभीरता से विचार करना होगा क्योंकि स्वदेशी किस्मों को प्रोत्साहित करना एक राजनीतिक आंदोलन बन गया है।

अमेरिका की तरह भारत में गाय जैसे मवेशियों का भारतीय जीवनशैली, राजनीति व संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है। अमेरिका में दूध संबंधी व्यापक कानूनी ढांचा उपलब्ध है, जबकि भारतीय संविधान में गौ कल्याण पर स्पष्ट प्राविधान है। विभिन्न कारणों से दोनों देशों में गायों को राजनीति में विशेष स्थान प्राप्त है जो धार्मिक समुदायों व विचारधाराओं के बीच वर्तमान विविधताओं को अभिव्यक्त करता है। बूढ़ी गायों को वध के लिए बेचने के किसानों के अधिकार पर हिंदू बनाम मुस्लिम बहस होती है और ऐसे में किसानों की आजीविका के लिए बूढ़े मवेशियों के बजाय छोटे मवेशियों को प्राथमिकता देने में स्लाटर की भूमिका अनदेखी हो जाती है। स्कूलों के मिड डे मील में अंडों के बजाय दूध शुरू करने से दूध बनाम अंडों तथा शाकाहारवाद पर बहस शुरू हुई है। वर्तमान समय में दूध तथा डेरी उत्पाद एक दुहरे विवाद में घिर गए हैं। पीपुल्स फार द इथिकल ट्रीटमेंट आफ एनीमल्स-पेटा न केवल अमूल से वेजेन दूध की दिशा में बढ़ने, बल्कि डेरी उद्योग में जानवरों के प्रति क्रूरता रोकने की मांग कर रहा है। इसके साथ ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली में दूध को शामिल कर एक 'श्वेत' तूफान पैदा करने की मांग भी हो रही है क्योंकि गरीबों को भी दूध पीने का अधिकार है।

# तालिबान के बदलने की उम्मीद नहीं

**विभिन्न विवरणों से स्पष्ट है कि तालिबान पर लगने वाले नियंत्रण अस्पष्ट व जोखिम भरे हैं जिससे उनको किसी पर भी हमला करने का अवसर मिल गया है।**



**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक दि पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)



लगातार स्पष्ट होता जा रहा है कि तालिबान की सत्ता में दोबारा वापसी 1996-2001 में उनके व्यवहार की तरह रहेगी। तालिबान की पूर्व सरकार में महिलाओं को सभी क्षेत्रों से बाहर रखा गया था जिनमें रोजगार, शिक्षा तथा स्वास्थ्यरक्षा भी शामिल हैं। वे बिना 'नजदीकी' पुरुष रिश्तेदार की सुरक्षा में सार्वजनिक रूप से बाहर नहीं आ सकती थीं जिनमें पति, पिता, पुत्र या भाई शामिल हैं तथा उनको सिर से पैर तक बुर्का पहनना पड़ता था। लोगों को मनोरंजन तथा आनन्द उठाने के सभी साधनों से वंचित कर पूर्वाग्रहों से भरे जीवन में कैद कर दिया गया था। इसके साथ ही एक क्रूर अपराध दंड प्रणाली लागू की गई थी जिसमें सार्वजनिक स्थानों पर मृत्यु दंड तथा चोरी के लिए हाथ-पैर काटने जैसे दंड शामिल थे। इस बार भी संकेत मिल रहे हैं कि धीरे-धीरे ऐसे ही नियंत्रण लगाए जा रहे हैं। एएफपी व बीबीसी के अनुसार मूल्य प्रोत्साहन व दुर्गुण निवारण मंत्रालय द्वारा हाल में जारी नए 'धार्मिक दिशानिर्देश' इसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इनमें अफगानिस्तान के टेलीविजन चैनलों को अन्य बातों के साथ ही एसे नाटक व सोप ओपेरा दिखाने पर प्रतिबंध लगाया गया है जिनमें महिला कलाकार काम कर रहे हों। महिला पत्रकारों व प्रस्तुतकर्ताओं को पर्दे पर आने के समय इस्लामी हिजाब पहनना जरूरी कर दिया गया है। पैगंबर हजरत मुहम्मद या अन्य विशिष व्यक्तियों को दिखाने वाली फिल्मों पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। शरीया सिद्धान्तों, इस्लामी कानून तथा अफगान मूल्यों के खिलाफ समझी जाने वाली फिल्में भी नहीं दिखाई जा सकती हैं। धर्म की निन्दा करने वाले कामेडी या मनोरंजन तथा अफगानों के प्रति आक्रामक दृष्टिकोण वाले कार्यक्रमों को भी दिखाने पर रोक लगाई गई है।

इन नियंत्रणों को स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं किया गया है और विभिन्न व्याख्याओं के कारण तालिबान आदेश लागू करवाने वालों को किसी पर भी उसे अपराधी बता कर हमला करने का व्यापक अवसर मिल जाता हैं यह पहले ही संगीतकारों के साथ हो रहा है। हालांकि, तालिबान के पहले शासनकाल की तरह संगीत पर प्रतिबंध तो नहीं लगाया गया है, पर गायकों व संगीतकारों को परेशान किया जा रहा है। उनके संस्थानों पर हमले हो रहे हैं तथा उनके वाद्य उपकरणों को तोड़ा जा रहा है। वे भय में जी रहे हैं और उनमें से बहुत से लोगों ने देश छोड़ने का प्रयास भी किया है। यह भावना बढ़ रही है कि संगीत अफगान लोगों के जीवन से गायब हो जाएगा। यदि ऐसा होता है तो यह एक त्रासदी होगी। अफगानिस्तान में संगीत की जीवन्त परंपरायें रही हैं जिन पर भारतीय तथा ईरानी शास्त्रीय संगीत का प्रभाव रहा है। इसके साथ ही पिछले दिनों अफगानिस्तान में पॉप संगीत परिदृश्य उभर रहा था जिसमें एलेक्ट्रानिक व वाद्य संगीत के साथ ही नृत्य की धुनें तथा परंपरागत धुनें शामिल थीं।

अफगानिस्तान में वही न्याय प्रणाली फिर उभर कर सामने आ रही है जो तालिबान के पहले शासनकाल में थी। 25 सितंबर, 2021 को चार लोगों की लाशें हेरात शहर में सार्वजनिक स्थलों पर संदेश देने के लिए टांगी गईं। इन पर अपहरणकर्ता होने का आरोप था और वे पुलिस की गोलीबारी में मारे गए थे। प्रांत के उप-गवर्नर मौलवी शीर अहमद मुजाहिर के अनुसार यह एक 'संदेश' था कि अपहरणकर्ताओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसे एक विकृति या अपवाद नहीं माना गया। यह इस तथ्य से स्पष्ट है कि यह कदम तालिबान के संस्थापक मुल्ला नूरुद्दीन तुराबी के आदेश पर उठाया गया। तराबी कुख्यात मूल्य संवर्धन एवं दुर्गण निवारण विभाग के प्रमुख भी हैं जिसने तालिबान के पहले वाले शासन में कठोर नियम और कानून सख्ती से लागू किए थे। उन्होंने एपी के काठी गैनन को एक साक्षात्कार में बताया कि उस समय लागू किए गए दंड फिर लागू किए जाएंगे, हालांकि इनको सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 'सुरक्षा के लिए हाथ काटना बहुत जरूरी' है और इससे अपराध रोकने में सहायता मिलती है। वर्तमान समय में अफगानिस्तान में मीडिया पर भारी दबाव है। सरकारी मीडिया व सूचना केंद्र के अंतरिम निदेशक कारी मुहम्मद यूसुफ अहमद ने 19 सितंबर, 2021 को 11 बिंदुओं वाले दिशानिर्देश जारी किए हैं। इनमें इस्लाम से टकराव वाली या राष्ट्रीय व्यक्तित्वों का अपमान करने वाली सामग्री प्रकाशित न करने के निर्देश शामिल हैं। पत्रकारों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सरकारी मीडिया कार्यालय से समन्वय बना कर खबरें तैयार करें। यह घोषणा मीडिया स्वतंत्रता पर भारी हमला है। इसके साथ ही पत्रकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं तथा उन पर दूसरे तरीकों से भी दबाव डाला जा रहा है। तालिबान के सत्ता में आने के बाद से 153 मीडिया संस्थान या तो प्रभावी रूप से बंद हो गए हैं अथवा परिदृश्य से गायब हो गए हैं।

**पत्रकारों पर लगातार हमले हो रहे हैं तथा उन पर दूसरे तरीकों से भी दबाव डाला जा रहा है। तालिबान के सत्ता में आने के बाद से 153 मीडिया संस्थान या तो प्रभावी रूप से बंद हो गए हैं अथवा परिदृश्य से गायब हो गए हैं। महिलाओं की परेशानियां धीरे-धीरे तालिबान की पूर्व सरकार की तरह बढ़ने लगी हैं। काबुल के मेयर ने महिलाओं को घरों पर रहने के आदेश दिए हैं**

ऐसा लगता है कि महिलाओं की परेशानियां धीरे-धीरे तालिबान की पूर्व सरकार की तरह बढ़ने लगी हैं। 7 सितंबर, 2021 को घोषित अंतरिम सरकार के 33 मंत्रियों में से एक भी महिला नहीं थी। इसके बाद जब 21 सितंबर, 2021 को मंत्रिमंडल का विस्तार कर उसमें 44 मंत्री बनाए गए, तब भी उनमें एक भी महिला नहीं थी। तालिबान प्रवक्ता जबीउल्ला मुजाहिद ने महिलाओं को बाद में मंत्रिमंडल में शामिल करने की संभावना जताई थी, पर उन्होंने इसके लिए कोई समयसीमा नहीं निर्धारित की थी। इसे देखते हुए तालिबान के दूसरे शासनकाल में पहले शासनकाल की तुलना में कोई उम्मीद नहीं पैदा होती है। दर्शकों में महिलाओं की उपस्थिति होने के कारण आईपीएल मैचों के दूरदर्शन से प्रसारण पर भी रोक लगाई गई। काबुल के मेयर ने महिलाओं को घरों पर रहने के आदेश दिए हैं और अपवादस्वरूप केवल उन महिलाओं को अनुमति दी गई है जिनके काम पुरुष नहीं कर सकते हैं। लड़कियों के स्कूलों के बजाय केवल लड़कों के सेकेंड्री स्कूल खोलने की अनुमति मिली है। तालिबान द्वारा नियुक्त काबुल विश्वविद्यालय के उप-कुलपति ने महिलाओं के परिसर में उस समय तक प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है, जब तक उनके लिए 'सच्चा इस्लामी परिवेश नहीं प्रदान कर दिया जाता है।' ये ऐसे उदाहरण हैं जिनसे महिलाओं के प्रति तालिबान का दृष्टिकोण पूरी तरह स्पष्ट होता है। यह वर्तमान सरकार में महिला अधिकारों के लिए शुभ संकेत नहीं है। महिला मामलों का मंत्रालय बंद करने से तालिबान सरकार का महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण सर्वाधिक स्पष्ट हो जाता है। इस मंत्रालय वाली इमारत में अब मूल्य संवर्धन एवं दुर्गण निवारण मंत्रालय खोला गया है। यह मंत्रालय तालिबान की पहले शासनकाल में भी था।

# आसमान से मौत बरसाते ड्रोन

**"आप क्वाड काप्टरों को गोली मार कर गिरा सकते हैं, पर वे छोटे व तेज गतिशील निशाने हैं।"**

**गुइन डायर**
(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं)



फरवरी में मध्यपूर्व में वरिष्ठ अमेरिकी कमांडर तथा अमेरिकी मैरीन जनरल कीनिथ मैकेंजी जूनियर ने कहा था कि वाणिज्यिक रूप से उपलब्ध क्वाडकाप्टर ड्रोन थोड़ी मात्रा में विस्फोटक ले जा सकते हैं और वे 'ईराक में इंप्रोवाइज्ड विस्फोटक उपकरणों के उभार के बाद सर्वाधिक चिन्ताजनक टैक्टिकल बदलाव' हैं। अब ड्रोन राजनीतिक हथियार भी बन गए हैं और इस मुद्दे पर स्थिति और खराब होने वाली है। दो सप्ताह पहले तीन क्वाडकाप्टर बगदाद के अत्यधिक सुरक्षित 'ग्रीन जोन' में घुसे और ईराकी प्रधानमंत्री मुस्तफा अल कदीमी के घर पर हमला किया। दो ड्रोन मार गिराए गए, पर तीसरे ने कदीमी के घर के दरवाजे पर विस्फोटक गिराए जिससे कम से कम पांच सुरक्षा गार्ड घायल हुए तथा प्रधानमंत्री की कलाई में भी चोट लगी। यदि वे मर जाते तो वे ड्रोन में मारे जाने वाले पहले वरिष्ठ राजनेता होते, लेकिन ऐसा होना शायद किसी अन्य की किस्मत में है। लंबी दूरी के लाखों रुपये वाले ड्रोन एक दशक से अधिक समय से लोगों को रिमोट से मार रहे हैं, लेकिन ये बड़े विमान जैसे थे और भारी मात्रा में विस्फोटक ले जाने के साथ घनी शहरी बस्तियों से दूर रहते थे। पिछले साल आर्मीनिया के खिलाफ उन्होंने अजरबैजान की युद्ध जीतने में सहायता की थी जो किसी 'परंपरागत युद्ध' में उनका पहला निर्णायक प्रयोग था। लेकिन अब वे एकदम अलग काम करना चाहते हैं।



जनरल मैकेंजी के अनुसार, 'मैं ऐसे ड्रोनों की बात कर रहा हूं जिनको आप किसी कास्टको में 1,000 डालर में खरीद सकते हैं।' यदि आपके पास परिष्कृत विस्फोटक उपकरण बनाने में सक्षम कुछ लोग हों तो आवश्यकतानुसार थोड़े बड़े ड्रोन खरीद लें जो दो या तीन किलो विस्फोटक ले जा सकते हों। इसके बाद आप खतरनाक मिशन अंजाम दे सकते हैं। राजनीतिक हत्याओं का जो स्वर्ण युग लगभग एक शताब्दी पहले था और अब खामोश हो गया था, संभवत: फिर वापस लौट रहा है। आप निश्चित रूप से क्वाडकाप्टरों को गोली मार सकते हैं, पर वे छोटे तथा तेजी से गतिशील निशाने होते हैं। उनको बड़ी संख्या में छोड़ा जा सकता है और अंतिम क्षण तक वे घनी शहरी बस्तियों में नीची उड़ान भरते हुए निगरानी से बच सकते हैं। यदि उनका सक्रिय संचालन किया जा रहा हो तो उनके सिग्नल जाम किए जा सकते हैं, पर यदि वे पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के आधार पर जीपीएस प्रयोग से संचालित हो रहे हों तो जाम करने के लिए कोई सिग्नल नहीं होगा। उनका पता लगाना बहुत कठिन है। यदि आप विस्फोट के बाद उनके टुकड़े तलाश लें तो भी उन पर ऐसे कोई निशान नहीं होंगे जिनसे पता चल सके कि किस व्यक्ति ने उनको खरीदा था। ईराक की हालिया घटना इसलिए भी असहज करने वाली है कि कदीमी की पार्टी को अक्टूबर के चुनाव में नई सरकार गठित करने का जनादेश मिला था, जबकि ईरान-समर्थक मिलिशियाओं को संसद में दो तिहाई सीटों से हाथ धोने पड़े थे। यह आश्चर्यजनक रूप से बहुत निष्पक्ष चुनाव था, पर मिलिशियाओं ने इसे भ्रष्ट कहा था।

उन्होंने ट्रंप का नारा भी दुहराया था कि 'चोरी रोको'। 5 नवंबर को मिलिशिया के पत्थरबाज समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए ग्रीन जोर पर धावा बोला था। इस पर पुलिस को गोली चलानी पड़ी जिसमें दर्जनों लोग घायल हुए थे तथा कम से कम एक-दो प्रदर्शनकारी मरे भी थे। इसके केवल दो दिन बाद ग्रीन जोन के भीतर स्थित कदीमी के 'सुरक्षित' घर के भीतर हमला हुआ। अपरिहार्य रूप से इस तकनीक का ईराक के बाहर भी तेजी से प्रसार होगा और हर देश के राजनेता व प्रमुख व्यक्तियों को इससे खतरा पैदा होगा। इसमें अत्यधिक सुरक्षित लोग भी शामिल हैं। उनको पहले से अधिक सुरक्षा की जरूरत होगी और वह भी सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं होगी। यह तरीका एक कदम और आगे बढ़ सकता है। आमतौर से हत्यारे ड्रोन का उसके संचालक से सीधा रेडियो संपर्क नहीं होता है, लेकिन यदि वह व्यक्ति चेहरा पहचानने वाली तकनीक प्रयोग करे तो बाहरी लोगों पर रिमोट हमले किए जा सकते हैं और इसमें उसका 'अपना नुकसान' होने की संभावना तुलनात्मक रूप से कम होगी।

ऐसे में लगता है कि कुछ भी सुरक्षित नहीं है। पुराने राजा भोजन परीक्षण के लिए लोग रखते थे ताकि उनको जहर न दिया जा सके। आज राष्ट्रपतियों और प्रधानमंत्रियों को अलग किस्म की सुरक्षा की जरूरत है।

## आप की बात

### स्वागतयोग्य निर्णय

**सरकार** द्वारा किसानों द्वारा धन और गेहूं की फसलों के अवशेष जलाने वाले किसानों पर मुकदमा दर्ज करने का प्रावधान खत्म कर दिया। कृषि मंत्री तोमर ने कहा कि किसानों के खिलाफ कोई भी पराली जलाने वाले मामलों में दंडात्मक कार्यवाही नही होगी। किसानों की पराली जलाने के मामले में मुकदमा दर्ज करने की मांग सरकार ने मान लिया है। इसके पहले किसानों के हित में सरकार ने तीनों कृषिकानूनो को वापस लेने की घोषणा किया था। सरकार किसानों के हितो को सर्वोपरि मानकर संसद में पारित कानून को वापस ले रही है। लेकिन किसान आंदोलन जारी रहना चिन्तनीय है।किसानों के कुछ नेताओं द्वारा हठधर्मिता की जा रही है। किसानों को भी अपने कृषि धर्म को निभाते हुये यंत्रीकरण से हो रहे नुकसान की ओर ध्यान देना होगा। जो पराली जलाकर पशुओं के चारे और पर्यावरण में प्रदूषण को बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। उसके परिणामों का असर बढ़ता वायु प्रदूषण और किसानों का गम्भीर बीमारियों से ग्रसित होना है। आज कार्य मशीनों और खर पतवारों को भी नष्ट करने के लिये घातक रासायनिक दवाओं और फसल उत्पादन के लिये अंधाधुंध रासायनिक खादों का प्रयोग वायु जल और मृदा प्रदूषण को बढ़ाता जा रहा है।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

### कोरोना का नया वैरियंट

**देश** दुनिया में विगत समय की कोरोना महामारी की त्रासदी से कुछ राहत जरूर मिली थी। परन्तु फिर कोरोना के वेरियंट दस्तक देने की आहट से चिंता की लकीरों को बड़ा रहे है। समाचार पत्रों के आधार पर नए वेरिएंट की दहशत से ब्रिटेन ने 6 अफ्रीकी देशों से उड़ानों पर रोक लगाई ।द. अफ्रीका में मिले नए वेरियंट बोत्सवाना बी.1.1.5298 की शुरुवाती रिपोर्ट्स बेहद चौकाने वाली है। द.अफीका के तीन प्रांतो में रोज़ मिलने वाले नए मरीजो अब 90 प्रतिशत केस इसी वेरियंट के है जो की 15 दिन पहले सिर्फ 1त्न थे। वैज्ञानिकों की चिंता की लकीरें कहती है कि अभी तक तेजी से फैलने वाला वेरियंट डेल्टा था। अब बोत्सवाना से कही देशो को नई लहर का खतरा मंडराने लगा। क्योंकि यह डेल्टा से 7 गुना तेजी से फैलता है। हालांकि राहत भरी बात यह भी है कि इस वेरियंट का एक भी केस भारत मे नही मिला है। खैर कोरोना महामारी ने हम सभी को हर परिस्थितियों में जीना जरूर सीखा दिया। परन्तु आने वाले खतरों को देखते हुए हमें पुन: सतर्कता पूर्वक , व कोविड की नियमो के अंतर्गत कोरोना की काली छाया से बचना होगा। अक्सर देखा गया है कि लोगों के मन में कोरोना का भय पूरी तरह समाप्त हो गया।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### घटती सजगता

**एक** समय वो था जब कोरोना का नाम सुनते ही लोग डर से व्याकुल हो उठते थे लेकिन बात करे आज की तो डरना तो दूर लोग उसके अस्तित्व को ही झुठला रहे हैं। आज भले ही महामारी की तीव्रता कम हुई है लेकिन उसके प्रभावो से बनने वाली स्थितियां अभी भी बरकरार है। दरअसल लोग कोरोना प्रोटोकॉल्स की धज्जियां उड़ाने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे है, गली, कूचों से महफिलो तक लोग महामारी की गंभीरता को नाकार रहे हैं। ग़ौरतलब है की आज लोग क्यूं कोरोना गाइडलाइन्स का पालन नहीं कर रहे हैं? शायद आपसी देखा देखी और बेवजह रोक टोक की वजह से, जो समाज की एक आम फितरत भी है। जब एक बड़ा तबका किसी चीज को नहीं मानता और करता है, तो उससे प्रभावित होकर एक बड़ी जनसंख्या वही चीज करने से हिचकीचती व शरमाती है। बात कुछ भी हो लेकिन ये नहीं भूलना चाहिए की कोरोना अभी अस्तित्व में है। हमें जितना हो सके इससे अपने और अपनों को बचाकर रखना है, आज स्थिति भले बेहतर है; लेकिन स्थिति को ठीक करना अभी बाकी है।

– **निखिल रस्तोगी,** कुरुक्षेत्र विवि

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**यह** सच है कि यह स्टार्टअप का युग है और यह भी सच है कि स्टार्टअप के क्षेत्र में भारत एक तरह से दुनिया में अग्रणी है।

– **नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**डब्ल्यूएचओ** द्वारा घोषित कोविड के नए प्रतिरूप को भारत में प्रवेश करने से रोकने के लिए हमें हर संभव प्रयास करने चाहिए। मैं प्रधानमंत्री से तत्काल प्रभाव से इन क्षेत्रों से उड़ानें बंद करने का आग्रह करता हूं।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**जब** किसानों के विरुद्ध केस वापसी मुद्दा अंतिम रूप तक पहुंचेगा, उस समय केंद्र क्या कहता है, हम उसी के अनुसार निर्णय लेंगे।

– **मनोहर लाल खट्टर**
हरियाणा के मुख्यमंत्री

# महात्मा फूले ने अनेक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए किया था संघर्ष : विधायक सर्राफ

## महात्मा फुले की पुण्यतिथि पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

### कहा, भारत रत्न बाबा साहब अंबेडकर के प्रेरणा स्त्रोत थे महात्मा ज्योतिबा फुले

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी



**शिक्षा** के अग्रदूत, देश में पहला स्कूल खोलने वाले, भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रेरणा स्त्रोत महात्मा ज्योतिबा फुले की पुण्यतिथि रविवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर में 290 लोगों की ईसीजी, शुगर, बीपी सहित अन्य बीमारियों की जांच कर नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि विधायक घनश्याम सर्राफ थे तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर पार्षद हर्षदीप डुडेजा ने शिरकत की। कार्यक्रम में सान्निध्य महंत चरणदास का रहा।

स्वास्थ्य जांच टीम में डाक्टर मयंक चुघ, डाक्टर छवि चुघ, डाक्टर सौरभ भीष्म, डाक्टर राजबाला ने अपना योगदान दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक घनश्याम सर्राफ, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, प्रधान कृष्ण सैनी ने कहा कि शिक्षा के अग्रदूत महात्मा ज्योतिबा फुले को 19वी सदी का प्रमुख समाज सेवक माना जाता है। उन्होंने भारतीय समाज में फैली अनेक कुरीतियों को दूर करने के लिए सतत संघर्ष किया। नारी शिक्षा, विधवा विवाह और किसानों के हित के लिए ज्योतिबा ने उल्लेखनीय कार्य किए। महात्मा ज्योतिबा फूले के जीवन आदर्श पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महात्मा ज्यातिबा फूले का जन्म 11 अप्रैल 1827 को सतारा महाराष्ट्र में हुआ था।

जब सात वर्ष की आयु में ज्योतिबा को गांव के स्कूल में पढ़ने के लिए भेजा गया तो जातिगत भेदभाव के कारण उन्हें विद्यालय छोडना़ पड़ा। स्कूल छोड़ने बाद भी उनमे पढ़ने की ललक बनी रही। घरेलु कार्यों के बाद जो समय बचता उसमे वे किताबें पढ़ते थे। उन्होंने विधवाओं और महिलाओं के कल्याण के लिए काफी काम किए। उन्होंने इसके साथ ही किसानों की हालत सुधारने और उनके कल्याण के लिए भी काफी प्रयास किए। स्त्रियों की दशा सुधारने और उनकी शिक्षा के लिए ज्योतिबा ने 1848 में देश का पहला स्कूल खोला। लड़कियों को पढ़ाने के लिए अध्यापिका नहीं मिली तो उन्होंने कुछ दिन स्वयं यह काम करके अपनी पत्नी सावित्री को इस योग्य बना दिया।

उच्च वर्ग के लोगों ने आरंभ से ही उनके काम में बाधा डालने की चेष्टा की, किंतु जब फुले आगे बढ़ते ही गए तो उनके पिता पर दबाब डालकर दबंग लोगों ने पति पत्नी को घर से निकालवा दिया। इससे कुछ समय के लिए उनका काम रुका अवश्य पर शीघ्र ही उन्होंने एक के बाद एक बालिकाओं के तीन स्कूल खोल दिए। फुले ने स्त्री शिक्षण, विधवा विवाह, पुनर्विवाह, काज प्रथा, बालविवाह आदी सामाजिक विषयों पर लोगों को जगाने की कोशिश की। वे शोषित समाज के जनक साबित हुए। उनसे प्रेरणा लेकर ही भारत बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर संविधान निर्माता बने।



गांव लुखी में विकास कार्यों का शुभारंभ करते डॉ. जसविन्द्र खैहरा।

# 54 लाख से गांव लुखी की गलियां-नालियां होंगी चकाचक

### शुगरकेन कंट्रोल बोर्ड के सदस्य डा. खैहरा ने किया निर्माण कार्यों का शुभारंभ

**गुरजोत दुग्गल।** कुरुक्षेत्र

**अब** गांव लुखी की गली में नालियों का उद्धार 54 लाख रुपये की ग्रांट से होगा। निर्माण कार्यों का शुभारंभ शुगरकेन कंट्रोल बोर्ड के सदस्य व जननायक जनता पार्टी के युवा जिलाध्यक्ष डा. जसविंद्र खैहरा ने रविवार को किया। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव लुखी के विकास कार्यों के लिए भेजी गई ग्रांट के लिए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला व शाहाबाद के विधायक रामकरण काला का धन्यवाद किया है।

ग्रामीणों ने कहा की जजपा नेता डॉ. जसविंदर खैहरा के प्रयासों से गांव लुखी में 54 लाख रुपये की राशि से गलियों व नालियों का निर्माण होगा। जजपा नेता डॉ. जसविंदर खैहरा ने निर्माण कार्यों का शुभारंभ करने के उपरांत कहा कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व में हर गांव का विकास किया जा रहा है। उसी तर्ज पर गांव लुखी के विकास के लिए 54 लाख रुपये की ग्रांट विशेष रूप से भेजी गई है। शाहाबाद के विधायक रामकरण काला के माध्यम से अब गांव लुखी की गलियां व नालियां चकाचक होंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा-जजपा सरकार हर वर्ग का भला करने पर लगी हुई है। प्रदेश में युवा दुष्यंत चौटाला नेतृत्व कर रहे हैं ऐसे में युवा वर्ग सहित हर वर्ग का भला हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### पर्यावरण शुद्धी के लिए एनसीसी कैडेट्स लें वृक्षों को गोद



**भिवानी।** 11 हरियाणा बटालियन एनसीसी एवं वैश्य महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एनसीसी सप्ताह के अन्तिम दिन एनसीसी कैडेट्स ने महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर समारोह का समापन किया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पधारे वैश्य महाविद्यालय की प्रबंध समिति के महासचिव सुरेश गुप्ता ने एनसीसी कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि जहा आज पूरा विश्व ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती का सामना कर रहा है वही हमारे देश के हालात अत्यधिक चिंतनीय है। पूरा एनसीआर क्षेत्र स्मॉग के प्रभाव में है। एनसीआर सांस लेना भी दूभर हो गया है। प्रदूषण आज एक गम्भीर समस्या बना हुआ है। इस आबोहवा को ठीक करने का एक मात्र समाधान वृक्षारोपण है ताकि हम आगे आनी वाली पीढ़ी को शुद्ध पर्यावरण दे पाये। उन्होंने कहा कि पर्यावरण शुद्धी के लिए एनसीसी कडैट्स न केवल ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाये अपितु उनकी देखभाल भी करें, उन्हें गोद लें। इस अवसर पर उन्होंने पौधा लगाा कर वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंम्भ किया। एनसीसी कडैट्स को सम्बोधित करते हुए प्राचार्या डाक्अर सुधा रानी ने कहा कि पेड़-पौधो का हमारे जीवन से सीधा सम्बंध है वृक्ष न केवल हमे आक्सीजन प्रदान करते है वरन् हमारी जीविका से भी जुड़े हुए है।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक हुई



**भिवानी।** भाजपा ओबीसी मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की बैठक भाजपा जिला कार्यालय में ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष शंकर धुपड़ व भिवानी ओबीसी मोर्चा के प्रभारी एवं प्रदेश सचिव मुकेश राठौड़ मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित हुए तथा कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने संयुक्त रूप से बताया कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो बिना किसी भेदभाव के सर्वसमाज को एक साथ लेकर चल रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नेतृत्व में आम आदमी के उत्थान के लिए अनेक प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्त्ताओं से कहा कि वे कार्यकर्ता पार्टी की नींव होते हैं वे पार्टी की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा उसे और अधिक मजबूत करने का काम करें। इस अवसर पर जिला महामंत्री हषवर्धन मान, बृजपाल तंवर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश प्रजापति, एडवोकेट धीरज सैनी, दिनेश बेडवाल, प्रदीप प्रजापति घुसकानी, ओबीसी मोर्चा जिला महामंत्री संजय स्वामी, रामगोपाल सैनी, जिला मीडिया प्रभारी प्रेम वर्मा समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्कूल में लगा फ्री हेल्थ चेकअप कैंप

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के माउंट लीटरजी स्कूल में दो दिवसीय फ्री हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया। महादेव हॉस्पिटल द्वारा की ओर से कैंप का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों की आंख, दांत और अन्य प्रकार की जांच की गई। कैंप में स्कूल के करीब 150 बच्चों की जांच करके उनके हेल्थ कार्ड बनाए गए। इन्हीं कार्ड के आधार पर बच्चों व इनके परिजनों की महादेव हॉस्पिटल में नि:शुल्क जांच की होगी जिससे यह पता चल सकेगा कि कैंप के दौरान हुई जांच के बाद बच्चों को कुछ लाभ मिला या नहीं। इस दौरान डॉ लोकेश कुमार ने बच्चों की सेहत की जांच की। डॉ लोकेश कुमार ने बताया की जांच के दौरान बच्चों ने सेहत, टेड़े मेढे दांत, मोटापा, कद ये सभी बच्चों में पाई गई, जिसके उपचार के लिए उन्हें सलाह दी गई। इस दौरान भारत गांधी, अंकित वर्मा, ऋतू, लव तलवार आदि मौजूद रहे।

### स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में कमलजीत रही प्रथम

**कुरुक्षेत्र।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में ग्रामीण युवा विकास मंडल मुंडा खेड़ा द्वारा राष्ट्रीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलाही में राष्ट्रीय जल मिशन के तहत चलाए जा रहे कैच द रेन अभियान पर स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया और जल बचाने का प्रण भी लिया। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अमनप्रीत ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान नेहरू युवा केन्द्र कुरुक्षेत्र की जिला युवा अधिकारी मीशा कुमारी के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। अमनप्रीत ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है बरसात के पानी का संरक्षण करने के लिए जागरूक करना क्योंकि आज के समय में जल बचाना बहुत जरूरी है। प्रतियोगिता में कमलजीत सुपुत्री बलदेव सिंह ने प्रथम, आरती सुपुत्री वेदप्रकाश ने द्वितीय व जसलीन सुपुत्री गुरमीत सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्राचार्य कशमीर सिंह ने नेहरू युवा केन्द्र द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की।

# स्वयंसेवकों ने पिपली में चलाया सफाई अभियान



गांव पिपली में सफाई करते स्वयंसेवक।

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**भगवान** परशुराम कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा एक दिवसीय कैंप का आयोजन पिपली में किया गया। एनएसएस के स्वयंसेवकों ने पिपली में पुल के साथ-साथ पड़ा कूड़ा-करकट आदि को हटाया।

इस सफाई अभियान में जहां एक ओर स्थानीय कॉलेज की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों ने अपना योगदान दिया वहीं नगर परिषद, कुरुक्षेत्र ने भी अपना योगदान दिया कॉलेज के प्राचार्य डॉ योगेश्वर जोशी ने स्वयंसेवकों द्वारा किए गए सफाई अभियान की तारीफ की। स्वयं भी सफाई की और उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी कॉलेज के स्वयंसेवक अपना योगदान देते रहेंगे।

सफाई अभियान के बाद कॉलेज की एनएसएस इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा पिपली में दुकानदारों को जागरूक किया। कहा कि वे अपने आस पास सफाई का ध्यान रखें तथा कूड़ा-करकट आदि को खुले में ना डालें, गंदगी से जहां एक ओर मच्छर मखखी आदि पनपते हैं वहीं दूसरी ओर शहर की सुंदरता भी खराब होती है।

## नवचयनित उम्मीदवारों ने लगाई ज्वाइनिंग कराने की गुहार

**भिवानी।** नेहरू पार्क में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से डिप्लोमा प्राप्त आर्ट एण्ड क्राफ्ट के नवचयनित उम्मीदवारों की बैठक जिला प्रधान चन्दन प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में उपस्थित सभी नवचयनित उम्मीदवारों ने अपनी मांगों को जायज बताते हुए अपनी नियुक्ति के लिए विधायक घनश्याम सर्राफ व युवा आयोग हरियाणा के चेयरमैन मुकेश गौड़ को ज्ञापन सौंप कर शीघ्र से शीघ्र उनकी समस्या का समाधान करवाने की मांग की। नवचयनित उम्मीदवारों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा 24 नवंबर 2021 को सुनाए फैसले के अनुसान आर्ट एण्ड क्राफ्ट टीचर पद के लिए योग्यता एवं समक्षता निर्धारित करना राज्य एवं भर्ती प्राधिकरण के अधिकार क्षेत्र में आता है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री मैरिट मिशन के तहत केयूके से डिप्लोमाधारकों का चयन हुआ है। भाजपा नेताओं ने पूर्ण विश्वास दिलाया कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल द्वारा चलाई जा रही मैरिट मिशन योजना में नियुक्ति प्रदान करवाई जाए।

# संवाद ही किसान आंदोलन का एकमात्र समाधान है : दलीप सांगवान

### शहर के भगत सिंह चौक पर किसानों का प्रदर्शन निरंतर रहा जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी




**संयुक्त** किसान मोर्चा के तत्वावधान में भगत सिंह चौक पर किसानों का प्रदर्शन निरंतर जारी है। आज के प्रदर्शन की अध्यक्षता नरेंद्र सिंह धनाना ने की एवं संचालन धर्मबीर बारवास व जय प्रकाश दलाल ने किया। किसान प्रदर्शनकारियों को अपनी मांगों के समर्थन में व सरकार के खिलाफ पूर्ववत उत्साह के साथ नारेबाजी करते देखा जा सकता है।

प्रदर्शकारी किसान अपने हाथों में मांगों से संबन्धित स्लोगन लिखित पट्टियां पकड़े हुए प्रस्तावित बिजली बिल वापसी, पराली कानून में सजा के प्रावधान को खत्म करने, किसानों पर दर्ज मुकदमों की वापसी, किसान शहीदों के परिवारों को हर प्रकार की सहायता व शहीद समारक के निर्माण के साथ एमएसपी की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर निरंतर आंदोलनरत हैं। इस दौरान प्रदर्शन में उपस्थित किसानों व आमजन को संबोधित करते हुए मोर्चा संयोजक दलीप सिंह सांगवान ने बताया की किसान आंदोलन का संवाद ही एकमात्र समाधान है। प्रधानमंत्री के हर कदम में अहंकार झलकता है। न तो कृषि के तीन कानून बनाए तब और न कानून वापस लिए तब संबन्धित तबके के किसी नुमाइंदे से विमर्श किया गया, न सिर्फ कृषि कानून बल्कि नोटबन्दी व कोरोना आदि बारे लिए गए अनेक निर्णय देश व देशवासियों को अंधकार, उत्पीड़न व कठिनाई में धकेलते नज़र आए हैं। देश भर में चल रहा किसान आंदोलन भी उनके अहंकार की देन है।

# उन्नत किस्म के बीज बो कर किसान अधिक लाभ कमाएं : डा. सीबी सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



**धान** की कटाई और खेतों से आलू निकालने के साथ अब किसानों ने खेतों में पछेती गेहूं की बिजाई शुरू कर दी है। किसान खेतों में मेहनत करते नजर आ रहे हैं। बड़ी संख्या में किसान जुटे हुए हैं। खेतों की जुताई कर किसान गेहूं की बुआई कर रहे हैं।

ऐसे में कृषि विशेषज्ञों के अनुसार किसान आधुनिक तकनीकों से अधिक लाभ कमा सकते हैं। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डा. सीबी सिंह के अनुसार कृषि विशेषज्ञों, अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों की परामर्श से ही किसान पछेती गेहूं की बुवाई करें। हालांकि पारम्परिक तरीकों से की जा रही फसलों की खेती के तरफ अभी भी अधिकतर किसानों का झुकाव है और इसका मुख्य कारण इसकी बढ़ती मांग और और उपज है। डा. सिंह के अनुसार हरियाणा सहित पंजाब, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के अलावा कई ऐसे राज्य हैं जो गेहूं के मुख्य उत्पादक के तौर पर जाने जाते हैं। ऐसे में अधिकतर किसानों की यही चाह रहती है की वो भी गेहूं की खेती कर अधिक से अधिक मुनाफा कमा सकें। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार गेहूं की खेती के लिए ना अधिक ठंड और ना गर्म तापमान जलवायु की आवश्यकता होती है। इसलिए इसकी बुवाई के लिए अक्टूबर से लेकर जनवरी तक का महीना चुना जाता है। इसकी खेती के लिए अनुकूल तापमान बुवाई के समय 20-25 डिग्री सेंटीग्रेड उपयुक्त माना जाता है। डा. सिंह के अनुसार गेहूं की पछेती किस्म और उसकी बुवाई के लिए किसान कृषि अधिकारियों एवं विशेषज्ञों से परामर्श अवश्य करें। विशेषज्ञों द्वारा बताई गई गेहूं की किस्मों की बुवाई कर किसानों को अधिक लाभ मिल सकता है। इसी के साथ उन्होंने कहा कि गेहूं की फसल में कीट का नियंत्रण करना बहुत आवश्यक है। गेहूं की फसल में शुरू में दीमक कीट बहुत ही नुकसान पहुंचता है।

## मेरी अंखियां करे इंतजार सांवरे...भजन पर झूमे श्याम भक्त

**कुरुक्षेत्र।** श्रीखाटूश्याम के प्रचार प्रसार को समर्पित संस्था खाटू श्याम परिवार ट्रस्ट कुरुक्षेत्र द्वारा नरकातारी रोड स्थित परशुराम कॉलोनी में 335वां श्रीश्याम संकीर्तन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आयोजक सुनील शर्मा परिवार ने श्याम पूजन में हिस्सा लिया।

आमंत्रित गायक सुभाष सांवरिया कैथल ने श्याम भजनों की झड़ी लगाई। जिसमें सभी श्याम भक्त मदमस्त होकर झूम उठे। कार्यक्रम में चंदन का तिलक लगाकर पंक्तिबद्ध होकर सभी श्रद्धालुओं ने श्याम दरबार में माथा टेका। संकीर्तन के दौरान सुनाए गए भजन मेरी अँखियाँ करे इंतजार सांवरे, पलकों का घर तैयार सांवरे..., आ गया खाटू वाला..., थाली भर कै लाई रै खिचड़ौ..., हर ग्यारस की ग्यारस तुमसे मुलाकात हो जाए.., पर श्रद्धालु खूब झूमे।

# भागवत कथा में सुनाया भगवान वामन एवं राजा बलि का प्रसंग

**कुरुक्षेत्र।** श्री गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष भागवत कथा वेदाचार्य अनिल शास्त्री ने सेक्टर-3 के भक्तों को भगवान बामन की कथा विस्तारपूर्वक सुनाई।

एक बार दैत्यराज बलि ने इंद्र को परास्त कर स्वर्ग पर अधिकार कर लिया। पराजित इंद्र की दयनीय स्थिति को देख कर उनकी मां अदिति बहुत दुखी हुईं। उन्होंने अपने पुत्र के उद्धार के लिए विष्णु की आराधना की। इससे प्रसन्न होकर विष्णु प्रकट होकर बोले- देवी! चिंता मत करो। मैं तुम्हारे पुत्र के रूप में जन्म लेकर इंद्र को उसका खोया राज्य दिलाऊंगा। समय आने पर उन्होंने अदिति के गर्भ से वामन के रूप में अवतार लिया। उनके ब्रह्मचारी रूप को देख कर सभी देवता और ऋषि-मुनि आनंदित हो उठे। एक दिन उन्हें पता चला कि राजा बलि स्वर्ग पर स्थायी अधिकार जमाने के लिए अश्वमेध यज्ञ करा रहा है। यह जान कर वामन वहां पहुंचे। उनके तेज से यज्ञशाला प्रकाशित हो उठी। कथावाचक अनिल शास्त्री ने बताया कि बलि ने उन्हें एक उत्तम आसन पर बिठा कर उनका सत्कार किया और अंत में उनसे भेंट मांगने के लिए कहा। कथावाचक अनिल शास्त्री ने बताया कि बलि ने उनसे और अधिक मांगने का आग्रह किया, लेकिन वामन अपनी बात पर अड़े रहे। इस पर बलि ने हाथ में जल लेकर तीन पग भूमि देने का संकल्प ले लिया। मौके पर पूर्व एसडीएम जीत सिंह मेहरा, आयुष चिकित्सा अधिकारी राम अवतार, डॉ मनदीप सिंह, पंडित रंगनाथ त्रिपाठी, पंडित गोबिन्द तिवारी इत्यादि उपस्थित रहे।

## साइकिलिंग के दौरान घायल साइकिलिस्टों को दिया प्राथमिक उपचार

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त एवं प्रधान जिला रेडक्रॉस शाखा मुकुल कुमार के आदेश अनुसार एवं सचिव रणदीप सिंह के मार्गदर्शन में 25 से 28 नवंबर तक 26वीं नेशनल साइकिलिंग चैंपियनशिप के अवसर पर मुर्तजापुर में नए हाइवे पर फर्स्ट एड पोस्ट लगाई गई। सहायक सचिव रमेश चौधरी ने बताया कि रेडक्रॉस के अधिकारियों, कर्मचारियों व स्वयंसेवकों द्वारा फर्स्ट एड पोस्ट पर बेहतरीन कार्य किया गया। साइकिलिंग के दौरान घायल हुए लगभग 147 साइकिलिस्टों को प्राथमिक उपचार दिया गया। इस फर्स्ट एड पोस्ट पर सहायक सचिव रमेश चौधरी, अंजू कश्यप जिला प्रशिक्षण अधिकारी, हरि सिंह सहायक धर्मपाल चालक आदि स्वयंसेवकों ने बेहतरीन कार्य किया।



प्रेरणा

पायनियर हरियाणा
हमेशा सच के साथ

विकेश भारतीय
लेखक एवं मोटिवेशनल स्पीकर

बदलते मौसम की हर अदा पर कोई फिदा होगा,
इस मौसम में भी कोई अपने महबूब से जुदा होगा,
किसी के लिए उसके पांव की जूती है औरत,
किसी के लिए उसका प्यार ही उसका खुदा होगा।

# गीता मैराथन के साथ हुई अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव की शुरुआत

## मैराथन को खेल मंत्री संदीप सिंह और विधायक सुभाष सुधा ने हरी झंडी दिखाई

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**अंतरराष्ट्रीय** गीता महोत्सव 2021 की गीता मैराथन में युवाओं का जोश और उत्साह देखने को मिला। इन युवाओं की उमंग और बुलंद हौसलों से देश के उज्ज्वल भविष्य को सहजता से देखा जा सकता था। इस गीता मैराथन में देश के विभिन्न राज्यों से करीब 1500 युवक और युवतियों ने अपना पंजीकरण करवाया। इस मैराथन के साथ ही अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2021 की गतिविधियों का भी आगाज हो गया है।

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2021 की गीता मैराथन का शुभारंभ करने के लिए हरियाणा के खेल एवं युवा मामले मंत्री संदीप सिंह और विधायक सुभाष सुधा स्वयं ब्रह्मसरोवर पुरूषोत्तमपुरा बाग में पहुंचे। यहां पर जिला प्रशासन, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड और खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग की तरफ से



विजेता खिलाड़ी को पुरस्कृत करते खेल मंत्री संदीप सिंह

आयोजित गीता मैराथन को खेल मंत्री संदीप सिंह, विधायक सुभाष सुधा ने हरी झंडी देकर रवाना किया।

इसके उपरांत खेल मंत्री संदीप सिंह, विधायक सुभाष सुधा, उपायुक्त मुकुल कुमार, एडीसी अखिल पिलानी, भाजपा के जिला अध्यक्ष राजकुमार सैनी, केडीबी के मानद सचिव मदन मोहन छाबडा, केडीबी के सीईओ अनुभव मेहता, एसडीएम नरेन्द्र पाल मलिक, जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी अनिता भाटिया ने पुरूषों की 10 किलोमीटर दौड में बुंदलशहर यूपी से लोकेन्द्र चौधरी प्रथम, मोरहेडा एमपी से कुलदीप सिंह द्वितीय, सहारनपुर यूपी से प्रिंस कुमार तृतीय स्थान पर आने पर क्रमश: 31 हजार, 21 हजार और 11 हजार रुपये की नगद राशि देकर सम्मानित किया।

### महिला मैराथन में भिवानी की सोनिका रही प्रथम

खेल मंत्री संदीप सिंह व विधायक सुभाष सुधा ने 5 किलोमीटर महिला मैराथन में प्रथम स्थान पर आने वाली सोनिका भिवानी, द्वितीय स्थान पर हिसार से वर्षा व तीसरे स्थान पर आने वाली सोनीपत से किरण को भी क्रमश: 31 हजार, 21 हजार और 11 हजार रुपये की नगद राशि देकर सम्मानित किया। इसके अलावा पुरूष वर्ग में अलमोरा उतराखंड से अमित, करनाल से अशोक कुमार, पानीपत से विपिन, अम्बाला से अमरप्रीत, कुरुक्षेत्र से रवि कुमार, अम्बाला से संतोष कुमार, यमुनानगर से मोहित तथा महिला वर्ग में करनाल की संजू, उत्तरप्रदेश की अर्पिता, सोनीपत की अनिता, भिवानी की भादो, रोहतक की स्नेहा, अंबाला की रिम्पी और उत्तरप्रदेश की बबीता कुमारी को सांत्वना पुरस्कार के रूप में 2100-2100 रुपये देकर सम्मानित किया।



### युवा खिलाड़ियों को मेहनत और लगन से काम करने की जरूरत: संदीप सिंह

खेल मंत्री संदीप सिंह ने युवाओं के साथ सीधा संवाद करते हुए कहा कि खेल विभाग की इस मैराथन से अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2021 की गतिविधियों का विधिवत रूप से आगाज हो गया है। इस मैराथन के लिए केडीबी, जिला प्रशासन और तमाम खिलाड़ी बधाई के पात्र है। इस मैराथन में युवाओं के जोश और उत्साह को देखकर खेल मंत्री ने कहा कि सभी युवा खिलाड़ियों को मेहनत और लगन से अपने-अपने खेल और क्षेत्र में काम करने की जरूरत है। जब प्रत्येक युवा पूरे उत्साह के साथ खेलेगा तो निश्चित ही देश खेलों के साथ-साथ हर क्षेत्र में बुलन्दियों को छुएगा। विधायक सुभाष सुधा ने सभी नागरिकों को अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2021 की गतिविधियों का आगाज होने पर बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से जहां गीता महोत्सव को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का दर्जा मिला वहीं धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र ने भी विश्व के मानचित्र पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

# हर वर्ष 2500 डॉक्टर तैयार करने का लक्ष्य: मुख्यमंत्री

## 75 वर्ष से अधिक आयु के डॉक्टरों को 'वट वृक्ष पुरस्कार' से किया सम्मानित

### हरियाणा की जनसंख्या 2.70 करोड़ माने तो 27 हजार डॉक्टरों की आवश्यकता





पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश में डॉक्टरों की मांग को पूरा करने के लिए हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज खोलने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष 2500 डॉक्टर तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है और इसके लिए एमबीबीएस की सीटें बढ़ाकर 1685 की गई हैं जो 2014 में 700 थी।

मुख्यमंत्री हरियाणा मेडिकल काउंसिल के तत्वावधान में आयोजित डॉक्टर्स डे अवार्ड समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने 75 वर्ष से अधिक आयु के 90 डॉक्टरों को 'वट वृक्ष पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सम्मान पाने वालों में सबसे अधिक 92 वर्ष आयु के सिरसा के डॉक्टर आरएस सांगवान भी शामिल थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी के डॉक्टरों को पुरानी पीढी के डॉक्टरों से मानवता की सेवा करने की भावना से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में निजी व सरकारी क्षेत्र दोनों को मिलाकर डॉक्टरों की संख्या लगभग 13-14 हजार है जबकि यूएनओ के मानदंडों के अनुसार 1000 की जनसंख्या पर एक डॉक्टर होना चाहिए। यदि हम हरियाणा की जनसंख्या 2021 में 2.70 करोड़ मानकर चलते हैं तो 27 हजार डॉक्टरों की आवश्यकता है। इस मांग को पूरा करने के लिए हर वर्ष 2500 डॉक्टर तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। डॉक्टर भी मरीज को बचाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ते।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एमबीबीएस की सीटों के साथ-साथ लगभग 600 सीटें पीजी कोर्स की भी बढाई गई हैं। अन्य विभागों के वार्षिक बजट में 5-7 प्रतिशत की वृद्धि की जाती है जबकि शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग बजट में 12-15 प्रतिशत की वृद्धि होती है।

मुख्यमंत्री ने हरियाणा मेडीकल काउंसिल द्वारा वयोवृद्ध डॉक्टरों को सम्मानित' करने लिए चुने गए शीर्ष वाक्य ''वट वृक्ष'' की सराहना की। वट वृक्ष पर्यावरण को भी सुरक्षित रखता है। हरियाणा सरकार ने भी 75 वर्ष से अधिक आयु वाले पेड़ों की देखभाल के लिए 2500 रुपये वार्षिक की पेंशन योजना शुरू की है।



अधिकारियों को संबोधित करते विधायक सुभाष सुधा

# अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में किसी प्रकार की कमी नहीं रहे : विधायक

### अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का शिल्प व सरस मेला चलेगा दो से 19 दिसंबर तक

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**विधायक** सुभाष सुधा ने कहा कि शहर की सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से ही पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2021 महोत्सव की महक पहुंचेगी। इस महोत्सव में दीपोत्सव का कार्यक्रम यादगार क्षण होगा।

इस धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर संस्थाओं के सहयोग से होने वाली दीपोत्सव की रोशनी पूरे विश्व का मार्गदर्शन करेगी। इसी उद्देश्य को जहन में लेकर अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2021 का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव का थीम आजादी के अमृत महोत्सव पर आधारित होगा। विधायक सुभाष सुधा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सभागार में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2021 की तैयारियों को लेकर समीक्षा कर रहे थे। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा ने उपायुक्त मुकुल कुमार से अभी तक की गई तैयारियों के बारे में फीडबैक रिपोर्ट ली।

विधायक ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2021 के आयोजन को लेकर किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए, सभी प्रकार की तैयारियां समय रहते पूरी होनी चाहिए। इस महोत्सव से पहले शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने तथा सडकों को दुरूस्त करने का काम सम्बन्धित अधिकारी पूरी ईमानदारी के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड, पर्यटन विभाग, प्रशासन, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2021 में 2 दिसंबर से 19 दिसंबर तक शिल्प और सरस मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम 9 से 14 दिसंबर 2021 तक होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### बालिकाओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए किया प्रेरित




विद्यार्थियों को संबोधित करती रोल मॉडल डा. सोनिया सतीजा।

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय उच्च विद्यालय भौर सैयंदा कुरुक्षेत्र में रोल माडल कार्यक्रम में बालिकाओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। रोल माडल के रूप में मुख्य वक्ता एलएनजेपी अस्पताल कुरुक्षेत्र की मनोरोग विशेषज्ञ एवं किशोरावस्था स्वास्थ्य परामर्श दाता डा. सोनिका सतीजा ने भाग लिया। उन्होंने बालिकाओं को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया तथा रूचिकर मनपसंद विषय चुनकर उच्च शिक्षा ग्रहण करने की सलाह दी। उन्होंने योग व्यायाम, ध्यान, संतुलित आहार आदि के बारे में बताया। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान, मेंबर, आशावर्कर, आंगनवाड़ी वर्कर, एबीआरसी, बीआरपी तथा विद्यालय का स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय के मुख्याध्यापक संजय खरबंदा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इसी प्रकार बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम में डा. किरण सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में राजकीय माध्यमिक विद्यालय चनालहेड़ी में रोल माडल के रूप में भाग लिया। उन्होंने बताया कि बालिकाओं और महिलाओं को सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए शिक्षा ही आधार है। शिक्षा के महत्व पर विशेष बल देते हुए विद्यालय की भूमिका, माता-पिता का सहयोग व समाज के स्वस्थ दृष्टिकोण के प्रति जागृत किया। इस अवसर पर एसएमसी गण, इंचार्ज रमेश कुमार, विज्ञान अध्यापक सुरजीत सिंह राणा तथा अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### खेल को खेल की भावना से खेलें : जिलाध्यक्ष



**रेवाड़ी।** उपमंडल कोसली के गांव नाहड़ स्थित राजकीय कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष मास्टर हुकमचंद यादव शामिल हुए। चीफ गेस्ट ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका हौंसला बढ़ाया।गौरतलब है कि नाहड़ के राजकीय कॉलेज में दो दिवसीय 40वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसका आज समापन हो गया। भाजपा जिला अध्यक्ष हुकमचंद ने बतौर मुख्यअतिथि शामिल होकर खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाया और कहा कि जीवन में खेलों का बहुत अधिक महत्व है। पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी जरूरी है। खेलों से युवक युवतियों का शारीरिक व मानसिक विकास होता हैतथा शरीर में स्फूर्ति बनी रहती है। खेलों में एक बात का ध्यान रखना बेहद जरूरी है कि उसे खेल की भावना से खेलना चाहिए। हार जीत के खेलों में कोई मायने नहीं होते। हारने वाले को और अधिक कड़ी मेहनत करके अपने लक्ष्य की पूर्ति करनी चाहिए, जबकि जीतने वालों को अपने मेहनत के निखार की ओर ध्यान देने की जरूरत समझनी चाहिए। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पारितौषिक वितरित कर उनका हौंसला बढ़ाया। इस मौके पर विशेषरूप से प्राचार्य सूर्यपाल, डॉ. अशोक, खेल प्रभारी कवि कुमार, जितेंद्र, प्रियंका, दीपिका, मंजुला, अमित तथा विवेक के अलावा अन्य प्रोफेसर व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### 250 बंदियों के स्वास्थ्य का किया चैकअप

**कुरुक्षेत्र।** जिला कारागार में विर्क अस्पताल प्राईवेट लिमिटेड करनाल के सहयोग से परिरूद्र बंदियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता जिला कारागार के जेल अधीक्षक सोमनाथ जगत ने की और एलएनजेपी अस्पताल की तरफ से डिप्टी सिविल सर्जन डा.शेलेन्द्र ने भी विशेष रूप से शिविर में शिरकत की है। रविवार को जिला कारागार में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर के बारे में जेल अधीक्षक सोमनाथ जगत ने बताया कि विर्क अस्पताल के संस्थापक डा.बलबीर सिंह विर्क एवं प्रशासक डा. दर्शन चावला ने अपने सहयोगी डा. विकास गोयल, डा रूपाली, डा. शालु व डा. जय के साथ-साथ तरूण अरोडा ने 250 बंदियों के स्वास्थ्य की जांच की है।

# जापानी सर्टीफिकेट कोर्स की आनलाइन उद्घाटन कक्षा में शामिल हुए मुख्यमंत्री

## प्रधानमंत्री ने की मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सीखने के जुनून की सराहना

### कुवि के कुलपति सचदेवा ने पीएम मोदी के ट्वीट के लिए आभार प्रकट किया

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**यह** जानना अद्भुत है। मैं मनोहर लाल को वर्षों से जानता हूं और वह ऐसे व्यक्ति हैं, जो नई चीजें सीखना पसंद करते हैं। जापानी सीखने का उनका निर्णय इस दिशा में एक और कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जापानी में आनलाइन बेसिक सर्टिफिकेट कोर्स में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में एक छात्र के रूप में सीएम मनोहर लाल के नामांकन के बारे में प्रेस विज्ञप्ति पढ़ने के बाद यह संदेश ट्वीट किया।

उनके ट्वीट का जवाब देते हुए और पीएम को धन्यवाद देते हुए, मनोहर लाल ने रीट्वीट किया कि जिज्ञासा



खोज, पूछताछ और सीखने का ईंधन है। इससे पहले रविवार की सुबह मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के पांच वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे बेसिक जापानी सर्टिफिकेट कोर्स की आनलाइन उद्घाटन कक्षा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि क्षेत्रीय भाषाओं को जानना देश को एक सूत्र में बांधता है। इस कोर्स को सीखने का उद्देश्य यह भी है कि हम कार्य के लिए जापानी लोगों से मिलते हैं तो हमें उनकी भाषा को समझने में आसानी होगी और हमारे उनसे रिश्ते प्रगाढ़ होंगे। अब अंतरराष्ट्रीय भाषाओं को सीखने के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय एकता, शांति और व्यापार के अवसरों का समय है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने सभी का स्वागत किया।

कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने पीएम नरेन्द्र मोदी के ट्वीट के लिए आभार प्रकट किया। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी प्रेरणा से इस कोर्स को कुरुक्षेत्र विवि में शुरू किया गया है जो कि कुरुक्षेत्र विवि के लिए गर्व की बात है। उन्होंने जापानी के वरिष्ठ और अनुभवी शिक्षक, रंजन गुप्ता की सेवाएं प्रदान करने के लिए हरीश सचदेवा, केयू के पूर्व छात्र, विजडम वर्ल्ड स्कूल कुरुक्षेत्र के प्रबंध निदेशक और मेरिटेक कंपनी लिमिटेड टोक्यो जापान के सीईओ की सराहना की।

# सही सुझाव आने पर बदल सकते हैं एचपीएससी भर्ती नियम: मनोहर लाल

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

### जिन परिवारों में किसी के पास नहीं नौकरी इंटरव्यू में दे रहे पांच अंक

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि एचपीएससी की भर्ती में बेहतर मैकेनिज्म के लिए जो भी अच्छे सुझाव आएंगे उन्हें लागू करने पर विचार किया जायेगा। रविवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कहा कि मिशन मैरिट के तहत ग्रुप सी व डी की भर्तियों में इंटरव्यू खत्म किया तथा जिन परिवारों में सरकारी नौकरी नहीं है। उन्हें पांच अतिरिक्त अंक देने का निर्णय लिया गया है। इससे प्रदेश के अनेक परिवारों को सीधा लाभ मिला है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के माध्यम से गरीब परिवारों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना के नये वेरिएंट को लेकर सरकार पूरी तरह मुस्तैद है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार मानिटरिंग की जा रही है और आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय समय पर आवश्यक हिदायतें जारी की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि गीता जयंती आयोजन को लेकर संबंधित उपायुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किये जा चुके हैं। सरकार द्वारा आवश्यकतानुसार विशेष कदम उठाये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी विभाग या एसएससी में भ्रष्टाचार के बारे में शिकायत मिलती है तो कोई भी उसकी सूचना विजिलेंस या पुलिस को दी जा सकती है। इसके अलावा सिविल कोर्ट में भी इसकी जानकारी दी जा सकती है।

## पुलिस उपस्थिति दिवस मनाकर लोगों को कराया सुरक्षा का अहसास

**रेवाड़ी।** पुलिस विभाग की ओर से आज उपस्थिति दिवस मनाया गया। इस दौरान सुबह नौ से दोपहर बाद तीन बजे तक पुलिसकर्मियों ने अपनी उपस्थिति दिखाई तथा बाजारों में दुकानदारों को अपनी दुकानों के आगे वाहन खड़ा नहीं करने देने के निर्देश दिए।

पुलिस ने इस दौरान संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की। पुलिसकर्मियों ने आज रविवार को शहर के विभिन्न बाजारों, चौराहों व अन्य स्थानों पर उपस्थित आमजन को जहां अपनी उपस्थिति दिखाकर उन्हें सुरक्षित होने का अहसास कराया। उन्होंने आज विभिन्न क्षेत्रों में पैदल गश्त व पेट्रोलिंग की। नाके लगाकर जनता को सुरक्षित होने का अहसास कराया। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने कहा कि पुलिस उपस्थिति दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य आमजन के बीच सुरक्षा की भावना पैदा करना है, जिससे पुलिस-पब्लिक के बीच बेहत्तर संबंध स्थापित हो सके।

# श्रीगुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित



प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रोत्साहित करने के लिए साथ खड़े अतिथिगण।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**भारत** विकास परिषद द्वारा प्रांत स्तर पर श्रीगुरु तेग बहादुर बलिदान दिवस पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विभिन्न शाखाओं से 23 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर मुख्यमंत्री के राजनैतिक सचिव कृष्ण कुमार बेदी मौजूद रहे व अध्यक्षता दीपक आनंद ने की।

विशिष्ट अतिथि समाजसेवी बलदेव राज सेठी, अंकुश कक्कड, सतलुज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहबाद के प्रधानाचार्य आरएस घुम्मन ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। परिषद के प्रधान अनिल अरोड़ा, गुरचरण सिंहल व खनेश कटारिया ने प्रांतीय पदाधिकारियों का स्वागत किया। निर्णायक मंडल की भूमिका गुरुनानक खालसा कॉलेज यमुनानगर से डा. एनपी सिंह, आर्य कन्या महाविद्यालय से डा. सिमरजीत कौर व गुरचरण सिंह ने निभाई। मंच संचालन राजकुमार कथूरिया व मनीष मलिक ने किया। इस अवसर पर सुभाष ढींगड़ा, सुधीर सूद, संजय ठुकराल, अमित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### सात दिसंबर को एचपीएससी कार्यालय का घेराव करेगी हरियाणा कांग्रेस

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने खुलेआम नोकरियां नीलाम करने वाले और भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुके हरियाणा लोक सेवा आयोग के कार्यालय का घेराव करने का ऐलान किया है।

यह जानकारी देते हुए हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय के इंचार्ज एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव चौधरी रामकिशन गुर्जर ने बताया कि यह घेराव सात दिसंबर 2021 को हरियाणा में पार्टी मामलों के प्रभारी विवेक बंसल के नेतृत्व में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एचपीएससी को सरकारी भर्तियों के लिए कम और घोटालों व पेपर लीक के लिए ज्यादा याद किया जा रहा है। गुर्जर ने कहा कि हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी एक तरफ जहां महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ अभियान चला रही है, वहीं अब प्रदेश के लाखों बेरोजगारों की आवाज उठाते हुए एचपीएससी कार्यालय का घेराव करने का फैसला लिया गया है।

# शाह सतनाम राम-ए-खुशबू आश्रम में उमड़ा आस्था का जन सैलाब

## हजारों की तादात में नामचर्चा में शामिल हुई साध संगत

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

### पांच एकड़ के पंडाल में घंटों बैठी रही साध संगत

**डेरा** सच्चा सौदा सिरसा के संस्थापक बेपरवाह शाह मस्ताना महाराज के जन्म के उपलक्ष में कैथल जोन की विशाल नाम चर्चा रविवार को यहां शाह सतनामजी राम ए खुशबू आश्रम जींद रोड बाईपास पर आयोजित हुई। इस अवसर पर शाह सतनामजी राम ए खुशबू आश्रम में हजारों की तादात में साध संगत ने पहुंच कर हुजूर महाराज के जन्मोत्सव के अवतार माह में पहुंच कर गुरू का आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर समूचे कैथल जोन से हजारों की संख्या में पहुंची साध संगत नाम चर्चा में शरीक हुई। 5 एकड़ के पंडाल में यह सारी साध संगत घंटों तक बैठी रही और नाम चर्चा का आनंद लिया। इस अवसर पर करीब 5 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जिससे हिसार चंडीगढ मुख्य राष्ट्रीय राज मार्ग काफी लंबे समय तक अवरुद्ध रहा। हजारों की तादात में साध संगत के वाहनों की कतारें लग गई जोकि आश्रम के चारों तरफ खाली पड़े मैदान में देखने को मिली। इस अवसर पर कैथल आश्रम को दुल्हन की तरह से सजाया गया था। हजारों की तादात में साध संगत ने गुरु घर का लंगर प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही सैकड़ों की तादात में जरूरतमंद परिवारों को डेरा प्रबंधकों द्वारा गर्म कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर चारों तरफ रंग बिरंगे गुब्बारे और लडियों अपनी अनूठी चमक बिखेर रहे थे। नामचर्चा की कार्यवाही 45 मैम्बरी कमेटी के सुशील इंसा व अन्य सदस्यों ने वेतनी के शब्द दाताब बखशणहार मेहरां दा सांई तूं के साथ शुरू हुई। इसके पश्चात साध संगत ने अज आये शाह सतनामजी जग ते सब रूहां ने खुशियां मनाई। सभी ने सतगुरू के प्रति विश्वास व आस्था का एकजुट होने का संकल्प लिया।

इस शुभ अवसर पर गुरुजी द्वारा भेजा गया रूहानी पत्र भी पढ़कर सुनाया गया। पत्र में गुरुजी ने परम पिता से दुआ की कि ऐसा समय जल्द से जल्द आए। जिसमें पूरा संसार सुखमय जीवन जिए व हर जगह सुख शांति का साम्राज्य व्याप्त हो। पावन भंडारे के दौरान ही साध संगत की ओर से दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल व जरूरमंद परिवारों का कंबल व राशन वितरित किया गया। भंडारे में शिरकत करने के लिए आस पास से भी भारी तादात में संगत आई।

# स्वागत कक्ष सहित 18 विभागों ने सजाए स्टाल

### कुंजपुरा में मुख्यमंत्री अन्तोदय परिवार उत्थान योजना मेला की तैयारियां पूरी

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**पंक्ति** में खड़े अन्तिम व्यक्ति को सरकार की स्कीमों का लाभ देकर उनकी आय बढ़ाने के मकसद से करनाल जिला का पहला मुख्यमंत्री अन्तोदय परिवार उत्थान योजना मेला, सोमवार 29 नवम्बर को कुंजपुराक के खंड कार्यालय में आयोजित होने जा रहा है। मेले को लेकर सभी तैयारियां एक दिन पहले ही मुकम्मल कर ली गई है।

उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने रविवार को मेला स्थल का दौरा कर, किए गए प्रबंधों का निरीक्षण किया और हैल्प डेस्क से लेकर भिन्न-भिन्न विभागों की ओर से लगाए गए काउंटर या स्टाल को विजिट कर उनके स्कीमों की जानकारी ली। खास बात यह थी कि सभी काउंटरों पर विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद मिले। अन्तोदय मेलों के ऑवरआल इंचार्ज अतिरिक्त उपायुक्त योगेश कुमार के अतिरिक्त कुंजपुरा मेला की कमान सम्भाले नोडल अधिकारी नगर निगम के संयुक्त आयुक्त गगनदीप सिंह भी मौके पर उपस्थित थे।

**यह हैं मेले में अन्य स्टाल**

जिला रेडक्रास सोसाइटी, हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, महिला विकास निगम, पिछडे एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम, हरियाणा कौशल विकास निगम, शहरी वैंडरों के लिए पीएम स्वनिधि स्कीम, रोजगार विभाग, मत्स्य पालन, पशु पालन एवं डेयरी विभाग, मनरेगा जिसमें हाथों-हाथों मिलेगा जॉब कार्ड, कॉमन सर्विस सेंटर इत्यादि शामिल हैं।

**▶ वरिष्ठ आईपीएस शत्रुजीत कपूर करेंगे अवलोकन**

उपायुक्त ने बताया कि अन्त्योदय परिवार उत्थान मेला प्रातः 9 से सायं 5 बजे तक लगेगा। स्टेट विजिलेंस ब्यूरो के डीजी शत्रुजीत कपूर अवलोकन करने आएंगे।

**▶ सभी स्टालों के लगे हैं बैनर व रखा है लिटरेचर**

मेला में भिन्न-भिन्न विभागों द्वारा जो स्टाल लगाए गए है, उनमें बैनर व लिटरेचर डिस्पले किया गया है। सभी अधिकारियों को प्रशासन की ओर से एक टैबलेट भी उपलब्ध करवाया गया है।

**▶ ध्वनि व्यवस्था व खाने का भी है इंतजाम**

बता दें कि मेला में आने वाले सभी लाभार्थियों के लिए बीडीपीओ कार्यालय के हॉल में खाने का इंतजाम किया गया है। उद्घोषणाओं के साथ-साथ स्कीमों की जानकारी बताने के लिए ध्वनि व्यवस्था भी रहेगी। बतौर उपायुक्त कुंजपुरा ब्लॉक के सभी पात्र व पहचान किए गए लाभर्थियों को, मेला में आने की लिखित सूचना भी भेज दी गई है।

**▶ ग्रामोदय का सपना होगा साकार**

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बताया कि सदियों से गरीब की मदद करने की हमारी परम्परा रही है। इसके दृष्टिगत सरकार ने संवैधानिक और नैतिक दायित्व से गरीबों की मदद करने की जो पहल की है।

# प्रदेश में सवा तीन लाख परिवारों की आय एक लाख से कम

## हरियाणा में आज से शुरू होंगे अंत्योदय ग्राम उत्थान मेले: मनोहर लाल

### स्वरोजगार के लिए अभ्यार्थियों का चयन करेगी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि परिवार पहचान पत्र योजना के तहत एक लाख रूपये से कम आय वाले लगभग एक लाख 50 हजार परिवारों में उद्यमता की भावना बढ़ाने व स्वरोजगार से जोड़ने के साथ-साथ सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ देने के लिए खंड स्तर पर अंत्योदय ग्राम उत्थान मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसके प्रथम चरण में 29 नवम्बर से 25 दिसम्बर सुशासन दिवस तक 180 स्थानों पर मेलों में प्रदेश भर के युवाओं की इच्छानुसार व्यवसाय चयन करने का मौका दिया जायेगा।

मुख्यमंत्री रविवार को चंडीगढ़ में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के जीवन स्तर को ऊपर उठाने की अपनी महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री अंत्योदय उत्थान योजना क्रियान्वित की गई है इसके तहत



सोमवार से प्रदेश भर में अंत्योदय ग्राम उत्थान मेले लगाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के पात्र परिवारों की पहचान के लिए विशेष अभियान लांच किया गया जिसमें सवा तीन लाख परिवारों की आय एक लाख रुपये से कम है ऐसे डेढ लाख परिवारों की व्यक्तिगत जानकारी ली गई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले के जारी शैडयूल अनुसार दो या तीन दिन तक लगने वाले इन अंत्योदय ग्राम उत्थान मेलों में व्यापक स्तर पर व्यवसाय व स्वरोजगार के लिए पात्र परिवारों का चयन किया जाएगा।

इसके लिए प्रदेश को 272 जोनो में बांटा गया है तथा प्रत्येक जोन पर एक नोडल अधिकारी लगाया गया है। इसके अलावा प्रदेशस्तर के अधिकारियों की भी डयूटी लगाई गयी है इनमें सामाजिक कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना में परिवार पहचान पत्र से सत्यापित डेटा प्राप्त किया गया है और इसके आधार पर राज्य के गरीब परिवारों की पहचान की गई।

**कैसे मिलेगा रोजगार, अब गारंटी देगी सरकार**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि अभियान के पहले चरण में पचास हजार से एक लाख वार्षिक आय तक के परिवारों को आय दोगुणा तक लेकर जाना है इसके लिए बैंकों का पूरा सहयोग लिया जाएगा। मेले के दौरान ही बैंक अधिकारी लोन संबंधी औपचारिकताएं पूरी करेंगे। किसी पात्र व्यक्ति को बैंक गारंटी की आवश्यकता हुई तो उसकी भी मदद सरकार करेगी। इन मेलों में फार्म सबमिशन डेस्क भी स्थापित किये गये हैं। दूसरे चरण में जनवरी माह के दौरान इन अंत्योदय ग्राम उत्थान मेलों में मंजूर किये गये ऋण वितरित कर कार्य को अंतिम रूप दिया जाएगा। इस प्रकार सेवाभाव से कार्य करते हुए हर किसी की कठिनाई दूर करके सरकार उनके लिए आमदनी दोगुनी करने के साधन मुहैया करवाने के लिए तत्पर है।

# एमएसपी पर गारंटी देने को सरकार लाए विधेयक : राज्य सभा सदस्य

## राजद के नेता–मनोज झा ने कहा, किसानों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लिया जाए

### किसान आंदोलन के दौरान मृत हुए किसानों के परिजनों को मिले मुआवजा



**एजेंसी।** नई दिल्ली

**संसद** के शीतकालीन सत्र से पहले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता मनोज झा ने रविवार को मांग की कि सरकार को कृषि उपजों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गांरटी देने के लिए विधेयक लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही संसद के दोनों सदनों में सरकार को भरोसा दिलाना चाहिए कि किसानों के खिलाफ दर्ज मामलों को वापस लिया जाएगा और उन किसानों के परिवारों को मुआवजा दिया जाएगा जिनकी मौत आंदोलन के दौरान हुई है। राज्यसभा सदस्य झा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संसद में बताना चाहिए कि कृषि कानूनों को वापस लेने पर सहमत होने से पहले किसान आंदोलन को बदनाम क्यों किया गया और इसका दुष्प्रचार क्यों किया गया। झा ने साक्षात्कार में कहा कि विपक्ष संसद की सुचारु कार्यवाही के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए चार कदम उठाए जाएंगे, बशर्ते सत्तारूढ़ पार्टी भी खुले मन से अर्थपूर्ण दिशा में इनमें से दो कदम उठाए।

बिहार उप चुनाव के दौरान राष्ट्रीय जनता दल (राजद)–कांग्रेस के बीच हुई जुबानी जंग को अस्थाई करार देते हुए उन्होंने विपक्ष में दरार की खबरों को खारिज कर दिया। झा ने जोर देकर कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गांरटी के लिए विधेयक लाने की मांग को लेकर पूरा विपक्ष एकजुट है।

कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के बीच चल रहे विवाद पर राजद नेता ने कहा कि अगर कोई राजनीतिक पार्टी अपना दायरा बढ़ाती है तो यह उसके राजनीतिक क्षेत्र का सवाल है, लेकिन संसद में भारत की जनता की आवाज को मिलकर उठाना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि संसद में विपक्ष की एकजुटता पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

उन्होंने रेखांकित किया कि सरकार किसानों के आंदोलन के केंद्र में रहे तीन कृषि कानूनों को वापस लाने के लिए विधेयक ला रही है। झा ने कहा कि सरकार को सभी कृषि उत्पादों के लिए एमएसपी की कानूनी गांरटी देने के लिए खातसौर पर अलग से विधेयक लाना चाहिए।

राज्यसभा नेता ने कहा, किसानों द्वारा इसकी लगातार मांग की जा रही है। रोचक तथ्य है कि यह मांग संविधान सभा की बहस में भी की गई थी और मुझे उम्मीद है कि सरकार अब समझ चुकी है कि किसान समुदाय की आवाज की कितनी ताकत है। उन्होंने इसका अनुभव कर लिया है। झा ने रेखांकित किया कि सभी विपक्षी पार्टियों ने 26 नवंबर को संविधान दिवस कार्यक्रम में शामिल नहीं होने का फैसला किया था क्योंकि उनका मानना है कि संविधान के मूल्यों को कुचलना और संविधान दिवस मनाना साथ–साथ नहीं चल सकते हैं। उन्होंने कृषि कानून पर संसद के दोनों सदनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बयान देने की मांग की। राजद नेता ने कहा, यह एक व्यक्ति का मंत्रिमंडल है। उदाहरण के लिए कृषि कानूनों को रद्द करने के फैसले की जानकारी कृषि मंत्री नहीं दी, बल्कि प्रधानमंत्री ने इसकी घोषणा की। सरकार में जब कोई व्यक्ति सभी समान लोगों में पहला होने के बजाय, पहला और आखिरी बन जाता है तो इस तरह की स्थिति में प्रधानमंत्री के अलावा कोई मायने नहीं रखता। इसलिए उनका बयान हमारे और किसानों के लिए मायने रखता है।

झा ने कहा, हम प्रधानमंत्री से जानना चाहते हैं कि उन्होंने यह (विधायक लाने का) फैसला क्यों लिया? किसानों के लिए – खालिस्तानी, पाकिस्तानी और आंदोलनजीवी– जैसे शब्द क्यों इस्तेमाल किए गए। आपने आंदोलन को बदनाम किया। आपने आंदोलन के बारे में दुष्प्रचार किया और अंततः आपको आंदोलन की आवाज सुननी पड़ी। अगर आप ऐसा पहले कर देते तो भारत ने इतना समय नहीं गवांया होता और कृषक समुदाय इतने दिनों तक अपने घरों और खेतों से दूर नहीं रहता।

### राकेश टिकैत ने किसानों के लिए एमएसपी की गारंटी के लिए कानून की मांग की



**मुंबई।** भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के नेता राकेश टिकैत ने रविवार को मांग की कि केंद्र देश में किसानों के हितों की रक्षा के लिए फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी के लिए एक कानून लाए।मुंबई में संयुक्त शेतकरी कामगार मोर्चा (एसएसकेएम) के बैनर तले आजाद मैदान में आयोजित किसान महापंचायत में हिस्सा लेने आए टिकैत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एमएसपी के समर्थक थे, जब वह गुजरात मुख्यमंत्री थे और वह किसानों के हितों की गारंटी सुनिश्चित करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी कानून चाहते थे। उन्होंने मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर इस मुद्दे पर बहस से भागने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा, केंद्र को किसानों को एमएसपी की गारंटी देने के लिए एक कानून लाना चाहिए। कृषि और श्रम क्षेत्रों से जुड़े कई मुद्दे हैं, जिन पर ध्यान देने की जरूरत है और हम उन्हें उजागर करने के लिए पूरे देश में यात्रा करेंगे। टिकैत ने यह भी मांग की कि केंद्र के तीन कृषि विपणन कानूनों के खिलाफ साल भर के विरोध प्रदर्शन में जान गंवाने वाले किसानों के परिजनों को वित्तीय सहायता दी जाए।इस महीने की शुरुआत में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन कृषि कानूनों को वापस लेने के सरकार के फैसले की घोषणा की थी, जो किसानों के विरोध के केंद्र में थे। कई किसान तीन कृषि कानूनों– कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) कानून, कृषि (सशक्तिकरण और संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा करार कानून और आवश्यक वस्तु संशोधन कानून, 2020– के विरोध में दिल्ली की सीमाओं पर नवंबर 2020 से ही प्रदर्शन कर रहे हैं। केंद्र ने प्रदर्शनकारी किसानों के साथ कई दौर की बातचीत की थी।

# मधुमेह देखभाल के लिए सरकार का सब्सिडी देना जरूरी: सीजेआई

**एजेंसी।** नई दिल्ली



### मधुमेह एक आजीवन बीमारी और गरीबों का दुश्मन बताया

**प्रधान** न्यायाधीश (सीजेआई) एन. वी. रमण ने रविवार को कहा कि यह आवश्यक है कि सरकार मधुमेह देखभाल के लिए सहायता और सब्सिडी प्रदान करे क्योंकि यह एक महंगी बीमारी है। न्यायमूर्ति रमण ने मधुमेह को एक आजीवन बीमारी और गरीबों का दुश्मन बताते हुए कहा कि स्थानीय आबादी को लक्षित करके भारत–विशिष्ट अध्ययन करना अनिवार्य है, जिससे उचित उपचार प्रोटोकॉल विकसित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार को बीमारी से निपटने के लिए और अधिक स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षित करने और सेवा में लाने की जरूरत है।

न्यायमूर्ति रमण ने मधुमेह पर आहूजा बजाज संगोष्ठी में कहा कि कोविड–19 ने पहले ही उजागर कर दिया है कि हमारी स्वास्थ्य प्रणाली पर अत्यधिक बोझ है और मधुमेह का इलाज खोजने के लिए आधुनिक दवाएं विकसित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मधुमेह के इलाज में काफी अधिक खर्च होता है, इसलिए यह आवश्यक है कि सरकार मधुमेह की देखभाल के लिए सहायता और सब्सिडी प्रदान करे। उन्होंने कहा कि सरकार को इस समस्या से निपटने के लिए अधिक स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षित करने और सेवा में लाने की भी जरूरत है। उन्होंने कहा, राष्ट्र और उसके नागरिकों का स्वास्थ्य सर्वोपरि है और हमने अपने लिए जो विकासात्मक लक्ष्य निर्धारित किए हैं उसके लिए भी यह जरूरी है।

सीजेआई ने कहा कि जब भारतीय वैज्ञानिक और शोधकर्ताओं ने महामारी फैलने के कुछ महीनों के भीतर कोविड–19 रोधी टीके के लिए मिलकर काम किया तो वह बहुत उत्साहित थे। हालांकि, हम मधुमेह के लिए एक स्थाई इलाज खोजने के करीब भी नहीं हैं, जो एक पुरानी बीमारी है। उन्होंने कहा, मेरी एक ही इच्छा है कि इसका इलाज मिल जाए।

## यूपी में दलित परिवार के चार लोगों की हत्या के मामले में दो पुलिसकर्मी निलंबित

**प्रयागराज।** जिले के गंगापार स्थित फाफामऊके मोहन गंज गोहरी गांव में पिछले दिनों एक दलित परिवार के चार लोगों की हत्या के मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी राम केवल पटेल और हेड कांस्टेबल सुशील सिंह को निलंबित कर दिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस घटना से पूर्व पीड़ित परिवार की शिकायत को गंभीरता से नहीं लेने और कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के लिए इन पुलिसकर्मियों की निलंबित किया गया है। फाफामऊ थाने के नए प्रभारी सुरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि गोहरी गांव की घटना की जांच की जा रही है और 11 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस ने अभी तक 10–12 लोगों से पूछताछ की है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने पीड़ित परिवार की महिलाओं का दुख साझा किया और इस घटना को लेकर सरकार पर निशाना साधा था।

## संक्षिप्त समाचार

### गुवाहाटी-दिल्ली विमान से उपद्रवी यात्री को उतारा

**नई दिल्ली।** गुवाहाटी हवाई अड्डे पर शुक्रवार को एक पुरुष यात्री को खराब व्यवहार के लिए स्पाइसजेट के विमान से उतार दिया गया और उसे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मियों को सौंप दिया गया। एयरलाइन ने यह जानकारी दी। यह घटना शुक्रवार सुबह दिल्ली जा रहे विमान एसजी 8169 पर हुई जब विमान रनवे पर था। एयरलाइन ने रविवार को जारी बयान में बताया कि यात्री को इसलिए उड़ान से उतार दिया गया था क्योंकि वह बार–बार अपनी सीट से उठ रहा था और हंगामा कर रहा था। बयान में कहा गया, उसे शांत कराने की कोशिशें बेकार गईं और साथी यात्रियों ने चालक दल के सदस्यों को बताया कि वह उक्त यात्री के साथ यात्रा करने के लिए तैयार नहीं हैं। इसमें बताया गया, विमान को वापस बाड़े में लाया गया जहां हवाई अड्डा सुरक्षा अधिकारियों ने स्पाइसजेट के कर्मचारियों के साथ यात्री को विमान से उतारा और उसे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को सौंप दिया। बाद में, विमान ने दिल्ली के लिए उड़ान भरी। यह तत्काल स्पष्ट नहीं हो पाया कि उपद्रवी यात्री के खिलाफ कोई कार्रवाई की गई या नहीं।

### मुंबई पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर अजमल तोतला को पकड़ा

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने मादक पदार्थ के तस्कर अजमल तोतला को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ कई मामले दर्ज है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि उसे इस महीने की शुरुआत में नशीला पदार्थ मेफेड्रोन जब्त होने के मामले के संबंध में शुक्रवार को यहां सायन इलाके से पकड़ा गया। गौरतलब है कि महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक ने हाल में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान मादक पदार्थ के मामले में भी तोतला के नाम का जिक्र किया था। साथ ही उन्होंने महिला मादक पदार्थ तस्कर रुबीना नियाजु शेख का भी नाम लिया था। पुलिस ने 20 नवंबर को आरिफ नसीर शेख (39) और अतीक हामिद शेख उर्फ इतल्ली (28) को गिरफ्तार किया था और उनके पास से 13 ग्राम मेफेड्रोन और 4.13 लाख रुपये नकद बरामद किए थे। दोनों धारावी इलाके के रहने वाले हैं।अधिकारी ने बताया कि पुलिस के दल ने उसी दिन माहिम इलाके में एक इमारत के पास एक एसयूवी को फुटपाथ पर खड़े देखा था जिसमें करीब चार लोग सवार थे। जब उन लोगों ने भागना शुरू किया तो पुलिस ने उनमें से दो को पकड़ लिया था। बाद में पुलिस ने मादक पदार्थ, नकदी, एक महंगा मोबाइल फोन और उनकी कार जब्त की थी। उन्होंने बताया कि पुलिस इस मामले के संबंध में तोतला की तलाश कर रही है और शुक्रवार को उसे पकड़ लिया गया।

### बेंगलूरू पुलिस ने मुनव्वर फारुकी के कार्यक्रम को रोका

**बेंगलुरु।** बेंगलूरू पुलिस ने हिंदू दक्षिणपंथी संगठनों के प्रदर्शन के बीच रविवार को शहर में मुनव्वर फारूकी के स्टैण्डअप हास्य कार्यक्रम को मंजूरी देने से इनकार कर दिया। इन संगठनों ने आरोप लगाया है कि हास्य कलाकार ने अपने एक कार्यक्रम में हिंदुओं की भावनाओं को आहत किया था।एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर बताया, हां, हमने अनुमति देने से इनकार कर दिया है। वह आज किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम में प्रस्तुति नहीं देंगे। जानकारी के अनुसार, फारूकी ने रविवार शाम को डोंगरी टू नोव्हेयर प्रस्तुति देने की योजना बनाई थी। नई दिल्ली के कर्टेन्स कॉल्स इवेंट के विशाल धूरिया और सिद्धार्थ दास ने बेंगलुरु में इस कार्यक्रम का आयोजन किया था। बहरहाल, श्रीराम सेना और हिंदू जनजागृति समिति समेत विभिन्न दक्षिणपंथी संगठनों ने हास्य कलाकार के खिलाफ बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त को शिकायत दी थी। उन्होंने हास्य कलाकार पर हिंदू देवताओं का कथित तौर पर अपमान करके हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाया।शहर में अशोकानगर पुलिस थाने के इंस्पेक्टर ने शनिवार को कार्यक्रम के आयोजकों को एक पत्र लिखकर उनसे कार्यक्रम रद्द करने को कहा क्योंकि हास्य कलाकार एक विवादास्पद शख्स है। इंस्पेक्टर ने अपने पत्र में कहा, ऐसा समझा जाता है कि मुनव्वर फारूकी विवादित शख्स हैं...कई राज्यों ने उनके हास्य कार्यक्रमों पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। मध्य प्रदेश के इंदौर में तुकोजी पुलिस थाने में उनके खिलाफ एक मामला दर्ज है। उन्होंने कहा कि कई संगठन उनके कार्यक्रम का विरोध कर रहे हैं। इस कार्यक्रम से अशांति पैदा हो सकती है, शांति और सौहार्द्र भंग हो सकता है तथा कानून–व्यवस्था की स्थिति पैदा हो सकती है। पत्र में लिखा गया है, अतः, ऐसा सुझाव दिया जाता है कि आपको फारूकी का स्टैण्डअप हास्य कार्यक्रम रद्द कर देना चाहिए।

### झारखंड में जबरन जय श्रीराम का नारा लगवाने पर तीन पकड़े

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में गर्म कपड़े बेचने का काम करने वाले चार कश्मीरी युवकों ने कुछ स्थानीय लोगों पर उनकी पिटाई करने और जबरन जय श्रीराम और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगवाने का शनिवार को आरोप लगाया जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को हिरासत में लिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र कुमार झा ने इस घटना के बारे में पूछे जाने पर बताया कि शनिवार को कश्मीरी कारोबारियों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके साथ कुछ स्थानीय लोगों ने मारपीट की जिसके बाद पुलिस ने बीती रात तीन आरोपियों को हिरासत में लिया और उनसे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा उसे बख्शा नहीं जाएगा। इससे पूर्व इस घटना की सूचना पर मुख्यमंत्री ने स्वयं पीड़ित युवकों के वीडियो को ट्वीट करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। आरोप के अनुसार कुछ स्थानीय लोगों ने मिलकर इलाके में रह रहे कश्मीरी युवकों के साथ पहले मारपीट की और फिर उनसे पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगवाए। पीड़ित युवकों ने कहा कि ठंड के मौसम में वे रांची आकर काम किया करते हैं।

### अधीर ने मृत किसानों के प्रति शोक प्रस्ताव लाने को पत्र लिखा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने सदन के अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिख कर विवादास्पद कृषि कानूनों के खिलाफ जारी आंदोलन के दौरान हुई किसानों की मौत पर शोक व्यक्त करने के लिए संसद में एक प्रस्ताव लाने का अनुरोध किया है। कांग्रेस नेता ने लोकसभा अध्यक्ष को लोकसभा में कार्यवाही के सुचारू संचालन के लिए एक उपाध्यक्ष की नियुक्त करने के लिए भी लिखा है। चौधरी ने एक अन्य पत्र में सोमवार से शुरू हो रहे (संसद के) शीतकालीन सत्र के दौरान संसद की कार्यवाही की स्वतंत्र और निष्पक्ष कवरेज सुनिश्चित करने के लिए मीडिया पर लगाए गए प्रतिबंधों को कम करने का आग्रह किया।कांग्रेस नेता ने पत्र में कहा, आगामी संसद सत्र की पूर्वसंध्या पर, मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि हमारे अन्नदाता के प्रति सम्मान प्रदर्शित करते हुए सदन किसान आंदोलन के दौरान अपनी जान गंवाने वाले किसानों के लिए आम सहमति से एक शोक प्रस्ताव पारित कर सकता है।उन्होंने कहा, सदन में प्रस्ताव पारित होने से हमारे किसानों द्वारा दिए गए बलिदान के प्रति हमारा आभार व्यक्त किया जाएगा।

## मुजफ्फरनगर में महिला के यौन शोषण का आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी।** मुजफ्फरनगर

**उत्तर** प्रदेश के मुजफ्फरनगर में चापड़ पुलिस थाने के अंतर्गत एक गांव में व्यक्ति ने महिला का कथित तौर पर यौन शोषण किया।

पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि महिला शनिवार को जब खेतों की ओर जा रही थी तभी यह वारदात हुई। आरोपी शख्स ने महिला को खेतों में खींचा और उससे दुष्कर्म करने की कोशिश की। वह मदद के लिए चीखी–चिल्लाई, जिसके बाद गांव वाले घटनास्थल पर पहुंचे और महिला को छुड़ाया। उन्होंने आरोपी की पिटाई की।पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354 और एससीएसटी अत्याचार कानून की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं, पड़ोसी शामली जिले में एक अन्य मामले में 15 साल की लड़की के यौन शोषण के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना कैराना पुलिस थाने के तहत आने वाले एक गांव में शनिवार को हुई। पुलिस ने बताया कि नकुल देव के खिलाफ यौन शोषण और पीड़िता को धमकी देने के आरोपों में मामला दर्ज किया गया है।

### पुलिस ने नकुल देव के खिलाफ यौन शोषण और धमकाने का मुकदमा दर्ज किया

## विपक्षी दलों ने पेगासस विवाद, महंगाई पर चर्चा की मांग की

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र से पहले सरकार द्वारा रविवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में अधिकतर विपक्षी दलों ने पेगासस जासूसी विवाद, महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दों पर चर्चा किए जाने की मांग की।

बैठक में हुई चर्चा की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि विपक्षी नेताओं ने पश्चिम बंगाल सहित कुछ राज्यों में सीमा सुरक्षा बल के विस्तारित अधिकार क्षेत्र का मुद्दा भी उठाया। तृणमूल कांग्रेस के नेताओं–सुदीप बंदोपाध्याय और डेरेक ओ ब्रायन ने लाभकारी सार्वजनिक उपक्रमों के विनिवेश और न्यूनतम सर्मथन मूल्य पर कानून लाने का मुद्दा भी उठाया। परंपरागत रूप से संसद सत्र की शुरुआत की पूर्व संध्या पर होने वाली बैठक में उपस्थित प्रमुख विपक्षी नेताओं में कांग्रेस से मल्लिकार्जुन खड़गे आदि शामिल थे।

# पूर्व क्रिकेटर और भाजपा के नेता गौतम गंभीर को फिर मिली धमकी

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**पूर्व** क्रिकेटर और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता गौतम गंभीर को कथित रूप से आईएसआईएस कश्मीर ने जान से मारने की एक बार फिर शनिवार देर रात धमकी दी।

सांसद गंभीर को पिछले छह दिन में तीसरी बार इस प्रकार की धमकी मिली है। गंभीर को आईएसआईएसकश्मीरऐटदरेटयाहूडॉटकॉम से शनिवार देर रात एक बजकर 37 मिनट पर एक ईमेल मिला, जिसमें लिखा है, आपकी दिल्ली पुलिस और आईपीएस (भारतीय पुलिस सेवा) की अधिकारी श्वेता (पुलिस उपायुक्त) कुछ नहीं उखाड़ सकतीं। हमारे जासूस पुलिस में भी हैं। आपके बारे में पूरी जानकारी मिल रही है।

इस संबंध में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्हें ई–मेल की विषयवस्तु प्राप्त हो गई है और मामले की जांच की जारी है। गंभीर को मंगलवार और बुधवार को भी इसी प्रकार की धमकियां मिली थीं। गंभीर के निजी सचिव गौतम अरोड़ा द्वारा पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, सांसद को मंगलवार रात नौ बजकर 32 मिनट पर उनके आधिकारिक ई–मेल आईडी पर जान से मारने की पहली धमकी दी गई। यह ई-मेल कथित रूप से आईएसआईएस कश्मीर ने भेजा था, जिसमें लिखा था, हम आपको और आपके परिवार को जान से मार देंगे।

पुलिस उपायुक्त (मध्य) श्वेता चौहान ने कहा था, शिकायत मिलने के बाद, जिला पुलिस ने गंभीर की निजी सुरक्षा और उनके राजेंद्र नगर इलाके में स्थित आवास के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी है।

# विधानसभा की 32 सीटों पर लड़ेगी रालोद और सीटें बढ़ने की संभावना : डॉक्टर मसूद

### रालोद के एक वरिष्ठ नेता ने आंदोलन में शहीद किसान के परिजनों को देगी टिकट

**एजेंसी।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश में अगले वर्ष की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी के सहयोगी के तौर पर चुनाव लड़ने के लिए राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने 32 विधानसभा सीटों की पहचान की है, जिनमें से ज्यादातर पश्चिमी उत्तर प्रदेश की हैं। रालोद के एक वरिष्ठ नेता ने रविवार को यह जानकारी दी।

रालोद की उप्र इकाई के प्रमुख मसूद अहमद ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता चाहते हैं कि पार्टी प्रमुख जयंत चौधरी आगामी विधानसभा चुनाव लड़ें। उन्होंने कहा कि यदि तीन कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसानों के परिजन विधानसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक हैं तो पार्टी इस पर भी विचार करेगी और उनकी जीत के आधार पर अनुकूल निर्णय करेगी।

मसूद ने यह भी स्पष्ट रूप से कहा कि अगर सपा के नेतृत्व वाला गठबंधन सत्ता में आता है तो अखिलेश यादव मुख्यमंत्री होंगे और रालोद सत्ता में भागीदार होगी।

उन्होंने कहा, अभी तक, पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 32 सीटों पर रालोद उम्मीदवारों के चुनाव लड़ने की बातचीत है और ए सीटें सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, शामली, बुलंदशहर, हाथरस, मथुरा, आगरा, अलीगढ़, मुरादाबाद और अमरोहा जिलों में फैली हुई हैं।

## नागालैंड में ऑफ–रोड पर्यटन से सालाना 100 करोड़ रुपये का राजस्व उत्पन्न होने की संभावना

**कोहिमा।** अमेरिका के साउथ डकोटा राज्य के एक शहर स्टर्गिस ने नगालैंड सरकार को राज्य के ऊबड़–खाबड़, पथरीले इलाकों और खराब सड़कों का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए करने और उन्हें ऑफ–रोडिंग बिजनेस मॉडल में बदलने के लिए प्रेरित किया।

अधिकारियों का कहना है कि इस योजना के धरातल पर उतरने से 100 करोड़ रुपए का वार्षिक राजस्व उत्पन्न होने की संभावना है।अपने ऊबड़–खाबड़, पथरीले इलाकों को अवसर में बदलते हुए राज्य सरकार ने ऑफ–रोडिंग को बढ़ावा देने के लिए एक योजना तैयार की है।

# तृणमूल के दावे खोखले, चुनाव ने दिखाया कि त्रिपुरा के लोगों को भाजपा पर भरोसा है: दिलीप घोष

**एजेंसी।** कोलकाता

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को कहा कि त्रिपुरा नगर निकाय चुनाव के परिणामों ने पूर्वोत्तर राज्य में पैठ जमाने के तृणमूल कांग्रेस के दावों के खोखलेपन को उजागर कर दिया है और राज्य के लोगों को भाजपा पर भरोसा है।

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष ने यहां संवाददाताओं से बातचीत के दौरान त्रिपुरा में चुनाव प्रचार करने वाले तृणमूल कार्यकर्ताओं को किराए के लोग बताया और कहा कि भाजपा और राज्य के लोगों के बीच मजबूत संबंध हैं। उन्होंने कहा कि तृणमूल त्रिपुरा में अपना खाता तब तक नहीं खोल सकती जब तक भाजपा किसी सीट से उम्मीदवार नहीं उतारने का फैसला न कर ले।

घोष ने कहा, नगर निकाय चुनाव के परिणाम उम्मीद के अनुसार आए हैं। तृणमूल का त्रिपुरा में खाता खुलने का कोई आसार नहीं है। उन्होंने केवल शोर मचाया। यह फैसला दर्शाता है कि पश्चिम बंगाल से आए किराए के लोग ऐसे राज्य में किसी पार्टी को अपना आधार बनाने में मदद नहीं कर सकते, जिसका भाजपा पर भरोसा है।

# जनता को गुमराह करने के लिए भाजपा ने रेलवे स्टेशन का नाम रानी कमलापति स्टेशन किया

## कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य ने कहा, रानी कमलापति की शादी एक मुस्लिम व्यक्ति से हुई थी

### प्रधानमंत्री मोदीजी स्पष्ट करें कि वह शुद्ध हिंदू थीं या शुद्ध मुसलमान

**एजेंसी।** रीवा, (मप्र)





**कांग्रेस** के राज्यसभा सदस्य राजमणि पटेल ने दावा किया है कि रानी कमलापति की शादी एक मुस्लिम व्यक्ति से हुई थी और लोगों को गुमराह करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मध्य प्रदेश में एक रेलवे स्टेशन का नाम गोंड रानी के नाम पर रखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में पुनर्विकसित हबीबगंज रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर रानी कमलापति रेलवे स्टेशन करते हुए इसका लोकार्पण किया था। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रानी कमलापति को गोंड समुदाय का गौरव और भोपाल की अंतिम हिंदू रानी कहा था।

पटेल ने शनिवार को यहां पत्रकारों से बात करते हुए दावा किया कि आदिवासी रानी ने एक मुस्लिम सेनापति से दोस्ती की और दूसरों पर हमला करने के लिए उसकी मदद मांगी, लेकिन बाद में उसके साथ प्रेम संबंध होने के बाद जल समाधि ले ली।

उन्होंने कहा, भोपाल के एक स्टेशन का नाम लोगों को गुमराह करने के लिए बदल दिया गया। स्टेशन का नाम अंतिम आदिवासी रानी (भोपाल की) रानी कमलापति के नाम पर रखा गया। आम लोग नहीं जानते कि रानी कमलापति कौन थीं, वह आदिवासी थीं, उन्होंने किससे शादी की? उनकी शादी एक मुस्लिम से हुई थी, अब प्रधानमंत्री मोदी जी स्पष्ट करें कि वह शुद्ध हिंदू थीं या शुद्ध मुसलमान।

कांग्रेस नेता ने भाजपा पर हिंदू और मुस्लिम के नाम पर समाज को बांटने और वोट पाने के लिए इतिहास को बदलने का आरोप लगाया। कमलापति मुस्लिम थीं, यह पूछे जाने पर पटेल ने कहा कि यह उन्हें (भाजपा) स्पष्ट करने दें। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि भाजपा के कई नेताओं के बच्चों की भी मुस्लिमों से शादी हुई है।

इस माह के प्रारंभ में चौहान ने कहा था कि रानी कमलापति का राज्य अफगान सेनापति दोस्त मोहम्मद ने एक साजिश के जरिए हड़प लिया था। इसके बाद जब रानी ने देखा की जीत संभव नहीं है तो उसने अपना सम्मान बचाने के लिए जल जौहर (आत्महत्या का पारंपरिक तरीका) किया। उनके बेटे नवल शाह को भोपाल के लालघाटी इलाके में मार दिया गया था।

## राजग सहयोगी एनपीपी ने सीएए निरस्त करने की मांग की

**नई दिल्ली।** नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) की नेता अगाथा संगमा ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (सीएए) के सहयोगियों की एक बैठक में संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) को निरस्त करने की रविवार को मांग की।

संसद के शीतकालीन सत्र से पहले बुलाई गई बैठक के बाद उन्होंने यहां कहा, चूंकि कृषि कानून निरस्त कर दिए गए हैं और यह खासकर लोगों के हितों को ध्यान में रखकर किया गया था, इसलिए मैंने सरकार से पूर्वोत्तर के लोगों की उसी तरह की भावनाओं को ध्यान में रखकर सीएए को निरस्त करने का आग्रह किया।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर बेधड़क दौड़ेंगे इलेक्ट्रिक वाहन

## देश का पहला इलेक्ट्रिक वाहन कॉरिडोर बनाने की तैयारी, ट्रायल रन को मिली चुकी है हरी झंडी

## ट्रायल का उद्देश्य एक्सप्रेस-वे पर चार्जिंग इंफास्ट्रक्चर व सड़क के किनारे सहायता पर ध्यान केंद्रित करना है

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



यमुना एक्सप्रेसवे देश का पहला इलेक्ट्रिक वाहन कॉरिडोर बनने जा रहा है। लोगों को दिल्ली से आगरा तक खास सुविधाएं मिलेंगी।

सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन के लिए ई-कॉरिडोर के रूप में यमुना एक्सप्रेसवे पर ट्रायल रन किए जा चुके हैं। जानकारी मिली है कि 25 दिसंबर को यह प्रोजेक्ट अमल में आ जाएगा। पिछले साल 25 मई को दिल्ली के इंडिया गेट से आगरा तक बैटरी से चलने वाले वाहनों के ट्रायल रन को हरी झंडी दिखाई गई थी।

ट्रायल रन का मुख्य उद्देश्य यमुना एक्सप्रेस-वे पर चार्जिंग इंफास्ट्रक्चर, सड़क के किनारे सहायता और सेवा पर ध्यान केंद्रित करना था। दरअसल, यमुना एक्सप्रेसवे की बदौलत दिल्ली और आगरा के बीच यात्रा के समय में काफी कमी आई है। यह पर्यटकों के बीच एक लोकप्रिय मार्ग है। ट्रायल रन में भाग लेने वाली कंपनी एमजी मोटर थी। कम्पनी के इलेक्ट्रिक वेहिकल एक बार चार्ज करने पर 340 किलोमीटर चले थे। माना गया कि कम्पनी के जेडएस ईवी जैसे वाहन दिल्ली-आगरा के बीच यात्रा के लिए आदर्श हैं।

आपको बता दें कि भारत सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों का समर्थन करने के लिए अपने बुनियादी ढांचे को बढ़ा रही है। बड़े शहरों में चार्जिंग स्टेशन स्थापित कर दिए गए हैं। अब देश राजमार्गों पर चार्जिंग की आवश्यकता महसूस की जा रही है। सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बताया था कि केंद्र सरकार देश में 69,000 ईंधन पंपों पर कम से कम एक ईवी चार्जिंग स्टेशन बना रही है। बैटरी चार्जिंग इकोसिस्टम बहुत महत्वपूर्ण है। सरकार लोगों को इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के लिए प्रेरित कर रही है। उन्होंने हाल में एक और बड़ा बयान दिया था। हालांकि ई-वाहनों की ब्रिकी इस बात पर निर्भर करती है कितने चार्जिंग स्टेशन बनते है।

### ई-वाहनों की बिक्री में हुआ इजाफा

गड़करी ने कहा था, अगले दो सालों में इलेक्ट्रिक वाहनों और डीजल वाहन की कीमत बराबर हो जाएंगी। अगले दो वर्षों में लोग बिजली से चलने वाले वाहनों को खरीदना ज्यादा पसंद करेंगे। यमुना एक्सप्रेसवे पर मिलने वाली इस सुविधा से नोएडा और ग्रेटर नोएडा में इलेक्ट्रिक कारों का चलन तेजी से बढ़ेगा। अकेले ग्रेटर नोएडा शहरों में 100 चार्जिंग स्टेशन बनाने की योजना पर काम चल रहा है। कारों में चार्जिंग का खर्चा 5 रुपये प्रति यूनिट लिया जाएगा। दोपहिया वाहनों में 4.50 रुपये प्रति यूनिट चार्जिंग रेट निर्धारित किए गए हैं।



**नोएडा में 100 चार्जिंग स्टेशन**

| | |
|---|---|
| कारों में खर्च | 5 |
| दोपहिया वाहन | 4.50 |

# पत्नी की गला रेतकर हत्या, आरोपी फरार

- पति की गिरफ्तारी के लिए कई टीम गठित

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गृह क्लेश से तंग आकर एक पति ने अपनी पत्नी का गला काट कर उसे मौत के घाट उतार दिया। मामला नंद ग्राम थाना क्षेत्र स्थित हिंडन विहार का है । पति का नाम इरशाद है जबकि उसकी दिवंगत पत्नी का नाम शाहना है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पवन कुमार ने बताया कि यह घटनाक्रम तड़के का है घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गया है, उसकी गिरफ्तारी के लिए कई टीमों का गठन किया गया है।

उन्होंने बताया कि इरशाद की गिरफ्तारी के बाद ही घटना के कारणों का पता चलेगा, लेकिन पड़ोसियों और आसपास के लोगों का कहना है कि दोनों में किसी बात को लेकर गृह क्लेश चल रहा था, जिसके चलते गुस्से से लबरेज ने पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। शव को अपने कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच पुलिस कर रही है।

सहाना का इरशाद से दूसरा निकाह करीब एक महीने पहले ही हुआ था। इरशाद मजदूरी करता है, जबकि सहाना गृहणी थी। सहाना की बेटी के अनुसार पिता उसकी मां से दिल्ली चलकर रहने और कहीं कमाने-खाने की जिद कर रहे थे। सहाना बार-बार यही कहती थी कि पहले बच्ची की पढ़ाई पूरी कर लें, उसके बाद दिल्ली चलेंगे। इस दौरान दोनों में विवाद हुआ और फिर मारपीट होने लगी। इतने में इरशाद ने पत्नी सहाना का छुरी से गला रेत दिया और फरार हो गया। सहाना की मौके पर मौत हो गई। बेटी बेटी ने बताया कि शोर मचाने पर पिता इरशाद ने उसको भी थप्पड़ मारे।

# नर्स से लूटपाट करने वाला बदमाश पैंथर उर्फ टीपी मुठभेड़ में घायल

- दिल्ली समेत यूपी के कई जिलों में थी पुलिस को तलाश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



शनिवार की रात को नोएडा सेक्टर.24 थाना पुलिस और शातिर बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई है।

मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगी है। जिसको इलाज के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में एडमिट करवाया रहा है। पुलिस शातिर बदमाश की अपराधिक हिस्ट्री जानने में जुट गई है। नोएडा के एसीपी-2 रजनीश वर्मा ने बताया कि सेक्टर.24 कोतवाली पुलिस सेक्टर 31/25 चौराहे पर चैकिंग कर रही थी। उसी दौरान पुलिस ने बदमाश को आते हुए देखा। जैसे ही पुलिस ने बदमाश को रोकने का इशारा किया तो बदमाश ने पुलिस पर हमला करते हुए फायरिंग कर दी। जिसके बाद पुलिस को भी जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी और मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली लग गई।

रजनीश वर्मा ने बताया कि बदमाश की पहचान पैंथर उर्फ टीपी उर्फ भूपेंद्र के रूप में हुई है, जिसके खिलाफ नोएडा में 4 और दिल्ली में करीब 14 मुकदमे दर्ज हैं। इस बदमाश ने कुछ दिनों पहले नोएडा मेट्रो के सामने से जा रही एक नर्स के साथ लूटपाट की थी।

पैंथर ने नर्स की चेन लूट ली थी। उस दौरान वह सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था। पुलिस को आशंका है कि इस बदमाश के खिलाफ दिल्ली के अलावा अन्य कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि सीसीटीवी के आधार पर पुलिस बदमाश की तलाश कर रही थी।

# मिलावटी शराब बनाने वाले तीन तस्कर गिरफ्तार, 11 लीटर बरामद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कवि नगर थाने की पुलिस ने रविवार को महरौली रोड से तीन शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है । पुलिस ने इनके कब्जे से 11 लीटर मिलावटी शराब और 400 ग्राम यूरिया बरामद किया है। पूछताछ में बदमाशों ने पुलिस को बताया है ये लोग शराब की त्रीवता बढ़ाने के लिए शराब में यूरिया मिलाते हैं।

पुलिस अधीक्षक नगर(प्रथम ) नितिन अग्रवाल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कवि नगर पुलिस ने महरौली रोड पर चेकिंग के दौरान उस्मानपुर दिल्ली निवासी साहिब गुप्ता, सोनू उर्फ नरेश तथा गाजियाबाद निवासी दाऊद को गिरफ्तार किया है।

इन लोगों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि बताया कि यह लोग शराब में में यूरिया डालते हैं ताकि उसे पीने वालों को ज्यादा नशा हो सके। यह स्वस्थ के लिए बहुत ही ज्यादा खतरनाक है। ये लोग मिलावटी शराब की सप्लाई करते हैं। ये लोग शराब को दिल्ली से लाते हैं और लंबे समय से इस धंधे में सक्रिय हैं।

# अवैध रूप से चलने वाले 17 ऑटो व अन्य वाहन सीज

- यातायात नियमों के बारे में नोएडा पुलिस पोस्टर और स्कूली स्तर पर दे रहे जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



उत्तर प्रदेश की सीमा में अवैध रूप से चलने वाले दिल्ली के 17 ऑटो व अन्य वाहनों को सीज कर दिया गया।

इसके अलावा 954 सामान्य वाहनों का चालान भी किया गया। इन वाहन चालकों से 37000 से भी अधिक का शमन शुल्क वसूला गया। यह जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पवन कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों की जानकारी न होने के कारण दुर्घटनाएं घटित होती है, इसलिए यातायात पुलिस को ताकीद किया गया है कि वह ज्यादा से ज्यादा लोगों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दें, जिसके तहत जगह-जगह पोस्टर बैनर होर्डिंग पंपलेट का वितरण किया जा रहा है, उन पर यातायात नियमों के बारे में जानकारी भी अंकित की गई है।

### दुर्घटनाओं में आएगी कमी: पुलिस अधीक्षक

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि स्कूलों में भी प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों को यातायात नियमों के बारे में पुलिसकर्मी जानकारी दे रहे हैं उन्होंने कहा कि जो आज बच्चे हैं कल देश के नागरिक बनेंगे,यातायात के नियमों का स्कूली स्तर पर ही ज्ञान हो जाएगा तो दुर्घटना कम होगी।

# रजिस्ट्री के लिए हजारों लोगों ने किया प्रदर्शन

- पीड़ित परिवारों ने लगाये प्राधिकरण पर संगीन आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



रजिस्ट्री की मांग को लेकर पिछले करीब 6 महीनों से सुपरटेक इको विलेज के हजारों निवासी प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन फिर भी उनकी समस्याओं को समाधान अभी तक नहीं हुआ है। रविवार को फिर सैकड़ों निवासियों ने किसान चौक पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करते हुए सैकड़ों निवासी इको विलेज-1, इको विलेज.2 और इको विलेज-3 के गेट पर गए और वहां पर बिल्डर के खिलाफ खूब नारेबाजी की। सुपरटेक इकोविलेज-2 के निवासी अनुपम मिश्रा ने बताया कि सुपरटेक इकोविलेज के करीब 10,000 घर खरीदार पिछले करीब 4 सालों से संघर्ष कर रहे हैं लेकिन कोई भी उनकी सुनने वाला नहीं है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण उनकी और बिल्डर के बीच बैठक करवाता है, उसमें बिल्डर दबंगई दिखाते हुए कहता है कि वह पैसे जमा नहीं करेगा। उसके बावजूद भी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कुछ भी नहीं कर पाता।

## सपाइयों को राज्यमंत्री ने भाजपा में किया शामिल

**गाजियाबाद।** भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर सैकड़ों की संख्या में सपाइयों ने भाजपा का दामन थामा।

रविवार को बुद्धविहार विजय नगर के एक निजी स्कूल के प्रांगण में भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा व राज्य मंत्री अतुल गर्ग के नेतृत्व में 15 साल सपा में रहे पं. सत्यपाल शर्मा एवं लक्ष्मीप्रसाद ने सैंकड़ों क्षेत्रवासियों के साथ भाजपा की सदस्यता ली। सत्यपाल शर्मा व लक्ष्मी प्रसाद ने बताया कि वह भाजपा की नीतियों एवं मोदी योगी से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ले रहे हैं ।उन्होंने बताया कि सपा में उन को घुटन महसूस होने लगे थी।



भाजपा में शामिल हुए सपा नेताओं के साथ स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग।

# 40 डिफाल्टर बिल्डरों की नहीं बिक रही संपत्तियां

- जिला प्रशासन ने मामले की रिपोर्ट यूपी शासन को भेजी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



बकाया राशि नहीं देने वाले 40 बिल्डरों की संपति की नीलामी जिला प्रशासन के लिए जी का जंजाल बन गई है। जिला प्रशासन अब तक करीब 10 बार से ज्यादा नीलामी की तिथि तय कर चुका है लेकिन कोई भी खरीदार सामने नहीं आता है।

अब इसको लेकर गौतमबुद्ध नगर के डीएम ने उत्तर प्रदेश शासन को पूरे मामले की रिपोर्ट भेजी है। जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने बताया कि रेरा और अन्य बकाये की वसूली के लिए तीनों तहसीलों में प्रशासन की 12 टीम ने विशेष अभियान चलाया था और इस अभियान के तहत अभी तक 40 बिल्डरों की करीब 500 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। इस संपत्ति को संबंधित तहसीलों में नीलाम करने के लिए 10 से अधिक बार तिथि तय की गई लेकिन तय तिथि पर कोई भी बोलीदाता इन्हें खरीदने के लिए नहीं आया।

गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन ने इस पूरे मामले की रिपोर्ट उत्तरप्रदेश शासन को भेज दी है। जिला प्रशासन की मांग है कि इन संपत्तियों की ई-नीलामी कराई जाए। अब इस मामले में उत्तर प्रदेश शासन ने राजस्व विभाग को जिम्मेदारी सौंप दी है कि वह संपत्तियों की ई.नीलामी कराने की व्यवस्था कराए।

आपको बता दें कि फ्लैट नहीं मिल पाने से नाराज बड़ी संख्या में निवेशक रेरा में गए थे।

रेरा ने एक हजार करोड़ से अधिक की आरसी जारी कर जिला प्रशासन को वसूली के लिए भेजी थी। वसूली न होने पर कुछ निवेशकों ने न्यायालय में अपील की थी। बकायेदार बिल्डरों से वसूली नहीं हो पाने पर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट भी नाराजगी जताई थी। इसको लेकर कोर्ट ने गौतमबुद्ध नगर जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी को तलब किया जा चुका है। कोर्ट ने ही आदेश दिया जल्द से जल्द बकायेदार बिल्डरों से वसूली की जाए।

# जनसंख्या नियंत्रण कानून के लिए 65 जिलों से गुजरेगी यात्रा



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने की मांग को लेकर चार दिसम्बर से 28 दिसम्बर तक उत्तर प्रदेश में जनसंख्या समाधान यात्रा निकाली जाएगी, जिसका शुभारम्भ चार दिसम्बर को गाजियाबाद से होगा।

यह यात्रा प्रदेश के 65 जिलों से होकर गुजरेगी। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के राष्ट्रीय सचिव प्रचार देवेन्द्र चौधरी रविवार को बताया कि ने यह यात्रा गाजियाबाद से शुरू होकर मोदीनगर के रास्ते मेरठ के लिए चलेगी और समापन भगवान श्री राम जी की जन्मभूमि अयोध्या में एक बड़ी सभा के साथ रामलला के दर्शन करके समाप्त होगी। फॉउंडेशन के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने के लिए चलाए जा रहे अभियान में मील का पत्थर साबित होगी इस यात्रा का उद्देश्य है कि जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू हो।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी सेक्टर-19 फरीदाबाद

### मेष

आज खुशखबरी मिलेगी। रोजगार मिलेगा। परेशानी दूर होगी। व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। निवेश कर सकते हैं। किस्मत का साथ मिलेगा। कार्य होने से प्रसन्नता में वृद्धि होगी। अनजान लोगों से सावधान रहें। लाइफ पार्टनर के साथ घूमने जा सकते हैं। माता-पिता का स्वास्थ्य चिंता का कारण बन सकता है। घर में बदलाव करने से पहले बड़ों की राय लें।

**( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )**

**भाग्यांक:** 2
**विशेष:** भगवान शिव को खीर अर्पित करें।

### वृष

विरोधियों से सतर्क रहना होगा। कारोबार में फायदा होगा। नए मित्र बनेंगे। घर का माहौल सुखद रहेगा। आमदनी में निश्चितता रहेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। शुभ समाचार मिलेंगे। मेहमानों का आगमन होगा। सकारात्मक रहेंगे। बड़े काम को करने का मन बनेगा। यात्रा कर सकते हैं। दिन खुशनुमा रहने वाला है। विवाहित पारिवारिक समस्याओं को जीवनसाथी से साझा करेंगे।

**( ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो )**

**भाग्यांक:** 2
**विशेष:** भगवान शिव की पूजा करें।

### मिथुन

रुकी हुई रकम वापस मिल सकती है। छात्रों को मेहनत का फल प्राप्त होगा। पूछ-परख बढ़ेगी। आमदनी में वृद्धि के अवसर आएंगे। जोखिम के कार्य टालें। दफ्तर में प्रभाव बढ़ेगा। उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। अज्ञात बाधा से परेशानी हो सकती है। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी। विरोधियों से सावधान रहें। दोस्तों और भाइयों से सहयोग मिलेगा। आज ऐसे ही काम शुरू करें जो जल्दी पूरे हो जाएं।

**( का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा )**

**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** रुद्राष्टकम का पाठ करें।

### कर्क

दिन सामान्य रहेगा। व्यवसाय में बढ़ोतरी होगी। यात्रा का आयोजन हो सकता है। मनमाफिक भोजन का आनंद प्राप्त होगा। परिवार में प्रभाव बढ़ेगा। घर-परिवार की चिंता दूर होगी। किस्मत का साथ मिलेगा। प्रभावशाली व्यक्तियों से परिचय होगा। धन लाभ होने की संभावना है। आर्थिक लेन-देन कर रहे हैं। तो सावधानी बरतें जीवनसाथी का बोझ दूर करने के लिए घरेलू कामकाज में हाथ बटाएं।

**( ही, हूं ,हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो )**

**भाग्यांक:** 3
**विशेष:** माथे पर सफेद चंदन का टीका लगाएं।

### सिंह

दिन मिलाजुला रहेगा। आमदनी ठीक रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। दूसरों के काम में दखल न दें। मेहनत अधिक होगी। जोखिम को कार्यों को टालें। मकान खरीदने का प्लान बनाएंगे। नया प्रोजेक्ट लाभ देगा। शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। दुखद समाचार मिल सकता है। सेहत का ध्यान रखें। लवमेट के साथ घूमने का प्लान बना सकते हैं। सभी परेशानियों का निवारण होगा। प्रसन्नता से काम कर पाएंगे।

**( मा, मी ,मू, में, मो, टा, टी, टू, टे )**

**भाग्यांक:** 2
**विशेष:** मिश्री का दान करें।

### कन्या

प्रभाव वृद्धि होगी। उधार न दें। कार्य के सिलसिले में यात्रा पर जा सकते हैं। सभी कार्य समय पर होंगे। पुराने निवेश से लाभ होगा। आमदनी में वृद्धि होगी। सेहत ठीक रहेगी। परिवार का वातावरण सुखद रहेगा। अदालती मामले आगे बढ़ेंगे। विवाद हो सकता है। सतर्क रहें। सावधानी से खर्च करें। कामकाज में व्यस्तता भी ज्यादा हो सकती है। चीजें धीरे-धीरे फेवर में हो सकती हैं।

**( टो ,पा, पी, पू, ष, ष, ण, ठ, पे, पो )**

**भाग्यांक:** 9
**विशेष:** नहाने के पानी में गंगाजल डालकर स्नान करें।

### तुला

दिन शानदार रहेगा। नया सौदा होगा। नौकरी में चैन रहेगा। मित्र से विवाद दूर होंगे। कॅरियर से जुड़ी सूचना मिलेगी। धन लाभ होगा। समस्या दूर होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। सभी तरफ से सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। आलस्य की त्यागें। घर के लोग खर्चीले स्वभाव की आलोचना करेंगे। भविष्य के लिए पैसे जमा करने चाहिए। रोमांस के लिए बढ़ाए गए कदम असर दिखाएंगे।

**( रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )**

**भाग्यांक:** 2
**विशेष:** गोशाला में कुछ रुपये दान करें।

### वृश्चिक

आय में निश्चितता रहेगी। घर में तनाव रहेगा। पार्टनरों से मतभेद व कहासुनी हो सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। चोट व दुर्घटना से बचें। नकारात्मकता बढ़ेगी। दिन अच्छा रहेगा जिंदगी का बदलाव फेवर में रहेगा। कला के क्षेत्र से जुड़े हैं, तो तरक्की के कई नए रास्ते नजर आएंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )**

**भाग्यांक:** 4
**विशेष:** भगवान शिव को सफेद फूल अर्पित करें।

### धनु

धन लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। सामाजिक कार्यों में आर्थिक मदद करेंगे। छात्रों को सफलता प्राप्त होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। सेहत को लेकर चिंतित हो सकते हैं। धर्म-कर्म में मन लगेगा। सत्संग का लाभ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। मित्र से मुलाकात हो सकती है। कामकाज में बहुत हद तक सफल हो सकते हैं। सोचे हुए काम पूरे कर लें तो अच्छा होगा। मकान खरीदने का विचार बन सकता है।

**( ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे )**

**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** नम: शिवाय का पाठ करें।

### मकर

यात्रा पर जाएंगे। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। आज का आपका दिन सुखद रहेगा। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त हो सकता है। नए काम मिल सकते हैं। एकांत में रहने का मन करेगा। प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। जरूरी फैसले लेने में जल्दबाजी न करें। रुमानी मुलाकात दिन बना देगी। जब आपसे राय पूछी जाए तो संकोच न करें। अपनी सेहत का ध्यान रखें।

**( भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी )**

**भाग्यांक:** 1
**विशेष:** भगवान शिव को रुद्राक्ष की माला अर्पित करें।

### कुंभ

किसी बात को लेकर चिंता तथा तनाव रहेंगे। उधार की रकम वापस मिल सकती है। व्यवहार से सभी प्रभावित रहेंगे। लेन-देन में जल्दबाजी व लापरवाही न करें। रिश्तेदारों से मुलाकात हो सकती है। विवाद से बचें। आमदनी में निश्चितता रहेगी। अनावश्यक खर्च होगा। सेहत की स्थिति कमजोर रहेगी। दिन महत्वपूर्ण रहेगा। सोचा हुआ काम अचानक से पूरा हो जाएगा। आपकी आर्थिक स्थिति में काफी सुधार भी आएगा।

**( गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा )**

**भाग्यांक:** 8
**विशेष:** सफेद सूती वस्त्र का दान करें।

### मीन

आर्थिक दिक्कतें दूर होने की संभावना है। परिवार में किसी की तबियत बिगड़ सकती है। उधार की रकम वापस मिल सकती है। यात्रा लाभदायक रहेगी। किस्मत का साथ मिलेगा। रोजगार में वृद्धि होगी। आय बढ़ेगी। दफ्तर में अन बन हो सकती है। जोखिम न लें। परिवार में प्रसन्नता रहेगी। नया काम शुरू कर सकते हैं। आगे बढ़ने के लिए एक से ज्यादा मौके मिलने की संभावना है। कुछ खास काम पूरे हो सकते हैं।

**( दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची )**

**भाग्यांक:** 6
**विशेष:** चांदी के चम्मच से खाना खाएं।



# अपने भविष्य को दें आकार

**सचिन गुप्ता का कहना है कि 2019 में भारत में जैव प्रौद्योगिकी उद्योग का कारोबार 63 बिलियन डॉलर का था। इस क्षेत्र में भविष्य तलाशने वालों हेतु आकर्षक विकल्पों के लिए सीएजीआर 16.4 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है**

जैव प्रौद्योगिकी तकनीकी अनुप्रयोग है जिसमें उत्पादों को विकसित करने के लिए जीवित प्रणालियों और जीवों का उपयोग किया जाता है। वैश्विक जैव प्रौद्योगिकी बाजार के 2025 तक 727 बिलियन से अधिक मूल्य तक पहुंचने की संभावना से, बायोटेक रोजगार दर 2029 तक 5 फीसदी बढ़ने की उम्मीद है। भारत में जैव प्रौद्योगिकी उद्योग का मूल्य 2019 में 63 बिलियन था और इसके सीएजीआर के 16.4 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है, हालांकि 2025 तक इसका मूल्य 150 बिलियन डॉलर होने का अनुमान है।

यह उद्योग देश और दुनिया में एक प्रमुख आर्थिक चालक है। भारत एशिया-प्रशांत में तीसरा सबसे बड़ा जैव प्रौद्योगिकी गंतव्य भी है और दुनिया के 12 शीर्ष स्थलों में से एक है। जब हम जैव प्रौद्योगिकी के बारे में सोचते हैं तो हम अक्सर प्रयोगशालाओं, दवाओं और फार्मास्यूटिकल्स में वैज्ञानिकों के बारे में सोचते हैं लेकिन जैव प्रौद्योगिकी के पास कई अन्य करियर विकल्प और विभिन्न क्षेत्र हैं जो विभिन्न रोजगारों की संभावनाओं की पेशकश करते हैं।

**प्लांट बायोटेक्नोलॉजिस्ट**

यह क्षेत्र कृषि विज्ञान के क्षेत्र में आता है और अनुसंधान के इर्द-गिर्द घूमता है। इस क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों को खाद्य उत्पादन से निपटने वाली कंपनियों की मांगों के ज्ञान के साथ-साथ उद्योग की बुनियादी समझ होनी चाहिए। इसके अलावा, इस करियर क्षेत्र में रुचि रखने वाले व्यक्तियों को जैव-प्रौद्योगिकीय अवधारणाओं की मौलिक शिक्षा होनी चाहिए। यह क्षेत्र प्लांट ब्रीडर, प्रोडक्शन मैनेजर, प्रोफेसर, सेल्स मैनेजर और अन्य क्षेत्रों में करियर प्रदान करता है।

प्लांट बायोटेक्नोलॉजिस्ट का अध्ययन करने वाला व्यक्ति वैश्विक उपयोग के लिए एक स्थायी व विश्वसनीय खाद्य स्रोत बनाने के लिए काम कर सकता है, फसलों की स्थिति और बीजों की गुणवत्ता में सुधार हेतु आनुवंशिक और जैव रासायनिक तकनीकों को लागू कर सकता है। इसके अलावा, प्लांट बायोटेक्नालिजिस्ट भी चिकित्सा अनुसंधान में भूमिका निभाते हैं और ऐसी फसलें बनाने के लिए भी काम करते हैं जो बीमारियों, सूखे और अन्य आपदाओं के खिलाफ प्रतिरोधी हों।

**औद्योगिक जैव प्रौद्योगिकीविद्**

यह क्षेत्र चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जो छात्र स्नातक की डिग्री हासिल करना चाहते हैं, उन्हें अपनी एचएससी परीक्षा में कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करने चाहिए, जबकि जो स्नातकोत्तर करना चाहते हैं, उनके पास औद्योगिक जैव प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी या किसी अन्य संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक होने चाहिए। औद्योगिक बायोटेक्नोलॉजिस्ट की भूमिका विनिर्माण प्रक्रियाओं को विकसित करना और निगरानी करना, मानक प्रयोगशाला मॉडल स्थापित करना और संचालित करना, परीक्षणों पर डेटा विश्लेषण करना और परिणाम का मूल्यांकन करना है।

> **पर्यावरण जैव प्रौद्योगिकीविद् का एक अन्य कार्य डेटा की गुणवत्ता और प्रक्रिया में सुधार की निगरानी करना है क्योंकि यह व्यवसाय और वैज्ञानिक कार्यसमूहों में मदद करता है।**

यह क्षेत्र बायोप्रोडक्शन ऑपरेटर्स, टेक्निकल सॉल्यूशन मैनेजर, बायोमेडिकल इंजीनियर्स, ट्रेनी रिसर्च एसोसिएट और कई अन्य जैसे रोजगार अवसर प्रदान करता है। इस क्षेत्र में रुचि रखने वाले छात्रों को विभिन्न कौशल जैसे कि समस्या समाधान, समय प्रबंधन, विश्लेषणात्मक कौशल, तकनीकी कौशल, संचार कौशल व अन्य बहुत कुछ के लिए एक आदत होनी चाहिए। औद्योगिक जैव प्रौद्योगिकी की प्रयोज्यता जैव प्रौद्योगिकी द्वारा उत्पादित 2030 तक 39 प्रतिशत आर्थिक मूल्य के लिए जवाबदेह होने की उम्मीद है। इस क्षेत्र का भविष्य बहुत अच्छा है क्योंकि विभिन्न उद्योग स्थिरता के लिए जैव प्रौद्योगिकी के उपयोग को सक्षम बना रहे हैं। चूंकि यह निजी व साथ ही सरकारी कंपनियों द्वारा वित्त पोषित है, इसलिए इस क्षेत्र में भविष्य का दायरा बहुत बड़ा है और यह तीव्र गति से उभर रहा है।

**पर्यावरण जैव प्रौद्योगिकीविद्**

यह क्षेत्र विज्ञान वर्ग में है जो पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए सूक्ष्मजीवों से संबंधित है। यह जीव विज्ञान के साथ-साथ इंजीनियरिंग दोनों का एक संयोजन है जिसमें छात्र रोगाणुओं, बैक्टीरिया आदि को हानिरहित जीवों में बदलना सीखते हैं जो पर्यावरण के लिए फायदेमंद होंगे। पर्यावरण जीवविज्ञानियों के लिए एक उल्लेखनीय मांग देखी जा रही है, जहां उद्योग 2022 तक 13,000 से अधिक विभिन्न रोजगार भूमिकाओं में व्यक्तियों को नियुक्त करने की मांग करेगा और वो भी उद्योग में 15 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर के साथ। इस क्षेत्र को आगे बढ़ाने के इच्छुक छात्रों के पास विज्ञान वर्ग के साथ बीएससी या बायोटेक्नोलॉजी में डिग्री होनी चाहिए और उन्हें प्राकृतिक विज्ञान, अनुसंधान विधियों, कृषि विज्ञान आदि जैसे विषयों को सीखना चाहिए।

पर्यावरण जैव प्रौद्योगिकीविद स्थायी संसाधनों को जैव ईंधन में परिवर्तित करने पर काम करते हैं, प्रयोगशाला में जटिल परीक्षण करते हैं, दस्तावेजीकरण करते हैं और क्षेत्र व प्रयोगशाला के परिणामों का विश्लेषण करते हैं और अन्य बहुत कुछ करते हैं। इसके अलावा, पर्यावरण जैव प्रौद्योगिकीविद् का एक अन्य कार्य डेटा की गुणवत्ता और प्रक्रिया में सुधार की निगरानी करना है क्योंकि यह व्यवसाय और वैज्ञानिक कार्यसमूहों में मदद करता है। यह क्षेत्र पर्यावरण वैज्ञानिक, व्याख्याता, अपशिष्ट प्रबंधन निदेशक, पर्यावरण विशेषज्ञ, पर्यावरण सलाहकार और अन्य बहुत कुछ के लिए कैरियर-अवसर प्रदान करता है। इन नौकरियों की पेशकश कई उद्योगों, पर्यावरण निगरानी संगठनों, गैर सरकारी संगठनों, सार्वजनिक व निजी उद्योगों और कई अन्य क्षेत्रों द्वारा की जाती है।

**- लेखक संस्कृत विश्वविद्यालय में चांसलर हैं।**

# डेटा साइंटिस्ट की योग्यता होना आवश्यक

**डेटा साइंटिस्ट के रूप में काम करना चाहते हैं? शिवम दत्ता उन गुणों की सूची प्रस्तुत करते हैं जो भर्ती करते समय नियोक्ता एक उम्मीदवार में तलाशते हैं**





शिवम दत्ता
सह-संस्थापक, सीईओ, अल्माबेटर

डेटा साइंटिस्ट की नौकरी 21वीं सदी की सर्वाधिक मांग वाली और साथ ही चुनौतीपूर्ण नौकरियों में से एक है। इस पद के लिए विशेष प्रखर योग्यताओं और एक मजबूत मानसिकता की आवश्यकता होती है। अधिकांश नियोक्ता तकनीकी कौशल को प्राथमिकता देते हैं। हालांकि, कुशल डेटा वैज्ञानिकों के पास ऐसे गुण भी होते हैं जिनकी पहचान एक कौशल परीक्षण नहीं कर सकता है। डेटा साइंटिस्ट को हायर करते समय नियोक्ताओं को जिन गुणों पर ध्यान देना चाहिए उनमें से कुछ इस प्रकार हैं।

**व्यवहारिक योग्यताएं अत्यावश्यक :** दुनिया में किसी भी नौकरी के लिए एक रचनात्मक दिमाग की आवश्यकता होती है, और डेटा साइंटिस्ट की स्थिति भी इसी तरह की होती है। रचनात्मक विचारक किसी भी संगठन के लिए एक संपत्ति होता है। इसके अलावा, एक आदर्श उम्मीदवार हमेशा जिज्ञासु, उत्साही व निरंतर सीखने वाला होता है। डेटा विज्ञान उद्योग लगातार विकसित हो रहा है, और डेटा वैज्ञानिक को उद्योग में नवीनतम रुझानों का सामना करने में सक्षम होना चाहिए। दुनिया में हर काम में उतार-चढ़ाव आते हैं, इसलिए असफलताओं से निपटना और प्रेरित व शांत रहना एक अत्यावश्यक कौशल है। ऊपरोक्त उल्लिखित कौशल के अलावा, एक आदर्श उम्मीदवार में मजबूत संचार कौशल होना आवश्यक है।

**तकनीकी विशेषज्ञता :** संपूर्ण डेटा वैज्ञानिक प्रोग्रामिंग, मशीन लर्निंग, सांख्यिकीय विश्लेषण और बिग डेटा को समझता है। इसके अलावा, हार्डकोर कोडिंग और डिबगिंग कौशल आवश्यक हैं। इसलिए जावा और पायथन जैसी प्रोग्रामिंग भाषाओं के बिना तकनीकी कौशल की सरणी अपर्याप्त है।

हालांकि डेटा साइंटिस्ट बनने के लिए तकनीकी कौशल जरूरी है, मगर एक डेटा वैज्ञानिक में कुछ विशिष्ट योग्यताएं होनी चाहिए जिनमें निम्न कुछ कारक शामिल हों, जैसे कि :

**अनुकूलनशीलता :** एक आदर्श डेटा वैज्ञानिक को अनुकूलनशील होना चाहिए। एक ही रणनीति पर टिके रहना हर बार कारगर नहीं हो सकता है, इसलिए जैसे-जैसे दुनिया बदलती है और स्थिति की मांग होती है, उन्हें बदलना चाहिए।

**जोखिम विश्लेषण:** एक डेटा वैज्ञानिक के रूप में, व्यक्ति को विभिन्न स्तरों व समय सीमा पर कई निर्णय लेने होंगे। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय इसके जोखिम से संबंधित दुष्परिणामों का विश्लेषण करने हेतु समय निकालने के उपरांत किया जाना चाहिए। गड़बड़ी में पैटर्न ढूंढना : डेटा साइंटिस्ट की भूमिका तकनीकी की तुलना में अधिक रचनात्मक होती है। नियोक्ता इस गुणवत्ता का बहुत जल्दी परीक्षण कर सकता है।

**जवाबदेही:** निर्णय लेने में न केवल जोखिम विश्लेषण बल्कि जवाबदेही भी शामिल होती है। एक आदर्श उम्मीदवार को निर्णय लेने और पूर्ण विश्वास के साथ उस पर टिके होने में सक्षम होना चाहिए।

**सांख्यिकीय सोच :** डेटा विज्ञान से जुड़ने वाले किसी भी नये व्यक्ति में विशिष्ट परिणाम के प्रति झुकाव या अवचेतन अंतर्ज्ञान हो सकता है, लेकिन उन्हें आंकड़ा आधारित सोच विकसित करनी चाहिए। ऊपर वर्णित कौशल व गुणों के अलावा, क्षेत्र में काम पर रखने से पहले कुछ अतिरिक्त पहलुओं पर विचार किया जाना चाहिए।

**हैकर की भावना:** एक डेटा वैज्ञानिक को किसी हैकर से कम नहीं देखा जाना चाहिए। किसी भी प्रकार की समस्या के प्रति उनका दृष्टिकोण हैकर की तरह होना चाहिए। नियोक्ताओं को यह देखना चाहिए कि समस्या को हल करने के लिए उम्मीदवार के पास जुनूनी प्रेरणा है या नहीं।


**व्यापार और तकनीकी समझ का संतुलन :** डेटा वैज्ञानिक में किसी परियोजना या समस्या की व्यावसायिक व तकनीकी समझ दोनों होनी चाहिए। इन दोनों गुणों का घालमेल नहीं करना चाहिए और इनमें संतुलन में होना चाहिए। यह गुण एक भर्तीकर्ता के रूप में देखने योग्य होता है।

**परियोजनाओं का स्वामित्व लेने की क्षमता :** एक अनुभवी नियोक्ता हमेशा यह सुनिश्चित करेगा कि जिस व्यक्ति को वे काम पर लेते हैं वह अपनी नियत परियोजनाओं का स्वामित्व लेने के लिए योग्य व आश्वस्त है।

**अवधारणाओं को सरल बनाने की क्षमता :** एक आदर्श उम्मीदवार को जटिल ढंग से प्रस्तुत समस्या-वक्तव्यों को व्यावहारिक स्तर पर सरल बनाने में सक्षम होना चाहिए। इस कार्यक्षेत्र में यह गुण होना आवश्यक है।

# भावी तकनीक से कार्यस्थल का पुनर्निर्माण

**विक्की जैन का कहना है कि रोजगार की गतिशीलता और बाजारों के विकास से, प्रौद्योगिकी व्यवसायों हेतु भविष्य के लिए अपनी सेवाओं को सफलतापूर्वक बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।**



महामारी से पहले भी, प्रौद्योगिकी और नवाचार संस्थानों को महत्वपूर्ण रूप से पुनर्गठित कर रहे थे और काम की प्रकृति को बदल रहे थे। कोविड के बाद की दुनिया में व्यवसायों के पुनर्निर्माण से, डिजिटल तकनीक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार है कि कहां, कैसे काम किया जाता है और किसी विशेष कार्य को करने के लिए कितने लोगों की आवश्यकता है। महामारी द्वारा लाए गए परिवर्तनों से प्रेरित, इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रौद्योगिकी एक वितरित कार्यबल के अभियान को आगे बढ़ाएगी और संगठनों के सहयोग, भागीदारी और उनकी कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के तरीके बदल देगी। तेजी से विकसित होने वाले रोजगार की गतिशीलता और बाजारों से, प्रौद्योगिकी एक महत्वपूर्ण प्रवर्तक होगी जो व्यवसायों को अपनी सेवाओं को सफलतापूर्वक मापने के काबिल बनाएगी।

**प्रौद्योगिकी काम के भविष्य को कैसे प्रभावित करेगी**

उभरती प्रौद्योगिकियां और नवाचार काम के भविष्य में इन श्रेणियों को प्रभावित करेंगे :

**कार्य की प्रकृति**

एक प्रमुख क्षेत्र, जहां प्रौद्योगिकी प्रमुख भूमिका निभाएगी, वो है मैन्युअल स्तरों पर किए जाने वाले दोहरावपूर्ण कार्यों को बदलने का तरीका। हालांकि भविष्य में काम में मैनुअल कार्यों के लिए कम कर्मचारी शामिल होंगे, अधिक लोगों को उन रोजगार कार्यों में नियोजित किया जाएगा जिसमें रणनीतिक और रचनात्मक सोच शामिल है। एआई, स्मार्ट रोबोट और ऑटोमेशन कर्मचारियों को उत्पादों को डिजाइन करने, डेटा की व्याख्या करने और समस्याओं को हल करने जैसे अधिक महत्वपूर्ण कार्यों पर अपना ध्यान केंद्रित करने में सक्षम करेगा। कर्मचारियों को भी दुनिया के भावी कार्यबल बनने के लिए अनुकूलन और निरंतर अद्यतन रहने की आवश्यकता होगी। पीडब्ल्यूसी के शोध के अनुसार, अगले 15 वर्षों में यू.एस. में 38 प्रतिशत नौकरियां स्वचालन द्वारा की जा सकती हैं।

**कार्य कौन करता है?**

नए संचार मंचों के उद्भव से कंपनियों को एक मिश्रित/ हाइब्रिड कामकाजी मॉडल का लाभ उठाने की अनुमति मिलेगी जिसमें पूर्णकालिक कर्मचारियों व दूरस्थ कर्मचारियों को कम लागत में शामिल किया जाएगा। नई प्रौद्योगिकियों व तकनीकी बाजार के विकास से, निगम परियोजनाओं के सफल समापन के लिए आवश्यक जुनून, रचनात्मकता, विशेषज्ञता, अनुभव और योग्यताओं तक पहुंच बनाने के लिए विभिन्न रोजगार प्रारूपों का उपयोग करेंगे। इसके अतिरिक्त, कंपनियां लागत प्रभावी ढंग से अपने लक्ष्यों व लक्ष्यप्राप्ति के लिए दुनिया के विभिन्न कोनों से प्रतिभाओं को भी नियुक्त करेंगी।

**भौतिक अवसंरचना पर निर्भरता कम करें**

क्लाउड कंप्यूटिंग वर्किंग मॉडल का उदय होने से, कंपनियां भौतिक बुनियादी ढांचे पर अपनी निर्भरता धीरे-धीरे कम करेंगी। हालांकि, कुछ साल पहले तक, कार्यालयों द्वारा अपने डेटाबेस केंद्र को समायोजित करने के लिए बड़े स्थानों की आवश्यकता होती थी, क्लाउड कंप्यूटिंग की स्थापना ने भौतिक डेटाबेस बुनियादी ढांचे की आवश्यकता समाप्त कर दी है। क्लाउड कंप्यूटिंग सेवाएं न केवल डेटा के कुशल भंडारण में मदद करती हैं बल्कि इसे संरक्षित और सुरक्षित भी रखती हैं।

**काम में भलाई को जोड़ें:** महामारी के बाद, कर्मचारी कल्याण संगठनों के लिए महत्वपूर्ण एकाग्रता क्षेत्रों में से एक है। बड़े व्यवधानों और वर्क फ्रॉम होम के नए मानदंड बनने से, कई कर्मचारी तनाव, जलन, चिंता और अवसाद की रिपोर्ट कर रहे हैं। हालांकि, धारण योग्य उपकरणों, स्वास्थ्य ऐप, टेलीमेडिसिन सेवाओं आदि जैसे नवीनतम तकनीकी नवाचारों के आगमन से संस्थान समय के साथ कर्मचारियों की भलाई पर निगरानी, प्रचार, प्रबंधन और उसका मापन कर सकते हैं और कर्मचारियों में स्वस्थ आचरण को क्रियान्वित, अनुकूलित व सुदृढ़ करने के लिए पर्याप्त कदम उठा सकते हैं। समय बीतने के साथ, तकनीकी लीडर्स से एचआर और बिजनेस लीडर्स से तेजी से परस्पर सहयोग करने की उम्मीद की जाती है ताकि कंपनियों को कर्मचारियों की भलाई की रणनीति तैयार करने में मदद मिल सके। लचीलापन और चपलता कार्यस्थल के भविष्य की नींव होंगे। प्रौद्योगिकी, स्वचालन की तरह, एक ऐसे भविष्य का निर्माण करने में मदद करेगी जहां संगठन अलग अलग टीमों के साथ निर्बाध रूप से काम कर सकें और ऐसी रचनात्मकता व संस्कृति को संरक्षित कर सकें जो उन्हें वांछित लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेगी।

**लेखक 360-डिग्री एचआर ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर, युनोवा के संस्थापक हैं।**



# स्थानीयकरण की राह

**व्यवसायों के लिए ऐसे उपकरणों से लैस होना महत्वपूर्ण हो गया है जो उन्हें वैश्विक परिदृश्य को पार करने में मदद करते हैं। राधाकृष्णन मणि कारण बता रहे हैं कि अगले साल स्थानीयकरण क्यों महत्वपूर्ण हो जाएगा**

जल्द ही 2022 हो जाएगा! हम वैश्वीकरण और डिजिटलीकरण के युग में हैं, जो एक वैश्विक गांव में रहने के समान है। महामारी ने पहले ही व्यवसायों को दूरस्थ कामकाज पर भरोसा करने के लिए मजबूर कर दिया है और उपभोक्ता बाजारों पर भी इस लहर का प्रभाव महसूस किया जा सकता है। खरीदार अब भूगोल द्वारा प्रतिबंधित नहीं हैं। लोग अपनी मूल भाषा में विभिन्न प्रकार की सूचनाओं और उत्पादों की इच्छा, अपेक्षा और पहुंच चाहते हैं। व्यवसायों के लिए यह महत्वपूर्ण हो गया है कि वे ऐसे उपकरणों से लैस हों जो उन्हें अपने वैश्विक खरीदारों को स्थानीय अनुभव प्रदान करते हुए इन वैश्विक परिदृश्यों को पार करने में मदद करें।

**स्थानीयकरण अनुवाद नहीं है:** यदि आपको लगता है कि स्थानीयकरण अनुवाद के लिए सिर्फ एक आकर्षक शब्द है, तो आप अधिक गलत नहीं हो सकते! स्थानीयकरण का अर्थ केवल अपनी सामग्री का स्थानीय भाषाओं में अनुवाद करना नहीं है। इसका अर्थ है हर पहलू में स्थानीय क्षेत्र के अनुकूल होना। आपकी सामग्री, सेवाएं, उत्पाद सभी को स्थानीय बाजारों के अनुकूल बनाया जाना चाहिए। अनुवाद, अर्थ को संरक्षित करते हुए पाठ को एक भाषा से दूसरी भाषा में बदलता है। दूसरी ओर, स्थानीयकरण सामग्री, छवियों और स्वरूपण से लेकर डिजाइन, यहां तक कि भुगतान विधियों तक, सब कुछ अनुकूलित करता है। स्थानीयकरण सुनिश्चित करता है कि आपका व्यवसाय सांस्कृतिक, भाषाई, राजनीतिक और कानूनी मतभेदों के अनुकूल है।

**महत्व:** यदि आप अपने दर्शकों से जुड़े रहने की योजना बनाते हैं तो संचार महत्वपूर्ण है। और प्रभावी संचार मजबूत संबंध बनाने की कुंजी है। यदि आप अपने व्यवसाय को वैश्विक स्तर पर ले जाने की योजना बना रहे हैं, तो प्रभावी संचार के संदर्भ में स्थानीयकरण और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। यहां कुछ कारण दिए गए हैं कि 2022 में स्थानीयकरण और भी महत्वपूर्ण क्यों हो जाएगा :

**तीव्र वैश्विक विकास:** एक नए बाजार में प्रवेश करना पार्क में टहलना नहीं होता है। यह किसी विशिष्ट स्थान को लक्षित करते हुए फेसबुक विज्ञापन लॉन्च करने जितना आसान नहीं है। यदि आप अपने देश से सांस्कृतिक रूप से दूर बाजार में प्रवेश कर रहे हैं, तो आपको कई बाधाओं को दूर करना होगा। इनमें सामाजिक-सांस्कृतिक वातावरण, राजनीतिक बाधाएं और तकनीकी प्राथमिकताएं शामिल हैं। स्थानीयकरण आपको इन सभी बाधाओं को कहीं तेजी से दूर करने में मदद करता है। संक्षेप में, आप क्रमिक रूप से स्थानीयकरण करके तेजी से वैश्विक विकास का अनुभव करेंगे। यह आपको उन सांस्कृतिक रूप से अनुचित राहों पर जाने से बचाता है जो आपकी ब्रांड छवि के लिए हानिकारक हो सकते है। और अनुवाद की भूलों से बचने में भी आपकी मदद करता है। वास्तव में, एक अच्छी स्थानीयकरण रणनीति आपकी कंपनी को तेजी से और बेहतर तरीके से लोगों का ध्यानाकर्षण प्राप्त करने में मदद करेगी।



राधाकृष्णन मणि
मुख्य परिचालन अधिकारी
क्रिस्टल ह्यूज लिमिटेड
स्थानीयकरण

**आपके व्यवसाय को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्राप्त होगी:** जब आप एक नए बाजार में प्रवेश करते हैं, तो आप वहां पहले से मौजूद व्यवसायों के साथ प्रतिस्पर्धा के लिए साइन अप भी कर रहे होते हैं। और स्थानीय बाजार के मूल निवासी ब्रांडों के खिलाफ जाना कभी आसान नहीं होता है। लोगों के एक बाहरी खिलाड़ी की तुलना में स्थानीय व्यवसाय पर भरोसा करने की अधिक संभावना है। अनुमान लगाएं कि आपके लिए खेल का मैदान कौन स्तरीय बनाएगा? स्थानीयकरण! यह स्थानीय व्यवसायों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के बारे में था। आपके पास वैश्विक व्यवसायों पर प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त होगी जो अपने उत्पादों व सेवाओं का स्थानीयकरण नहीं कर रहे हैं। आपको बाजार में अपनी मजबूत पकड़ बनानी होगी।

**बेहतर बिक्री:** मान लीजिए आप किसी विदेश यात्रा पर हैं। आपकी कार अचानक रुक गई है, और आपको मैकेनिक तलाशने की जरूरत है। आप किस पेशेवर को पसंद करेंगे - कम कीमतों वाला मैकेनिक लेकिन आप उनके साथ ठीक से संवाद नहीं कर पाते? या, एक मैकेनिक जो थोड़ा अधिक शुल्क लेता है लेकिन आप उनके साथ आसानी से संवाद कर सकते हैं? आपके दूसरे विकल्प के साथ जाने की सबसे अधिक संभावना है क्योंकि आसान संवाद बहुत सारी चुनौतियों का सामना करता है। यह सुविधाजनक है! वास्तव में, शोध में पाया गया है कि 57 प्रतिशत खरीदारों को उस भाषा में जानकारी प्राप्त करने की क्षमता मिलती है जिसे वे आसानी से समझते हैं, यह मूल्य के टैग से अधिक महत्वपूर्ण है। अपने संभावित खरीदारों के साथ संवाद करने में सक्षम होने से विश्वास और वफादारी को बढ़ावा मिलता है। नतीजतन, वे आपसे खरीदारी करने में अधिक सहज होंगे।

**बढ़ी हुई ब्रांड प्रासंगिकता:** यह कहना एक टूटे हुए रिकॉर्ड की तरह लगता है कि महामारी ने अनेक व्यवसायों को ऑनलाइन होने के लिए मजबूर कर दिया है। लेकिन यही सच है। यहां तक कि जो व्यवसाय पहले पारंपरिक मॉडल पर निर्भर थे, वे भी ऑनलाइन हो गए हैं। ऑनलाइन व्यवसायों के इस समुद्र में अपनी जमीन खड़ा करना कठिन होता जा रहा है। ब्रांड प्रासंगिकता एक ऐसा कारक है जो आपको आराम से बचाए रखेगा। अकल्पनीय गति से बदलते रुझानों के बीच स्थिर बने रहने के लिए ब्रांड प्रासंगिकता और भी महत्वपूर्ण है। स्थानीयकरण की प्रक्रिया आपके ब्रांड को दर्शकों के लिए अधिक प्रासंगिक बनाती है। आप अपने स्थानीय ग्राहक की जरूरतों व मूल्यों को बेहतर ढंग से समझने में सक्षम होंगे, जिससे उन जरूरतों को पूरा करने वाले उत्पादों व सेवाओं का निर्माण होगा। नतीजतन, आप अपने खरीदारों और संभावनाओं के साथ गहरे स्तर के संबंध विकसित करने में सक्षम होंगे।

**कम जोखिम:** स्थानीयकरण एक सुरक्षा जाल की तरह है जो सांस्कृतिक गलतफहमी और उपभोक्ता की गलत जरूरतों जैसे जोखिमों को कम करता है। इन जोखिमों को कम करके, स्थानीयकरण यह सुनिश्चित करने में मदद करता है कि आपका व्यवसाय सुचारू ढंग से चले। उदाहरण के लिए, स्थानीयकरण आपकी संवेदनशीलता को समझने में मदद करता है। किसी विशेष क्षेत्र में कुछ अभिव्यक्तियों और यहां तक कि रंगों के भी नकारात्मक अर्थ हो सकते हैं। स्थानीयकरण की मदद से आप इनसे बच सकते हैं। संक्षेप में, स्थानीयकरण एक शक्तिशाली उपकरण है जिसे आपको 2022 में अपने व्यवसाय के लिए बिक्री बढ़ाने के लिए उपयोग करना चाहिए। यह स्थानीयकरण का दशक है!

# अय्यर-साहा का अर्धशतक

# भारत ने कीवियों को दिया 284 रन का लक्ष्य

एजेंसी। कानपुर

**श्रेयस** अय्यर और रिद्धिमान साहा के अर्धशतक से भारत ने विषम परिस्थितियों से उबरकर पहले क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन रविवार को यहां दूसरी पारी सात विकेट पर 234 रन पर घोषित करके न्यूजीलैंड को 284 रन का लक्ष्य दिया। न्यूजीलैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज विल यंग (02) का विकेट गंवाकर एक विकेट पर चार रन बनाए। टीम को अंतिम दिन जीत के लिए 280 रन और बनाने होंगे। दिन का खेल खत्म होने पर सलामी बल्लेबाज टॉम लैथम दो रन बनाकर खेल रहे थे जबकि रात्रि प्रहरी विलियम समरविले ने खाता नहीं खोला है।

पदार्पण टेस्ट की पहली पारी में शतक जड़ने के बाद अय्यर (125 गेंद में 65 रन, आठ चौके, एक छक्का) ने दूसरी पारी में भी बेहद दबाव के बीच अर्धशतक जड़ा और यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय बने। उन्होंने रविचंद्रन अश्विन (32) के साथ छठे विकेट के लिए 52 जबकि साहा (नाबाद 61, 126 गेंद, चार चौके,एक छक्का) के साथ सातवें विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी की। साहा ने अक्षर पटेल (नाबाद 28) के साथ आठवें विकेट के लिए 67 रन की अटूट साझेदारी भी की। न्यूजीलैंड की ओर से काइल जैमीसन ने 40 जबकि टिम साउथी ने 75 रन देकर तीन-तीन विकेट चटकाए। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में भारतीय सरजमीं पर विदेशी टीम ने कभी इतने बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत दर्ज नहीं की है। रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के नाम है जिसने 1987 में नई दिल्ली में 276 रन का लक्ष्य हासिल किया था। न्यूजीलैंड ने पारी के तीसरे ओवर में यंग का विकेट गंवा दिया, जिन्हें रविचंद्रन अश्विन (तीन रन पर एक विकेट) ने पगबाधा किया। यंग ने डीआरएस लेने का फैसला किया लेकिन तब तक 15 सेकेंड की समय सीमा खत्म हो चुकी थी और उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा। रीप्ले में दिखा कि अगर वह समय पर डीआरएस लेने का फैसला करते को मैदानी अंपायर को अपना फैसला बदलना पड़ा क्योंकि गेंद स्टंप से नहीं टकरा रही थी। इससे पहले सुबह के सत्र में कार्यवाहक कप्तान अजिंक्य रहाणे (04) और कार्यवाहक उप कप्तान चेतेश्वर पुजारा (22) ने एक बार फिर निराश किया जिससे भारत 51 रन पर पांच विकेट गंवाकर संकट में था।



अय्यर ने हालांकि पहले अश्विन और फिर साहा के साथ अर्धशतकीय साझेदारी करके भारत को संभाला। उन्होंने आफ स्पिनर समरविले पर छक्का जड़ा लेकिन उनका सर्वश्रेष्ठ शॉट बाएं हाथ के स्पिनर एजाज पटेल पर लॉफ्टेड ड्राइव से चौका बटोरना रहा। अय्यर चाय के विश्राम से पहले की साउथी की अंतिम गेंद पर विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल को कैच दे बैठे। साउथी की लेग साइड से बाहर जाती गेंद उनके ग्लव्स को चूमती हुई विकेटकीपर के हाथों में चली गई। पिच पर खेलना असंभव नहीं है लेकिन माना जा रहा है कि भारतीय स्पिनर स्कोर का बचाव करने में सक्षम हो सकते हैं क्योंकि भले ही गेंद काफी टर्न नहीं हो रही हो लेकिन उम्मीद है कि काफी गेंद नीची रहेंगी। चौथी सुबह भारतीय बल्लेबाजों को साउथी ने अपनी स्विंग से सबसे अधिक परेशान किया। उन्हें साथी तेज गेंदबाज जैमीसन का अच्छा साथ मिला। जैमीसन ने पुजारा की पसलियों को निशाना बनाया। निर्जीव पिच पर जैमीसन की उछाल लेती गेंद पुजारा के ग्लव्स को छूकर ब्लंडेल के दस्तानों में समा गई। मैदानी अंपायर ने उन्हें नॉटआउट दिया लेकिन डीआरएस लेने पर पुजारा को वापस लौटना पड़ा। खराब फॉर्म से जूझ रहे रहाणे एक चौके की मदद से 15 गेंद में चार रन बनाने के बाद एजाज की गेंद पर पगबाधा हो गए।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी : 345 रन**
**न्यूजीलैंड पहली पारी : 296 रन**
**भारत दूसरी पारी**

| | |
|---|---|
| मयंक अग्रवाल का लैथम बो साउथी | 17 |
| शुभमन गिल बो जेमीसन | 01 |
| चेतेश्वर पुजारा का ब्लंडेल बो जेमीसन | 22 |
| अजिंक्य रहाणे पगबाधा बो एजाज | 04 |
| श्रेयस अय्यर का ब्लंडेल बो साउथी | 65 |
| रविंद्र जडेजा पगबाधा बो साउथी | 00 |
| रविचंद्रन अश्विन बो जेमीसन | 32 |
| रिद्धिमान साहा नाबाद | 61 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 28 |
| अतिरिक्त | 04 |

**कुल योग : 81 ओवर में सात विकेट पर 234 रन :पारी घोषित:**

| गेंदबाजी : | | विकेट पतन : |
|---|---|---|
| साउथी | 22-2-75-3 | 1-2, 2-32, |
| जेमीसन | 17-6-40-3 | 3-41, 4-51, |
| एजाज | 17-3-60-1 | 5-51, 6- |
| रविंद्र | 9-3-17-0 | 103, 7-167 |
| समरविले | 16-2-38-0 | |

**न्यूजीलैंड दूसरी पारी**

| | |
|---|---|
| टॉम लैथम खेल रहे हैं | 02 |
| विल यंग पगबाधा बो अश्विन | 02 |
| विलियम समरविले खेल रहे हैं | 00 |

**कुल:** चार ओवर में एक विकेट पर: 4 रन

**गेंदबाजी:**

| | |
|---|---|
| अश्विन | 2-0-3-1 |
| अक्षर | 2-1-1-0 |

**विकेट पतन:**1-3


### अश्विन ने कुछ आकर्षक शॉट खेलकर दबाव कम किया

सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल (17) ने पहले घंटे में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों का डटकर सामना किया, लेकिन साउथी ने आउटस्विंग होती गेंद पर उन्हें दूसरी स्लिप में टॉम लैथम के हाथों कैच करा दिया। साउथी ने इसी ओवर में रविंद्र जडेजा (00) को पगबाधा करके भारत को पांचवां झटका दिया। अश्विन इसके बाद अय्यर का साथ देने उतरे और उन्होंने साउथी पर सीधा चौका जड़ने के अलावा कुछ आकर्षक शॉट खेलकर टीम पर बने दबाव को कुछ कम किया। दोनों ने भारत का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया लेकिन इसके बाद अश्विन जैमीसन की उछाल लेती गेंद को विकेट पर खेल गए। साहा सात रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब समरविले की गेंद पर मिड विकेट पर हेनरी निकोल्स ने उनका कैच टपकाया और गेंद चार रन के लिए चली गई। साहा ने अगली गेंद पर भारतीय पारी का पहला छक्का जड़ा। अय्यर ने भी इसके बाद हाथ खोलते हुए एजाज पर छक्का मारा। उन्होंने एजाज की गेंद पर एक रन के साथ 109 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। अय्यर ने बाएं हाथ के स्पिनर एजाज पर दो चौके मारने के बाद साउथी पर भी चौका जड़ा लेकिन अगली गेंद पर विकेट के पीछे कैच दे बैठे।

सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल (17) ने पहले घंटे में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों का डटकर सामना किया, लेकिन साउथी ने आउटस्विंग होती गेंद पर उन्हें दूसरी स्लिप में टॉम लैथम के हाथों कैच करा दिया। साउथी ने इसी ओवर में रविंद्र जडेजा (00) को पगबाधा करके भारत को पांचवां झटका दिया। अश्विन इसके बाद अय्यर का साथ देने उतरे और उन्होंने साउथी पर सीधा चौका जड़ने के अलावा कुछ आकर्षक शॉट खेलकर टीम पर बने दबाव को कुछ कम किया। दोनों ने भारत का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया लेकिन इसके बाद अश्विन जैमीसन की उछाल लेती गेंद को विकेट पर खेल गए। साहा सात रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब समरविले की गेंद पर मिड विकेट पर हेनरी निकोल्स ने उनका कैच टपकाया और गेंद चार रन के लिए चली गई। साहा ने अगली गेंद पर भारतीय पारी का पहला छक्का जड़ा। अय्यर ने भी इसके बाद हाथ खोलते हुए एजाज पर छक्का मारा। उन्होंने एजाज की गेंद पर एक रन के साथ 109 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। अय्यर ने बाएं हाथ के स्पिनर एजाज पर दो चौके मारने के बाद साउथी पर भी चौका जड़ा लेकिन अगली गेंद पर विकेट के पीछे कैच दे बैठे। इस बीच समरविले की ही गेंद पर साहा को दूसरा जीवनदान भी मिला। चाय के बाद साहा और अक्षर पटेल ने टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। साहा ने समरविले की गेंद पर दो रन के साथ 115 गेंद में छठा अर्धशतक पूरा किया।

## संक्षिप्त समाचार

### मनिका बत्रा विश्व टेबल टेनिस में इतिहास रचने में नाकाम



**ह्यूस्टन।** भारत की स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा मिश्रित और महिला युगल मुकाबले के क्वार्टर फाइनल में हार के साथ विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप में पदक जीतने में नाकाम रहीं। एतिहासिक पदक से सिर्फ एक जीत दूर मनिका और जी साथियान को मिश्रित युगल स्पर्धा के अंतिम आठ मुकाबले में जापान के तोमाकाजु हरिमोतो और हिना हयाता के खिलाफ 1-3 (5-11 2-11 11-7 9-11) से शिकस्त झेलनी पड़ी। मनिका के पास इतिहास रचने का एक और मौका था, लेकिन वह एक बार फिर नाकाम रहीं जब उन्हें और अर्चना कामत को महिला युगल मुकाबले में सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। मनिका और अर्चना को एकतरफा मुकाबले में साराह डि नुटे और नी शिया लियान की लग्जमबर्ग की जोड़ी के खिलाफ 0-3 (1-11 6-11 8-11) से हार मली।

### इंटर मिलान ने वेनेजिया को हराया, यूवेंटस हारा

**मिलान।** गत चैंपियन इंटर मिलान ने वेनेजिया को 2-0 से हराकर सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में शीर्ष दो टीमों पर दबाव बरकरार रखा है। इंटर के लिए हकान कालहानोग्लु ने पहले हाफ में गोल दागा जबकि लोटारो मार्टिनेज ने इंजरी टाइम में पेनल्टी पर गोल करके अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। तीसरे स्थान पर चल रहे इंटर के एसी मिलान और नेपोली से सिर्फ एक अंक कम है, लेकिन इन दोनों ही टीमों ने उससे एक मुकाबला कम खेला है। नेपोली को रविवार को लाजियो जबकि मिलान को सासुओलो की मेजबानी करनी है। यूवेंटस का खराब प्रदर्शन जारी है और उसे अपनी सरजमीं पर अटलांटा के खिलाफ 1-0 से शिकस्त झेलनी पड़ी। इस मैच के दौरान टीम को अपने प्रशंसकों की हूटिंग का सामना भी करना पड़ा। एंपोली ने अंतिम लम्हों में दागे दो गोल की बदौलत फायोरेंटिना को 2-1 से हराया, जबकि सेंपडोरिया ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए हेलास वेरोना को 3-1 से शिकस्त दी।

### अदिति और त्वेसा स्पेन में आगे बढ़े

**मारबेला ( स्पेन )।** भारत की अदिति अशोक और त्वेसा मलिक तीसरे दौर में बेहतर प्रदर्शन के साथ यहां एंडालूसिया कोस्टा डेल सोल ओपन डि एस्पाना गोल्फ टूर्नामेंट में क्रमश: संयुक्त 14वें और 36वें स्थान पर पहुंच गईं। तीसरे दौर में अदिति ने एक अंडर 71 जबकि त्वेसा ने दो अंडर 70 का स्कोर बनाया। अदिति ने तीन बर्डी की लेकिन वह दो बोगी भी कर गई जबकि त्वेसा ने तीन बर्डी और एक बोगी की। स्थानीय दावेदार कार्लोवा सिंगाना ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए तीसरे दौर के बाद तीन शॉट की बढ़त बना रखी है। पहले दो दौर में 70 और 66 के स्कोर के बाद स्पेन की खिलाड़ी ने दो अंडर 70 का स्कोर बनाया जिससे उनका कुल स्कोर 10 अंडर हो गया है।

### डेपाय के गोल से बार्सीलोना ने जीत का इंतजार खत्म किया

**बार्सीलोना।** मेम्फिस डेपाय के गोल की मदद से बार्सीलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग में शनिवार को यहां विलारीयाल को 3-1 से हराकर जीत का इंतजार खत्म किया। विलारीयाल की टीम ने बराबरी हासिल कर ली थी, लेकिन नीदरलैंड के स्ट्राइकर डेपाय ने गोल दागकर ला लीगा में अपनी टीम के जीत के सबसे लंबे इंतजार को खत्म किया। बार्सीलोना की ओर से फ्रेंकी डि जोंग (48वें मिनट), डेपाय (88वें मिनट) और फिलिप कोटिन्हो (90 प्लस चार मिनट) ने गोल दागे जबकि विलारीयाल की ओर से एकमात्र गोल सैमुअल चुकवुएज ने 76वें मिनट में किया। इस जीत के बावजूद बार्सीलोना की टीम सातवें स्थान पर बनी हुई है लेकिन उसके और शीर्ष पर चल रहे रीयाल मैड्रिड के बीच का अंतर सात अंक का ही रह गया है। विलारीयाल की टीम 12वें स्थान पर चल रही है। दिन के अन्य मैचों में रेयो वालेकानो ने वेलेंसिया को 1-1 से बराबरी पर रोका जबकि इयागो अस्पास और सेंती मिना के गोल की बदौलत सेल्टा विगो ने अलावेस को 2-1 से हराया। बर्फबारी और सर्द मौसम के कारण सेल्टा विगो और अलावेस के बीच मुकाबला पीली गेंद से खेला गया। मालोर्का और गेटाफे के बीच मुकाबला गोल रहित बराबर रहा।

### रीयाल कश्मीर एफसी आईएफए शील्ड में हारी

**कोलकाता।** रीयल कश्मीर एफसी को यहां चल रही 124वीं आईएफए शील्ड प्रतियोगिता के अंतिम ग्रुप लीग मैच में रविवार को कलकत्ता कस्टम्स से 0-1 से उलटफेर का सामना करना पड़ा। रबी हसंदा ने पहले हाफ के इंजुरी टाइम (45+2) में गोल किया जिन्हें मैन ऑफ द मैच भी चुना गया। रीयल कश्मीर की टीम बराबरी करने में असफल रही जिसमें कलकत्ता कस्टम्स टीम ने अच्छा बचाव किया। रीयल कश्मीर के दो मैचों में तीन अंक हैं। कलकत्ता कस्टम्स और इंडियन एरोज के भी तीन-तीन अंक हैं।

### हजारे ट्रॉफी में बड़ौदा के कप्तान होंगे केदार देवधर

**वडोदरा।** अनुभवी बल्लेबाज केदार देवधर आगामी विजय हमारे ट्रॉफी में बड़ौदा टीम के कप्तान होंगे जबकि भार्गव भट उपकप्तान रहेंगे। बड़ौदा क्रिकेट संघ के सचिव अजित लेले ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि चयन समिति ने यह फैसला लिया है। दाहिने हाथ के बल्लेबाज देवधर ने 73 लिस्ट ए मैच खेलकर 2402 रन बनाए हैं। इससे एक दिन पहले भारत के हरफनमौला कृणाल पंड्या ने बड़ौदा की कप्तानी छोड़ दी चूंकि उनकी टीम सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी। हजारे ट्रॉफी के मैच आठ दिसंबर से शुरू होंगे। बड़ौदा को एलीट ग्रुप बी में तमिलनाडु, मुंबई , बंगाल, कर्नाटक और पुडुच्चेरी के साथ रखा गया है।

### बांग्लादेश को पहले टेस्ट के तीसर दिन 83 रन की बढ़त

**चटगांव।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों ने पहले क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन बांग्लादेश के दूसरी पारी के चार विकेट 39 रन पर निकाल दिए, जिससे मैच अब बराबरी का हो गया है। इससे पहले स्पिनर तैजुल इस्लाम के सात विकेट की मदद से बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 286 रन पर आउट करके 44 रन की बढत ले ली थी। मेजबान टीम के पास अब 83 रन की बढ़त है लेकिन उसके छह विकेट ही बाकी हैं। पहली पारी में 91 रन बनाने वाले मुशफिकुर रहीम 12 और यासिर अली आठ रन बनाकर खेल रहे हैं। पहली पारी में पिछड़ने के बावजूद पाकिस्तान ने अपने तेज गेंदबाजों शाहीन शाह अफरीदी और हसन अली के दम पर वापसी की। अफरीदी ने तीसरे ही ओवर में दो विकेट लेकर पहले शादमान को पगबाधा आउट किया और दो गेंद बाद नजमुल हुसैन को पहली स्लिप में लपकवाया। वहीं सलामी बल्लेबाज सैफ हसन उन्हें रिटर्न कैच देकर लौटै। अली ने कप्तान मोमिनुल हक को खाता खोले बिना रवाना किया।

## कोरोना के कारण नौ खिलाड़ियों संग उतरी पुर्तगाल क्लब की टीम

**लिस्बन।** पुर्तगाल का क्लब बेलेनेनसेस अपनी टीम में कोरोना वायरस के प्रकोप के कारण शनिवार को बेनफिका के खिलाफ फुटबॉल लीग मैच में नौ खिलाड़ियों के साथ उतरा। मध्यांतर के तुरंत बाद इस मुकाबले को रोक दिया गया।

बेनफिका के खिलाफ दो कम खिलाड़ियों के साथ उतरी बेलेनेनसेस की टीम जल्द की पिछड़ गई। बेनफिका ने पहले हाफ में ही 7-0 की बढ़त बना ली। दूसरे हाफ की शुरुआत के तुरंत बाद रैफरी ने मैच को खत्म करने का फैसला किया क्योंकि बेलेनेनसेस की टीम सिर्फ सात खिलाड़ियों को मैदान पर उतार पाई और फिर एक और खिलाड़ी के चोटिल होने के कारण टीम के पास सिर्फ छह खिलाड़ी रह गए। फुटबॉल के नियमों के अनुसार जब तक किसी टीम में गोलकीपर सहित सात खिलाड़ी मौजूद हैं तब तक मैच जारी रहेगा। क्लब के अध्यक्ष रुई पेड्रो ने कहा कि कोरोना वायरस के कारण टीम के कमजोर होने के बावजूद उनके क्लब ने मैच को स्थगित करने की मांग नहीं की थी।

## निशानेबाजी राष्ट्रीय चैंपियनशिप: शेखावत ने स्वर्ण जीता

एजेंसी। नई दिल्ली

**राजस्थान** के भावेश शेखावत ने यहां चल रही 64वीं निशानेबाजी राष्ट्रीय चैंपियनशिप की पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में रविवार को स्वर्ण पदक अपने किया, जबकि वापसी करने वाले ओलंपिक रजत पदक विजेता विजय कुमार चौथे स्थान पर रहे। शेखावत का यह पहला खिताब था और इसी स्पर्धा का रजत पदक सेना के गुरप्रीत सिंह ने जीता। कांस्य पदक हरियाणा के अनीष भानवाला के नाम रहा, जिन्होंने जूनियर रैपिड फायर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। इस तरह भानवाला ने पदक तालिका में अपने राज्य का शीर्ष पर स्थान मजबूत कर दिया।



### हरियाणा के अनीष के नाम रहा कांस्य विजय कुमार चौथे स्थान पर रहे

### सेना के गुरप्रीत सिंह ने रजत पदक किया अपने नाम


शेखावत ने आठ सीरीज के फाइनल में 40 में 33 हिट से पहला स्थान हासिल किया। गुरप्रीत ने 29 से रजत और अनीष ने 22 से कांस्य पदक जीता। पांच साल बाद प्रतिस्पर्धी निशानेबाजी में वापसी कर रहे विजय 17 अंक बनाकर चौथे स्थान पर रहे। युवा विजयवीर सिद्धू और अहनद जवांडा ने क्रमश: पांचवां और छठा स्थान हासिल किया। जूनियर पुरुषों के फाइनल में भानवाला ने शानदार फार्म जारी रखी और 34 अंक के स्कोर से राज्य के साथी आदर्श सिंह से आगे पहले स्थान पर रहे। आदर्श ने रजत जबकि सिद्धू ने पंजाब के लिए कांस्य पदक जीता। स्पर्धाओं के 10 दिन बाद अभी तक पिस्टल स्पर्धा में 32 स्वर्ण पदक दिए गए हैं जिसमें हरियाणा 12 स्वर्ण पदक से शीर्ष पर चल रहा है। उसके सबसे ज्यादा 27 पदक भी हैं। उसके बाद दिल्ली, पंजाब, यूपी और राजस्थान हैं जिनके नाम 4-4 स्वर्ण हैं।

## डेविस कप: जर्मनी ने सर्बिया को हराया

एजेंसी। वाशिंगटन

**दुनिया** के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच लगातार मुकाबले खेलने उतरे लेकिन इसके बावजूद उनकी टीम सर्बिया को डेविस कप फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के ग्रुप चरण में शनिवार को यहां जर्मनी के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी। जेन-लेनार्ड स्ट्रुफ को हराकर सर्बिया को 1-1 से बराबरी दिलाने के तुरंत बाद जोकोविच निकोला सेसिच के साथ युगल मुकाबले में उतरे। टिम पुएट्ज और केविन क्राविट्ज की जोड़ी ने हालांकि कड़े मुकाबले में 7-6, 3-6, 7-6 की जीत के साथ जर्मनी को 2-1 से जीत दिला दी।

सर्बिया की टीम अब भी क्वार्टर फाइनल में जगह बना सकती है। छह ग्रुप विजेता और दो उप विजेता अंतिम आठ में जगह बनाएंगे। जर्मनी की टीम ग्रुप एफ में आस्ट्रिया को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर सकती है। आस्ट्रिया को सर्बिया ने हराया था। कोरोना वायरस पाबंदियों के कारण खाली स्टेडियम में हुए मुकाबले में डोमीनिक कोफर ने फिलिप क्राजिनोविच को 7-6, 6-4 से हराकर जर्मनी को बढ़त दिलाई लेकिन जोकोविच ने अपने 50वें डेविस कप मुकाबले में स्ट्रुफ को 6-2, 6-4 से हराकर सर्बिया को बराबरी दिला दी। संक्षिप्त ब्रेक के बाद जोकोविच युगल मुकाबले के लिए उतरे लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। इटली ग्रुप ई में कोलंबिया को हराकर अंतिम आठ में जगह बनाने वाली पहली टीम बनी। इटली के लोरेंजो सोनेगो ने तुरिन में निकोलस मेजिया को 6-7, 6-4, 6-2 से हराया जबकि यानिक सिनर ने डेनियल इलाही गेलेन को 7-5, 6-0 से हराया। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव की मौजूदगी वाले रूस ने इक्वाडोर को हराया। मेदवेदेव ने एमिलियो गोमेज की सर्विस पांच बार तोड़कर 6-0, 6-2 से जीत दर्ज करते हुए रूस को 2-0 की निर्णायक बढ़त दिलाई। पांचवें नंबर के खिलाड़ी आंद्रे रूबलेव ने रॉबर्टो क्विरोज को 6-3, 4-6, 6-1 से हराकर रूस को विजई शुरुआत दिलाई थी। रूबलेव और अस्लान करात्सेव की जोड़ी ने युगल मुकाबले में गोंजालो एस्कोबार और डिएगो हिडालगो को 6-4, 4-6, 6-4 से हराया।



### रक्षात्मक पंक्ति में कुछ कमजोरियों पर सुधार की जरूरत: डेनेरबी


**मनाउस (ब्राजील)।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम के मुख्य कोच थॉमस डेनेरबी ने कहा कि अगर उनकी खिलाड़ी डिफेंस में गेंद को क्लीयर करने पर काम करती हैं तो वे भविष्य में बेहतर नतीजे हासिल कर सकती हैं। भारतीय टीम को चार देशों के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मुकाबले में मजबूत ब्राजील से 1-6 से हार का सामना करना पड़ा और अब टीम दूसरे मैच में चिली के सामने होगी। डेनेरबी को लगता है कि टीम ने मिला जुलाकर डिफेंस ने अच्छा काम किया लेकिन उन्हें गेंद को क्लीयर करने में बेहतर होने की जरूरत है। डेनेरबी ने कहा, हमने काफी ज्यादा गोल गंवा दिए, ऐसा नहीं था कि हम बचाव करने में खराब थे, बल्कि इसलिए क्योंकि हमारे कुछ क्लीयरेंस कमजोर थे।

### आस्ट्रेलिया का कप्तान बनने से पहले

## पैट कमिंस से अपना राज बताने को कहा गया था

एजेंसी। मेलबर्न

**आस्ट्रेलिया** के नव नियुक्त टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने खुलासा किया है कि चयन पैनल द्वारा टीम की अगुआई की जिम्मेदारी सौंपे जाने से पहले उनसे पूछा गया था कि उनका कोई राज तो नहीं है और अगर है तो उसे साझा करना होगा।



कमिंस को एशेज श्रृंखला से पहले आस्ट्रेलिया का 47वां टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया था क्योंकि टिम पेन ने पिछले हफ्ते अपने पद से हटने का फैसला किया था। कमिंस को कप्तान जबकि पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ को उप कप्तान बनाया गया जिन्हें तीन साल पहले 2018 में गेंद से छेड़छाड़ प्रकरण के मामले के बाद निलंबित किया गया था। यह पूछने पर कि क्या आस्ट्रेलियाई पैनल ने उनसे कप्तान नियुक्त करने से पहले किसी चीज की बात स्वीकार करने के बारे में पूछा था तो कमिंस ने इस पर हामी भरी। कमिंस ने एबीसी स्पोर्ट से एक साक्षात्कार में कहा, हां, इसमें कुछ सवाल थे। लेकिन मैं इसके बारे में विस्तार में नहीं बताऊंगा। उन्होंने कहा, यह वास्तव में अच्छी खुली चर्चा थी। हमने काफी अलग चीजों के बारे में बातें कीं। इसलिए हम सचमुच सहज महसूस कर रहे थे।

### अय्यर ने देर से पारी घोषित करने पर कहा

## विकेट से मदद नहीं मिल रही थी

एजेंसी। कानपुर

**टीम** प्रबंधन के ग्रीन पार्क के आकलन के कारण भारतीय टीम ने दूसरी पारी की घोषणा थोड़ी देर से की हो लेकिन पदार्पण करने वाले श्रेयस अय्यर ने शुरुआती टेस्ट के अंतिम दिन जीत दिलाने के लिए अपने स्पिनरों का समर्थन किया। भारत ने दूसरी पारी सात विकेट पर 234 रन पर घोषित की, जिससे मैच के चौथे दिन टीम की कुल बढ़त 283 रन की हो गई। खराब रोशनी के कारण चौथे दिन जल्दी स्टंप करना पड़ा जिससे न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में केवल चार ही ओवर हो पाए। इसमें रविचंद्रन अश्विन ने विल यंग को आउट कर दिया और तब न्यूजीलैंड का स्कोर चार रन पर एक विकेट था। मेहमान टीम के लिए इस रिकार्ड लक्ष्य का पीछा करना असंभव है। इससे पहले वेस्टइंडीज ने 1987 में पांच विकेट पर 276 रन बनाकर लक्ष्य का पीछा किया था।



### पहले भी कर चुका है ऐसी परिस्थितियों का सामना

अय्यर को सात साल पहले इसी स्टेडियम में उत्तर प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्राफी के करो या मरो के मुकाबले में इसी तरह की परिस्थितियों का सामना करना पड़ा था। उन्होंने उस समय भी टीम को मुश्किल से बाहर निकाला था और रविवार को भी। अय्यर ने कहा, मैं पहले भी इन परिस्थितियों में रह चुका हूं लेकिन भारतीय टीम के साथ नहीं। मैं रणजी के मैचों में ऐसा किया करता था। इसमें सत्र दर सत्र खेलने का विचार था। मैं इस बात से वाकिफ था कि मैं एक शतक और एक अर्धशतक जड़ने वाला पहला भारतीय हूं। उन्होंने कहा, अंत में हमें मैच जीतना है और मेरे लिए सबसे अहम चीज यही थी। राहुल सर ने कहा था कि मुझे जहां तक संभव हो, तब तक क्रीज पर रहकर स्कोर बढ़ाने की जरूरत होगी।

अय्यर ने दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा, ईमानदारी से कहूं तो विकेट पर ज्यादा मूवमेंट नहीं हो रहा था। हमें एक प्रतिस्पर्धी स्कोर की जरूरत थी, शायद 275 से 280 रन के करीब स्कोर की। अय्यर ने पहली पारी में शतक जड़ने के बाद दूसरी पारी में 65 रन बनाकर धमाके से टेस्ट में पदार्पण किया है। उन्होंने कहा, बात प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाने की चल रही थी और मुझे लगता है कि यह सचमुच अच्छा स्कोर है। हमारे पास बेहतरीन स्पिनर हैं इसलिए उम्मीद है कि हम सोमवार का काम पूरा कर सकते हैं। हमारे पास स्पिन पावर है। उन्होंने हा, हमें हमारे स्पिनरों पर भरोसा रखना होगा और हम जानते हैं कि वे उन्हें अंतिम दिन दबाव में रख सकते हैं। मुंबई के इस बल्लेबाज ने हालांकि कहा कि टीम 250 रन के ज्यादा के स्कोर से संतुष्ट होती। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि 250 से ज्यादा की बढ़त इस विकेट पर काफी रहती। भाग्यशाली रहे कि हमें इससे ज्यादा बढ़त मिल गई। उनकी पारी से टीम दूसरी पारी में पांच विकेट पर 51 रन के स्कोर से अच्छी बढ़त बनाने में सफल रही।


### पूर्व भारतीय क्रिकेटर लक्ष्मण शिवरामकृष्णन ने साझा किया अनुभव

## कहा, मैंने अपनी पूरी उम्र रंगभेद का सामना किया

एजेंसी। नई दिल्ली

**पूर्व** भारतीय क्रिकेटर और लेग स्पिनर लक्ष्मण शिवरामकृष्णन ने रंगभेद को लेकर बड़ा खुलासा किया है। मौजूदा कमेंटेटर ने ट्विटर पर एक पोस्ट के जवाब में कहा कि उन्हें कई वर्षों तक रंगभेद का सामना करना पड़ा।

भारत के लिए 9 टेस्ट और 16 एकदिवसीय मुकाबले खेलने वाले लक्ष्मण ने ट्विटर पर लिखा, 'जीवन भर मेरी आलोचना की गई और रंग को लेकर भेदभाव किया गया, इसलिए यह अब मुझे परेशान नहीं करता है। दुर्भाग्य से ऐसा हमारे ही देश में हुआ।' उन्होंने यह बातें उस पोस्ट के जवाब में कहीं जिसमें कॉमेंटेटरों की ऑनलाइन ट्रोलिंग पर बात हो रही थी। गौरतलब है कि इससे पहले अन्य पूर्व क्रिकेटरों ने भी रंगभेद को लेकर अपनी बात रखी थी। अगस्त 2017 में भारत और तमिलनाडु के सलामी बल्लेबाज अभिनव मुकुंद ने सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को उठाया था।



भारत के लिए सात टेस्ट मैच खेलने वाले मुकुंद ने एक पोस्ट में लिखा था, 'मैं यह किसी सहानुभूति या ध्यान खींचने के लिए नहीं बल्कि लोगों की सोच में बदलाव लाने के इरादे लिख रहा हूं। मैं 15 साल की उम्र से देश के अंदर और बाहर बहुत सफर किया है। मैं जबसे जवान हुआ लोगों को मेरी त्वचा के रंग पर बात करते देखा। मुकुंद के खुलासे के तीन साल बाद 2020 में डोडा गणेश ने भी ऐसा ही अनुभव साझा किया और रंगभेद के मुद्दे को उठाया।